✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 205 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 22 दिसम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



भारत का 'बाहुबली' रॉकेट क्रिसमस ईव पर होगा लॉन्च




## संक्षिप्त समाचार

### मेयर के पति पर एक लाख का इनाम

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** मोतिहारी की मेयर प्रीति कुमारी के पति और राजद नेता देवा गुप्ता की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। उनके ऊपर पुलिस ने एक लाख का इनाम रखा है। देवा गुप्ता पर हत्या, रंगदारी, जमीन कब्जा समेत 28 संगीन मामले दर्ज हैं। वे दो मामलों में फरार बताए जा रहे हैं। जिले के 100 अपराधियों की लिस्ट में देवा टॉप पर हैं। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने जिले में सक्रिय और फरार अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की है।

### कुएं में गिरा छात्र, मौत

**जहानाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** हुलासगंज थाना क्षेत्र के सुहानी बिगहा गांव में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में इंटरमीडिएट के छात्र की कुएं में गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान 16 साल के इंद्रजीत कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही हुलासगंज थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

### डीएलएड काउंसलिंग राउंड-दो की मेरिट लिस्ट जारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने रविवार को बिहार डीएलएड काउंसलिंग 2025 के दूसरे चरण की मेरिट सूची जारी कर दी है। जिन उम्मीदवारों ने काउंसलिंग के लिए पंजीकरण कराया था, वे अब आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर मेरिट लिस्ट देख सकते हैं। मेरिट सूची देखने और डाउनलोड करने के लिए उम्मीदवारों को रोल नंबर और जन्म तिथि जैसे लॉगिन विवरण दर्ज करने होंगे।

# विकसित भारत-जी राम जी विधेयक बना कानून, राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम जी विधेयक, 2025 को रविवार को अपनी मंजूरी दे दी है। इस स्वीकृति के साथ यह विधेयक अब कानून बन गया है। इस कानून के तहत ग्रामीण परिवारों को मिलने वाली वैधानिक मजदूरी रोजगार की गारंटी को बढ़ाकर अब एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 125 दिन कर दिया गया है। सरकार इसे ग्रामीण जीवन को मजबूत आधार देने वाला ऐतिहासिक कदम बता रही है। सरकार का कहना है कि वीबी-



जी राम जी कानून लागू होने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की कानूनी गारंटी पहले से ज्यादा मजबूत हो जाएगी। बता दें, इस बिल पर देत रात तक संसद में चर्चा चली थी। हंगामों के बीच इस बिल को ध्वनि मत से पारित कर दिया गया था। इस कानून के मुताबिक अब पात्र ग्रामीण परिवारों को साल में 125 दिन तक मजदूरी आधारित काम उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी होगी। इसका सीधा उद्देश्य गांवों में रहने वाले श्रमिकों, किसानों और भूमिहीन परिवारों की आय बढ़ाना और उन्हें आर्थिक सुरक्षा देना है। सरकार का कहना है कि इससे गांवों में गरीबी कम होगी और लोगों को अपने ही क्षेत्र में काम मिलेगा। सरकार का कहना है कि नए कानून का मकसद केवल रोजगार देना नहीं है बल्कि ग्रामीण समाज का समग्र सशक्तिकरण करना भी है। वीबी-जी राम जी के तहत समावेशी विकास को प्राथमिकता दी गई है ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक योजनाओं का **(शेष पृष्ठ 11 पर)**

## कमरे में बोरसी जलाने से दादी एवं चार माह की पोती की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले में दम घुटने से एक दादी और उसकी चार माह की पोती की मौत हो गई जबकि बच्चे की मां की हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हृदय विदारक घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना गया जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत दखिन गांव की है। मृतकों की पहचान 85 वर्षीय रेखा मालाकार और चार माह की मासूम आरोही मालाकार के रूप में हुई है। वहीं बहू रुपा मालाकार की तबीयत गंभीर रूप से बिगड़ गई जिन्हें परिजनों ने तत्काल पास के अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका इलाज चल रहा है। परिजनों के अनुसार ठंड अधिक होने के कारण बीती रात घर के एक कमरे में तीन-चार बोरसी जलाकर दरवाजा और खिड़की बंद कर दी गई थी। उसी कमरे में दादी रेखा मालाकार, बहू रुपा मालाकार और चार माह की पोती आरोही सो रही थीं। देर रात कमरे में धुआं भरता चला गया जिससे सभी की हालत बिगड़ गई। सुबह जब काफी देर तक कमरे से कोई हलचल नहीं हुई तो परिजनों ने आवाज लगाई लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद दरवाजा तोड़कर जब परिजन कमरे के अंदर पहुंचे तो दादी और पोती मृत अवस्था में मिलीं जबकि बहू रुपा मालाकार अचेत पड़ी हुई थीं। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की सूचना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं परिजनों ने मृतकों का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है।

## 26 दिसंबर से महंगा होगा रेल का सफर, बढ़ेगा किराया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने रेल यात्रियों के लिए बड़ा एलान किया है। 26 दिसंबर 2025 से ट्रेनों के किराए में संशोधन लागू होने जा रहा है। इस फैसले का असर देशभर के करोड़ों यात्रियों पर पड़ेगा। हालांकि रेलवे ने छोटी दूरी की यात्रा करने वालों को राहत देते हुए 215 किलोमीटर तक के सफर पर किराया न बढ़ाने का फैसला किया है। दैनिक यात्रियों के हित में उपनगरीय ट्रेनों और मासिक सीजन टिकटों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। रेलवे के अनुसार साधारण श्रेणी में 215 किलोमीटर तक की यात्रा पर कोई अतिरिक्त किराया नहीं लिया जाएगा। इससे रोजाना सफर करने वाले यात्रियों और छोटी दूरी के यात्रियों की जेब पर कोई बोझ नहीं पड़ेगा। रेलवे का कहना है कि यह फैसला आम यात्रियों को ध्यान में रखकर लिया गया है। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि 215 किलोमीटर से अधिक दूरी की यात्रा पर साधारण श्रेणी में एक पैसा प्रति किलोमीटर, जबकि मेल/एक्सप्रेस और एसी श्रेणियों में 2 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी। उदाहरण के तौर पर करीब 1000 किलोमीटर की दूरी में जन साधारण एक्सप्रेस (नॉन-एसी) से यात्रा करने पर करीब 10 रुपये अतिरिक्त देने होंगे। वहीं संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस, वंदे भारत और राजधानी जैसी प्रीमियम ट्रेनों में सफर करने पर यात्रियों को 20 रुपये अधिक चुकाने होंगे।

## समृद्धि हासिल करने के लिए भारत को अपने सांस्कृतिक मूल्यों में फिर से करना होगा निवेश : एचएम बांगड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नवाचार, आत्मनिर्भरता और समृद्धि विषय पर आधारित दो दिवसीय वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम 2025 का औपचारिक उद्घाटन शुक्रवार को मुंबई में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने किया। उद्घाटन सत्र में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, डब्लूएचइएफ के संस्थापक स्वामी विज्ञानानंद, आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश शर्मा, श्री सीमेंट लिमिटेड के चेयरमैन हरि मोहन बांगुर तथा जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन सज्जन जिंदल सहित देश के प्रमुख उद्योगपति, नीति-निर्माता, स्टार्टअप संस्थापक, बिजनेस लीडर्स और निवेशक उपस्थित



रहे। उद्घाटन दिवस का एक प्रमुख आकर्षण हरि मोहन बांगड़ का संबोधन रहा। इस अवसर पर उन्होंने महाराष्ट्र में 2,000 करोड़ के निवेश के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को एक आशय पत्र भी सौंपा। भारतीय आर्थिक चिंतन की नैतिक आधारशिला पर प्रकाश डालते हुए श्री बांगुर **(शेष पृष्ठ 11 पर)**

## सीएम नीतीश दिल्ली गये, पीएम मोदी व अमित शाह से मुलाकात संभव

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधान सभा चुनाव में भारी जीत के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को पहली बार नई दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक़ वह अपनी आंख का इलाज कराने के लिए दिल्ली गए हैं। इस दौरान श्री कुमार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से भी मुलाकात करेंगे। बताया यह भी जा रहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने स्वास्थ्य के रुटीन चेकअप के लिए दिल्ली गए हैं। इस संबंध में राजनीतिक जानकारों का कहना है कि इस यात्रा के दौरान मुख्य रूप से भाजपा और जदयू के बीच आगामी राजनीतिक रणनीतियों पर चर्चा होगी। बिहार की सियासत में इन दिनों बड़े बदलाव की सुगबुगाहट तेज हो गई है।

C M Y K

भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन के आगमन पर स्वागत की जोरदार तैयारी, कार्यकर्ताओं में उत्साह

# नितिन नवीन के नेतृत्व में भाजपा देश में नई इबारत गढ़ेगा: संजय सरावगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने के बाद नितिन नबीन 23 दिसंबर को अपनी कर्मस्थली पाटलिपुत्र की ऐतिहासिक धरती पर पहुंचेंगे। उनके आगमन को लेकर भाजपा के कार्यकर्ताओं के अलावा पटना के लोगों में गजब का उत्साह है। बिहार भाजपा भी अपने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के स्वागत की तैयारी में है।



पटना के मिलर स्कूल में आयोजित होने वाले अभिनंदन समारोह को भव्य बनाने के लिए व्यापक तैयारी की जा रही है। बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी खुद समारोह स्थल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और जो भी कमियां थीं, उन्हें दूर करने के निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा भी साथ थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का अद्‌भुत और ऐतिहासिक स्वागत की तैयारी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन के स्वागत के लिए पटना की सड़कों के किनारे बड़े-बड़े पोस्टर और बैनर लगाए जा रहे हैं। पटना हवाई अड्डे से लेकर मिलर स्कूल के मैदान के बीच कई स्थानों पर तोरण द्वार लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों में भी इस बात को लेकर उत्साह है कि देश और दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जैसे सर्वोच्च पद पर बिहार का लाल पहुंचा है। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन के विधानसभा क्षेत्र बांकीपुर के लोग तो अपने विधायक के इंतजार में पलक पांवड़े बिछाए हुए उस समय का इंतजार कर रहे हैं जब वे अपने विधानसभा क्षेत्र में पहुंचेंगे। यहां के लोग अपने विधायक के स्वागत के लिए विशेष तैयारी में जुटे हुए हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने विश्वास जताते हुए कहा कि नितिन नबीन के नेतृत्व में भाजपा देश में नई इबारत गढ़ेगा। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में बिहार में भी भाजपा का संगठन सशक्त होगा और सशक्तिकरण की नई दिशा तय करेगा। इस क्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने भाजयुमो के पदाधिकारियों के साथ प्रदेश कार्यालय में बैठक की। बैठक के दौरान राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन के पटना पहुंचने पर स्वागत की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मोर्चा के अधिकारियों से इस स्वागत समारोह को ऐतिहासिक बनाने की अपील की।

'वैदेही सम्मान समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम' में शामिल हुए संजय सरावगी

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के सार्थक परिणाम के लिए समयबद्ध कार्यान्वयन जरूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के विद्यापति भवन में नारी सशक्तिकरण से जुड़ी संस्था 'अनुपम मुहिमक अनुपम डेग' के तत्वावधान में 'वैदेही सम्मान समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी भी शामिल हुए। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सरावगी ने कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के सार्थक परिणाम के लिए समयबद्ध कार्यान्वयन जरूरी है। इससे न केवल कलाकारों में दक्षता आएगी बल्कि समय के अनुसार उनकी कलाओं में निखार आएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से सकारात्मक कार्य वातावरण और 'लिविंग टुगेदर' की भावना विकसित होती है जो किसी भी





क्षेत्र में टीम वर्क के लिए जरूरी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से स्थानीय कलाकारों में छिपी हुई प्रतिभा निखरती है। कलाकारों को मंच के माध्यम से आगे बढ़ने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी छात्र-छात्राओं को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

नारी सशक्तिकरण से जुड़ी संस्था 'अनुपम मुहिमक अनुपम डेग' समाजसेवी अनुपम झा की संस्था है। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी द्वारा सम्मानित भी किया गया और उन्हें शुभकामनाएं भी दी गईं।

## आगामी चुनाव में पश्चिम बंगाल से ममता बनर्जी की विदाई तय: मंगल पाण्डेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के स्वास्थ्य व विधि मंत्री तथा भाजपा के पश्चिम बंगाल प्रभारीमंगल पाण्डेय ने कहा है कि आगामी विधान सभा चुनाव में पश्चिम बंगाल से ममता बनर्जी की विदाई तय है। उन्होंने कहा कि अगले साल होने वाले चुनाव में तृणमूल कांग्रेस के 'कुशासन' को भाजपा खत्म करेगी। तृणमूल की भ्रष्ट शासन, भाई-भतीजावाद और तुष्टिकरण की राजनीति ने पश्चिम बंगाल के विकास को रोक रखा है। जनता ने इस सरकार को बदलने का मन बना लिया है। श्री पाण्डेय ने कहा कि एस आई आर को लेकर जनता को भ्रमित करने वाली ममता बनर्जी पहले इसे ग़लत बताती रहीं और पश्चिम बंगाल में लागू न होने का दावा करती रहीं, लेकिन अंतिम दिन स्वयं फॉर्म भर



दिया। अगर एस आई आर की प्रक्रिया ग़लत थी, तो फॉर्म क्यों भरा गया? दरअसल अवैध वोटरों के सहारे सत्ता प्राप्ति का उनका एजेंडा अब फेल हो चुका है। उनकी दोहरी नीति और भ्रम फैलाने की राजनीति की पोल खुल चुकी है। जनता के बीच तृणमूल कांग्रेस की विश्वसनीयता पहले से ही ध्वस्त है। श्री पांडेय ने कहा कि पीएम श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि गंगा बिहार से होकर बंगाल में बहती है।

# अनजान लोगों से सोशल मीडिया पर दोस्ती न बढ़ायें : डीएसपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** एस के एम वी कॉलेज फतुहा के इंटर्नशिप कर रहे छात्र छात्राओं को वाणी पुस्तकालय फतुहा में डीएसपी अवधेश कुमार ने साइवर साइवर ठगों से बचने का कई महत्वपूर्ण सुझाव दिया। उन्होंने किसी भी अनजान लिंक को नही खोलने का सलाह देते हुये कहा कि मोबाइल खो जाने की स्थिति में थाना और बैंक को तुरंत सूचित करें। प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से पंद्रह दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम के पहले दिन डिजिल साक्षरता एवं साइवर सुरक्षा के विषय पर जानकारी देते हुये बताया कि सोशल मीडिया पर कभी भी निजी सूचना साझा नही करें। डिजिटल आरेस्ट, सेक्स स्टरॉक्सन, गिफ्ट के झांसे में नही आयें। मोबाइल चोरी



होने या खो जाने पर सिम के साथ बैंक अकाउंट को भी बंद करायें। किसी भी वेवसाइट पर आसानी से भरोसा नहीं करे उसका जांच परख करें । साइवर फ्रॉड होने पर तुरंत 1930 पर शिकायत दर्ज कराये । वही फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर इंजीनियर सुरजीत कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर कोई आपका फोटो का दुरूपयोग कर रहा हो तो पुलिस और परिजन के आवश्य बतायें। साइवर फ्रॉड होने पर डरे नही समय रहते साइवर थाना से सम्पर्क करें और सतर्कता बरतें। बिहार में साइवर क्रिमिनल रोज लोगों को ठगने का तरीका निकाल रहा है इससे बचने की जरूरत है युवा और बृद्ध जन अधिक शिकार हो रहे हैं। वही एसआई सोनी राय ने बताया कि फेसबुक, वाट्सप, इंस्टाग्राम में अनजान लोगों से दोस्ती न बढ़ाये और नही ओटीपी शेयर करें। विजली बिल , नौकरी के नाम पर कोई लिंक आये तो उसे टच मत करे आपका मोबाइल हैक हो सकता है। फेसबुक, वाट्सप, ईमेल पर डबल लॉक लगाये। वाणी पुस्तकालय के सचिव डॉ दयानंद प्रसाद ने सभी का स्वागत किया। मौके पर आनंद कुमार पाठक, भूषण प्रसाद, अविनाश पांडेय, माई भारत के स्वयंसेवक रवि प्रकाश, टीम लीडर सुरभि कुमारी, जूही कुमारी, अंजली कुमारी, सोनु कुमार, अंकीत कुमार, मोहित कुमार, मनीष कुमार समेत सैंकड़ो छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

## धार्मिक न्यास पर्षद के द्वारा प्रखरता दिवस के रूप में मनेगी अटल जी की जयंती

पंचरूपी हनुमान मंदिर पर होगा 1100 हनुमान चालीसा का पाठ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद की ओर से राजधानी के राजवंशी नगर स्थित पंचरूपी हनुमान मंदिर परिसर में देश के प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती प्रखरता दिवस के रूप में मना रहा है। इस आयोजन के बारे में पंचरूपी हनुमान मंदिर न्यास समिति के सदस्य व मीडिया समन्वयक आलोक कुमार ने बताया कि कार्यक्रम के उदघाट्न कर्ता भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री संजय सरावगी करेंगे जबकि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद प्रो. रणबीर नंदन होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर प्रबंध न्यास समिति के अध्यक्ष पूर्व आईपीएस अधिकारी राजीव रंजन करेंगे। आगत अतिथियों का स्वागत सचिव अतुल कुमार सिन्हा करेंगे। कार्यक्रम का संचालन न्यास के सदस्य मोहित प्रकाश करेंगे जबकि धन्यवाद ज्ञापन न्यास के सदस्य प्रेम कुमार करेंगे। कार्यक्रम के बारे में मीडिया समन्वयक ने बताया कि इस मौके पर 1100 हनुमान चालीसा का पाठ होगा और गरीब व्यक्तियों के बीच कंबल का वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम में आये लोग और अतिथि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनक व्यक्तिव पर चर्चा करेंगे।

## आरएसएसडीआई बिहार कांफ्रेंस के दूसरे दिन वैज्ञानिक सत्रों में उन्नत डायबिटीज प्रबंधन पर मंथन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना में आयोजित आरएसएसडीआई बिहार कांफ्रेंस के दूसरे दिन उत्कृष्ट वैज्ञानिक ज्ञान-विनिमय, क्लिनिकल अपडेट्स और बहुचर्चित पैनल डिस्कशनों का प्रभावशाली आयोजन हुआ। विशेषज्ञों ने डायबिटीज, हृदय, किडनी और मेटाबॉलिक रोगों के आधुनिक, साक्ष्य-आधारित और रोगी-केंद्रित प्रबंधन पर विस्तृत विचार साझा किए। विशेषज्ञों ने एसजीएलटी2 इनहिबिटर्स टीरजेपाटाइड प्रिसिजन डायबिटीज मेडिसिन, बेसल व प्रैंडियल इंसुलिन रणनीतियों की भूमिका, व्यक्तिगत डाइटिंग, व्यायाम,




मोटापा-केंद्रित उपचार और प्रारंभिक वजन घटाव के महत्व को रेखांकित किया। एचबीए1सी की प्रासंगिकता पर गहन बहस हुई, जबकि इम्पा-किडनी अध्ययन के आधार पर सीकेडी प्रबंधन की नई संभावनाएं प्रस्तुत की गईं। हॉल-बी में आयोजित पैनल चचाओं में डायबिटिक फुट, जेस्टेशनल डायबिटीज, न्यूरोपैथी, रेटिनोपैथी, हाइपरटेंशन और पोषण से जुड़े विषयों पर व्यावहारिक समाधान सामने आए। वक्ताओं ने समय पर निदान, मल्टीडिसिप्लिनरी प्रबंधन और जागरूकता को जटिलताओं से बचाव का प्रभावी माध्यम बताया। दिन का समापन क्विज, गवर्निंग काउंसिल मीटिंग और वैलिडिक्टरी समारोह के साथ हुआ जिसने यह सिद्ध किया कि आरएसएसडीआई बिहार वैज्ञानिक उत्कृष्टता और आधुनिक डायबिटीज देखभाल को नई दिशा दे रहा है। एम पी जैन ने बताया कि मौके पर डॉ अतुल कुमार, डॉ सुरेन्द्र कुमार, डॉ सुभाष कुमार, डॉ शैबाल गुहा, डॉ आनन्द शंकर, डॉ मनोज कुमार सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित थे।

बिहार भाजपा अध्यक्ष ने विपक्ष से पूछा सवाल - एसआईआर से परेशान क्यों?

# जनता गलत जानकारी फैलाने वालों को छोड़ने वाली नहीं: भाजपा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी ने आज विपक्ष के एसआईआर के विरोध किए जाने को लेकर कहा कि आज से पहले भी देश में एसआईआर हुए हैं, लेकिन विपक्ष ने सवाल नहीं उठाया। आखिर ऐसा क्या कारण है कि वे आज इस मामले पर इतने परेशान हैं।

पटना में मीडिया से बातचीत में भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि पहले उन्होंने फर्जी वोटिंग करवाई थी और अब एसआईआर का विरोध कर रहे हैं। उनका साफ मकसद यह है कि बांग्लादेशियों के नाम वोटर लिस्ट से न हटें और घुसपैठिए यहां वोट देते रहें। उन्होंने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता ने चुनाव से पहले बिहार में भी यह एसआईआर का मुद्दा उठाया था, लेकिन जनता ने क्या किया? उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आजकल जनता गलत जानकारी फैलाने वालों को छोड़ने वाली नहीं है। पश्चिम बंगाल की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि वहां की राज्य सरकार भी एसआईआर का विरोध कर रही है क्योंकि उन्हें डर है कि घुसपैठियों और बांग्लादेशियों के नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में राहुल गांधी ने वोटर अधिकार यात्रा निकाली, लेकिन जनता ने सूपड़ा साफ कर दिया। अब वे जाग जाएं। एसआईआर पर गलत बात करना छोड़ दें, नहीं तो आगे पश्चिम बंगाल और असम में भी सूपड़ा साफ हो जाएगा। बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि चुनाव आयोग चाहता है कि घुसपैठियों के नाम काटे जाएं। विपक्ष के लोग इसका विरोध करते हैं। कांग्रेस ने देश को कलंकित करने का काम किया है। पाताल से लेकर आसमान तक लूटा है। भारत को परम वैभव तक पहुंचाने के लिए पीएम मोदी संकल्पित हैं। वे देश को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना चाहते हैं जबकि कांग्रेस ने देश का सोना तक गिरवी रख दिया था।

## जनसेवा के संकल्प के साथ मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी में विधायकों का संयुक्त सम्मान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी द्वारा रविवार को सोसाइटी परिसर में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पटना क्षेत्र के नव-निर्वाचित विधायकों श्याम रजक, रत्नेश कुशवाहा एवं संजय गुप्ता को संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में उपस्थित सोसाइटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने तीनों विधायकों का अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिहन प्रदान कर अभिनंदन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य एवं क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए शुभकामनाएं दीं। मौके पर विधायक रत्नेश कुशवाहा ने मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी द्वारा स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए




इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। वहीं विधायक संजय गुप्ता ने कहा कि मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी उनके क्षेत्र में स्थित है और इसके विकास एवं विस्तार के लिए वे हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे। इस अवसर पर सोसाइटी के साथ निरंतर सहयोग करने वाले 32 पारिवारिक आजीवन सदस्यों को भी उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा सम्मानित किया गया। एम पी जैन ने बताया कि कार्यक्रम में सोसाइटी के संस्थापक अध्यक्ष महावीर अग्रवाल, अध्यक्ष डॉ राधेश्याम बंसल, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल, उपाध्यक्ष संजय भलोटिया एवं घनश्याम अग्रवाल, सचिव दिनेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुजीत सिंघानिया, गणेश खेतड़ीवाल सहित पदाधिकारी, सदस्यगण एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## समरसता के लिए आर्ट ऑफ लिविंग ने मनाया विश्व ध्यान दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** आधुनिक युग के इस अशांति तनाव और कोलाहल पूर्ण माहौल में ध्यान के द्वारा ही मन को शांत और संयमित किया जा सकता है। ध्यान के माध्यम से ही मानसिक शांति और बाहरी सामंजस्य संभव है। इसी उद्देश्य के साथ संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित, विश्व का दूसरा ध्यान दिवस आज एक वैश्विक क्रांति के रूप में पूरे विश्व में मनाया गया। एक ही समय पर पूरे विश्व के करोड़ों लोग गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर के नेतृत्व में एक साथ मिलकर ध्यान करना अद्‌भुत और अकल्पनीय अनुभव रहा। विश्व ध्यान दिवस पर आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा आयोजित 'विश्व करेगा ध्यान गुरुदेव



के साथ' कार्यक्रम के अंतर्गत पूरे बिहार के आर्ट ऑफ लिविंग केन्द्रों से एवं अपने घरों से लाखों लोगों ने एक साथ गुरुदेव के साथ ध्यान किया। आज इस अवसर पर पटना में मुख्य कार्यक्रम बिहार विधानसभा के प्रांगण में संचालित किया गया जहां मेयर सीता साहू सहित सैकड़ों लोग आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा संचालित ध्यान शिविर में शामिल हुए।

## एएमयू एलुमनी एसोसिएशन ने किया शोक सभा का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** एएमयू एलुमनी एसोसिएशन, बिहार-पटना की ओर से शोक सभा का आयोजन अत्यंत गंभीर, शांत एवं प्रार्थनामय वातावरण में किया गया। यह शोक सभा स्व. ज्योत्सना वर्मा–धर्मपत्नी स्वर्गीय के एन. वार्षणे साहब (अलीगढ़ मुस्लिम विश्विवद्यालय के स्वर्ण पदक विजेता यांत्रिक अभियंता, एसोसिएशन के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व महासचिव) तथा स्वर्गीय जया देवी, एसोसिएशन के मीडिया सचिव संजय कुमार की पूज्य माता के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करने हेतु आयोजित की गई।

सभा का शुभारंभ दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु मौन प्रार्थना एवं दो मिनट के मौन से किया गया। उपस्थित सदस्यों ने



श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें भावभीनी स्मृति में नमन किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष, अधिवक्ता नदीम सेराज ने सभा को संबोधित करते हुए इस अपूरणीय क्षति पर गहरा दुःख व्यक्त किया। उन्होंने स्वर्गीय वार्ष्णे साहब के एएमयू एलुमनी एसोसिएशन के प्रति अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनके जीवन में परिवार का सहयोग सदैव प्रेरणास्रोत रहा। साथ ही उन्होंने एसोसिएशन के मीडिया सचिव संजय कुमार के सतत सहयोग और समर्पण की भी सराहना की। वरिष्ठतम अलीग सज्जाद साहब एवं सैयद काजिम हुसैन ने अपने विचार रखते हुए एएमयू बिरादरी की पहचान–एकता, करुणा और भाईचारे–पर प्रकाश डाला तथा वर्मा परिवार एवं संजय कुमार के परिवार के सम्मानजनक स्थान को स्मरण किया।

## टेंडर हर्ट्स इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने किया लघु फिल्म का निर्माण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिन के अवसर पर राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में टेंडर हर्ट्स इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा एक लघु फिल्म का निर्माण किया गया। इस फिल्म के निर्माता एवं निर्देशक अनुपम मंगलम, लेखक गजानन महतपुरकर, सह-निर्माता राजीव भार्गव तथा एंकर यश मंगलम हैं। फिल्म के प्रीमियर शो का उद्घाटन प्रोफेसर अरविंद रंजन दास द्वारा किया गया। इस अवसर पर दीप प्रज्वलन में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका एवं लायंस क्लब पटना



संस्कृति की अध्यक्ष शिवानी भार्गव, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रदीप खेतान लायन रचना खेतान सचिव लायन रोहित शंकर, डॉ. लायन रवि भार्गव, बिहार स्टेट पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन अशोक मेहता सहित राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी योगेश गुप्ता, समाजसेवी नीरज गुप्ता, जाने-माने बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रवण कुमार, डॉ. चिरंजीव दुबे , लायन सोनिया, ऋषिकेश एवं श्रीमती ऋषिकेश अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# गांधी मैदान में ज्ञान, संस्कृति और परंपरा का महोत्सव: मगध पुस्तक मेला 23 से

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया जी।** मगध की ऐतिहासिक धरती एक बार फिर साहित्य, कला और संस्कृति के भव्य उत्सव की साक्षी बनने जा रही है। मगध पुस्तक मेला सह सांस्कृतिक महोत्सव 2025 का आयोजन 23 दिसंबर 2025 से 2 जनवरी 2026 तक ऐतिहासिक गांधी मैदान, गयाजी में किया जाएगा। इस बहुप्रतीक्षित आयोजन की तैयारियों को लेकर रविवार को गांधी मैदान में प्रेस वार्ता का आयोजन हुआ, जिसमें आयोजन की थीम, उद्देश्य




और प्रमुख आकर्षणों की जानकारी साझा की गई है। प्रेस वार्ता की अध्यक्षता शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय कुमार करण ने की है। संरक्षण सदस्य के रूप में डॉ. जावेद यूसुफ मौजूद रहे। इस पुस्तक मेला के मार्गदर्शक सदस्यों में अनंत धीश अमन, विनय वर्मा और रूद्र आनंद शामिल हुए हैं। कार्यक्रम संयोजक विवेक कुमार, कार्यक्रम पदाधिकारी मनीष कुमार और कार्यक्रम समन्वयक ममता कुमारी ने आयोजन की विस्तृत रूपरेखा रखी। इस अवसर पर कार्यक्रम सहयोगी गौरव आनंद, रविरंजन निलय, राहुल कुमार, सुशील कुमार, उज्जवल कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। गैलेंट इंडिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस महोत्सव की थीम 'ज्ञान की संस्कृतिः पुस्तक, परंपरा, प्रकृति' रखी गई है। आयोजकों ने बताया कि यह मेला केवल पुस्तकों की खरीद-बिक्री तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह ज्ञान, सांस्कृतिक मूल्यों और पर्यावरणीय चेतना का समावेशी मंच बनेगा। संस्था वर्षों से शिक्षा, नैतिक मूल्यों, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक जागरूकता के लिए कार्य कर रही है। इसी क्रम में बच्चों, युवाओं और महिलाओं को केंद्र में रखकर विविध रचनात्मक व संवादात्मक कार्यक्रम तय किए गए हैं। महोत्सव में स्थापित थीम पवेलियन विशेष आकर्षण होगा।

# गोली कांड मामले में नया मोड, गांजा और लेनदेन को लेकर चली थी गोली



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ी गोला (रोहतास)।** जिले के अकोढ़ी गोला थाना क्षेत्र के पकड़िया गांव में बीते 9 तारीख को पकड़िया गांव में गोली चली थी इस मामले में तीन लोगों की सूर्या डॉन, राधा पासवान, विमलेश सिंह की गिरफ्तारी भी हुई थी। इस मामले में एएसपी सह डिहरी एसडीपीओ वन अतुलेश झा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि मामले का उद्भेदन और अनुसंधान के क्रम में कांड में संलिप्त अप्राथमिक अभियुक्त अजय यादव ग्राम निरंजन पुर थाना नटवार और संजीत कुमार ग्राम चांदा बीघा थाना अकोढ़ी गोला तथा विनोद कुमार थाना दावथ तीनों रोहतास जिले के रहने वाले से पूछताछ में बताया कि ग्राम पकड़िया में गोलीबारी की घटना का कारण हमारे एवं मेरे दोस्त ऋतिक कुमार के बीच 130 किलो गांजा को लेकर तथा उसका हिसाब किताब नहीं करने के कारण फायरिंग की घटना हुई थी जिसमें सूर्या डॉन के द्वारा गंजा दिलाने के बदले रुपयों को लेकर के बीते 8 तारीख को रितिक कुमार के घर पर हथियार के साथ गए थे, लेकिन रितिक कुमार घर पर नहीं था जिसके बाद 9 तारीख को दूसरी बार ये लोग पकड़िया पहुंचे और पकड़िया गांव में गोलीबारी की गई। इन सभी को गिरफ्तार करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में दो स्मार्टफोन एक मोटरसाइकिल की बरामदगी हुई है। इन सभी का अपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। मौके पर पूर्व थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार वर्तमान थाना अध्यक्ष राकेश गोसाई सहित थाने के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस अभियान में पांच गिरफ्तार, 72 लीटर शराब जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**भभुआ।** कैमूर पुलिस के अभियान में पांच गिरफ्तार किए गए जबकि दुर्गावती थाना में शराब जब्त किया गया। दुर्गावती थाना अंतर्गत ग्राम कबिलासपुर स्थित रामगढ़ रोड से 61.56 लीटर देशी एवं 11.625 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। कुदरा थाना अंतर्गत शराब सेवन में दो अभियुक्त बबन बैठा, पे. स्व. बेचन बैठा, साकिन मेउडा और ओम नमः नारायण, पे. राजेंद्र राम सकिन खरहना, थाना कुदरा, जिला कैमूर को गिरफ्तार कर न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेजा गया। चांद थाना अंतर्गत शराब सेवन में अभियुक्त अरविंद सिंह, पिता तलूका सिंह, ग्राम हमीरपुर, थाना चांद, जिला कैमूर को गिरफ्तार कर न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेजा गया। सोनहन थाना अंतर्गत वारंटी रमेश रजक, पिता स्व0 अतवारू रजक, ग्राम मिव, थाना सोनहन, जिला कैमूर को गिरफ्तार कर न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेजा गया। चांद थाना अंतर्गत दो वांरटी तेजु बिंद, पेदर स्व मुराहु बिंद और गोलू कुमार, पिता दीनबंधु बिंद दोनों साकिन शहवाजपूर, थाना- चांद, जिला-कैमूर को गिरफ्तार कर न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेजा गया। दुर्गावती थाना अंतर्गत ग्राम कबिलासपुर स्थित रामगढ़ रोड से 61.56 लीटर देशी एवं 11.625 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया।

# डिहरी ऑन-सोन में हिफ्ज व दीनि शिक्षा पूर्ण करने वाली 70 छात्राओं की दस्तारबंदी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय नील कोठी में डिहरी मदरसा रुहुल मुस्लिम के तत्वावधान में भव्य दस्तारबंदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिफ्ज व दीनि शिक्षा पूर्ण करने वाली 70 छात्राओं की दस्तारबंदी की गई। कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रतिष्ठित उलेमा-ए-किराम की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मौलाना खालिद नदवी (गाजीपुर/लखनऊ) एवं विशिष्ट अतिथि मौलाना मोहम्मद तबरेज आलम (हैदराबाद) रहे। इसके अलावा मौलाना कारी मोहम्मद मंजर अखिल रहमानी, मौलाना गुलाम रसूल कासमी (यूपी), मौलाना निशांत अख्तर नदवी (रांची), मौलाना अफजल हुसैन (डिहरी), मौलाना साजिद नवी (डिहरी), कारी सईदुल्ला (डिहरी), मुफ्ती अशरफ साहब (डिहरी) तथा कारी मुनव्वर (डिहरी) ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। अतिथियों ने छात्राओं को मुबारकबाद देते हुए कहा कि हिफ्ज और दीनि तालीम समाज को नैतिकता, अनुशासन और सदाचार की राह दिखाती है। उन्होंने छात्राओं से ज्ञान के साथ-साथ अच्छे आचरण को जीवन में अपनाने की अपील की। मदरसा रुहुल मुस्लिम की इंतजामिया कमेटी के सदर जब मुमताज अंसारी, मोहम्मद रिजवान अंसारी, गुलजार अली अख्तर सहित सामाजिक कार्यकर्ता अतहर इमाम, अख्तर अंसारी, अली अनवर, जहांगीर आलम, मिंटू, लड्डू, पप्पू, मिथुन, अताउल समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, उलेमा और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# योगासन अस्तित्व के स्तरों को समाहित करता है : डीआईजी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**डिहरी ऑन-सोन।** शाहाबाद पर प्रेक्षेत्र के डीआईजी डा सत्य प्रकाश ने रविवार शाम स्थानीय अरविंद सोसाइटी में आठ दिवसीय योगाभ्यास शिविर का उद्घाटन करते हुए कहा कि योगासन अस्तित्व के सभी स्तरों को समाहित करता है। शारीरिक प्राणिक, मानसिक, आध्यात्मिक और किसी एक को अलग नहीं करता है। उन्होंने कहा कि श्री अरविंद का समग्र योग एक संपूर्ण आध्यात्मिक मार्ग है जिसका लक्ष्य केवल मोक्ष पाना नहीं बल्कि जीवन के सभी पहलुओं शरीर, प्राण, मन और आत्मा का दिव्य रूपांतरण करके पृथ्वी पर दिव्य जीवन स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि यह व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ पूरी मानवता के उत्थान पर केंद्रित है जिसमें सांसारिक जीवन को छोड़कर नहीं बल्कि उसमें रहते हुए चेतना के उच्च स्तर सुपर माइंड तक पहुंचाना और उसे प्रकट करना है। डीआईजी ने श्री अरविंद सोसायटी द्वारा 33 वर्षों से योग शिविर आयोजित कर लोगों को जागृत करने के लिए प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि श्री अरविंद स्वयं एक योगी थे उन्होंने केवल दार्शनिक सिद्धांतों का ही प्रतिपादन किया है। बल्कि एक विशेष साधन मार्ग का भी वे प्रतिपादन करते हैं। भारतीय दर्शन में सैद्धांतिक पक्ष के साथ-साथ व्यवहारिक साधन पक्ष का एक अनुच्छेद संपर्क रहता है। इस साधन पक्ष को ही हमारी परंपरा में योग कहा जाता है। योग शिविर का उद्घाटन डीआईजी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने श्री अरविंद के रेलिक्स का दर्शन किया। मध्य प्रदेश के रीवा से आई योग शिक्षिका डा इंदू सिंह ने योग का प्रशिक्षण दिया। संजय श्रीवास्तव, गोपाल अंबेडकर, वेणुगोपाल ने वंदे मातरम व भजन गाकर लोगों को मंत्र मुग्ध किया। स्थानीय समिति की अध्यक्ष ज्योति उपाध्याय ने स्वागत किया। वरिष्ठ साधक विनोद मारोदिया ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर डा. संगीता सिंह ने समिति के गतिविधियों से अवगत कराया। सचिन सिद्धेश्वर प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मौके पर डा विजय कुमार सिंह, वरिष्ठ पत्रकार उपेन्द्र मिश्रा,अरविंद शर्मा नंदकिशोर समेत भारी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

# ई-केवाईसी नहीं तो राशन बंद

## कोचस में 48 हजार, करगहर में एक लाख पर संकट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचस (रोहतास)।** सरकारी राशन योजना के अंतर्गत राशन कार्डधारकों के लिए आधार सीडिंग यानी ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। विभाग ने इसके लिए 30 दिसंबर 2025 तक की अंतिम तिथि तय की है। निर्धारित समय सीमा के भीतर ई-केवाईसी नहीं कराने वाले लाभार्थियों का नाम राशन कार्ड से हटा दिया जाएगा जिससे उन्हें भविष्य में सरकारी राशन का लाभ नहीं मिल सकेगा। आपूर्ति विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोचस प्रखंड में करीब 48 हजार लाभार्थियों की ई-केवाईसी अब तक लंबित है। वहीं करगहर प्रखंड में लगभग एक लाख ऐसे लाभार्थी हैं जिन्होंने अब तक ई-केवाईसी नहीं कराई है जबकि वे सरकारी राशन योजना के तहत राशन उठा रहे हैं।

इस संबंध में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सुरभि राज ने बताया कि ई-केवाईसी सभी राशन कार्डधारकों के लिए अनिवार्य है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि जिन लाभार्थियों की ई-केवाईसी 30 दिसंबर 2025 तक पूरी नहीं होगी, उनका नाम राशन कार्ड से हटा दिया जाएगा। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने लाभार्थियों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने स्मार्टफोन के माध्यम से स्वयं ई-केवाईसी कर सकते हैं। इसके अलावा जिन लोगों को ऑनलाइन प्रक्रिया में कठिनाई हो रही है, वे अपने नजदीकी जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) डीलर के यहां जाकर ई-केवाईसी करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि ई-केवाईसी की प्रक्रिया 30 दिसंबर 2025 तक संचालित रहेगी। सभी लाभार्थियों से समय रहते आधार सीडिंग (ई-केवाईसी) सुनिश्चित कराने का आग्रह किया गया है। ताकि राशन वितरण में किसी तरह की समस्या उत्पन्न न हो।

# सोन नदी तट पर मंगल आरती व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

## एनीकट पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, भक्तिमय हुआ माहौल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** रविवार को सोन नदी तट स्थित एनीकट पर सोन नदी मंगल आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति से पूरा क्षेत्र दीपों की रोशनी, मंत्रोच्चार और भक्ति गीतों से भक्तिमय हो उठा। सोन नदी आरती की शुरुआत सामाजिक कार्यकर्ता पंकज कुमार गुप्ता की पहल पर की गई थी। उन्होंने बताया कि पहले इस तरह की नियमित आरती की कोई परंपरा नहीं थी, लेकिन उनकी पहल से शुरू हुआ यह आयोजन अब धीरे-धीरे जनआंदोलन का रूप ले चुका है। आरंभ में सीमित संख्या में लोग शामिल होते थे, किंतु सोशल मीडिया और समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी फैलने के बाद अब शहर के विभिन्न इलाकों से श्रद्धालु हर रविवार सोन नदी आरती में भाग लेने पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता व कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, धार्मिक विचारधारा से जुड़े लोग तथा बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। दीपों की रोशनी, घंटियों की ध्वनि और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को पूरी तरह आध्यात्मिक बना दिया। आरती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पंकज कुमार गुप्ता ने कहा कि हिंदू संस्कृति में आरती का विशेष स्थान है। इससे मन में भक्ति, श्रद्धा और ईश्वर के प्रति आस्था बढ़ती है, मानसिक शांति मिलती है तथा नकारात्मक विचारों में कमी आती है। उन्होंने कहा कि सामूहिक आरती से नदियों के प्रति सम्मान की भावना विकसित होती है और स्वच्छता, जल संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी समाज तक पहुंचता है। सोन नदी आरती को लेकर श्रद्धालुओं में लगातार बढ़ता उत्साह यह दर्शाता है कि यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता, सांस्कृतिक विरासत और पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती प्रदान कर रहा है। कार्यक्रम में आयोजक ज्योति कुमारी, सोन नदी आरती के संस्थापक पंकज कुमार गुप्ता, कार्यक्रम अध्यक्ष राजन गुप्ता, मंच संचालक अरविंद भारती, दीप प्रभारी गंगा देवी, नित्य प्रभारी आदित्य शर्मा, प्रियांशु पांडे, गीत संचालक प्रकाश श्रीवास्तव, सचिन मोहित गुप्ता सहित राकेश गुप्ता, गौरव रावत, रवि राय, अरुण भारती, अरुण सिंह, मैरोनमा गुप्ता, शोभा सिंह, रंजू सिंह, शकुंतला सिंह एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# करमचट पुलिस ने महुआ भट्ठियां, तीन हजार लीटर जावा महुआ किया नष्ट



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर(कैमूर)।** करमचट थाना क्षेत्र के पहाड़ी इलाके में पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। दुर्गावती नदी के किनारे देसी महुआ शराब बनाए जाने की गुप्त सूचना पर छापेमारी की गई। इस अभियान में सात अवैध महुआ शराब भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया गया और 3000 लीटर से अधिक अर्धनिर्मित जावा महुआ नष्ट किया गया। करमचट थाना प्रभारी पंकज कुमार पासवान ने बताया कि उन्हें थाना क्षेत्र के पहाड़ी और नदी किनारे के इलाकों में अवैध महुआ शराब निर्माण की लगातार सूचनाएं मिल रही थीं। सूचनाओं के सत्यापन के बाद एक पुलिस टीम का गठन किया गया। यह छापेमारी इब्राहिमपुर गांव के दुर्गावती नदी किनारे और भीतरीबांध गांव के बहेरा सिवाना क्षेत्र में दुर्गावती नदी के तट पर की गई। थाना प्रभारी के अनुसार दोनों स्थानों पर कुल सात महुआ शराब भट्ठियां संचालित पाई गईं जिन्हें 3000 लीटर जावा महुआ मौके पर विनष्ट किया गया। पुलिस के पहुंचने से पहले ही शराब कारोबारी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि फरार शराब कारोबारी की पहचान की जा रही उनके खिलाफ जल्द ही प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी की जाएगी।

# चार चोर गिरफ्तार, संलिप्तता स्वीकारी

## एएसपी सह बिक्रमगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने की प्रेसवार्ता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नासरीगंज (रोहतास)।** एएसपी सह बिक्रमगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संकेत कुमार ने रविवार को अपने कार्यालय कक्ष में प्रेसवार्ता की। प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि 17 दिसंबर की रात्रि करीब 13.15 बजे सूचना प्राप्त हुई कि काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सर्वानंद डिहरी निवासी वादी शंकर दयाल सिंह पिता मानकी सिंह बैंक से पैसा निकाल कर नासरीगंज बाजार करने आये हुए थे। उसी क्रम में उनके मोटरसाइकिल के डिक्की में रखा 50 हजार रुपया चोरी करने की घटना घटित हुई है। उक्त सूचना के संबंध में वादी शंकर दयाल सिंह पिता मानकी सिंह ग्राम सर्वानंद डिहरी के लिखित आवेदन के आधार पर मोटरसाईकिल की डिक्की का ताला तोड़कर 50 हजार रुपये चोरी करने के आरोप में अंकित किया गया है। कहा कि नासरीगंज थाना कांड संख्या 433/25 के आलोक में सुसंगत धारा -303(2)/317(5) बीएनएस के विरूद्ध दो नामजद अभियुक्तों द्वारा वादी के मोटरसाइकिल की डिक्की का ताला तोड़कर 50 हजार रुपये चोरी करने के आरोप में दर्ज किया गया है। उक्त सूचना प्राप्त होने के पश्चात नासरीगंज थाना के पु0नि0- सह-थानाध्यक्ष अविनाश कुमार, अपर थानाध्यक्ष सुबोध कुमार तथा पुअनि राहुल कुमार, नासरीगंज थाना तथा पुलिस बल की त्वरित कार्रवाई के तहत गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में सुमित कुमार उर्फ शिमो यादव उम्र 21 वर्ष पिता गणित यादव एवं अभय कुमार उर्फ नैन्शु कुमार उम्र 19 वर्ष पिता रोबिन यादव दोनों ग्राम जुराबगंज थाना कोढ़ा जिला कटिहार से पूछताछ किया गया। पूछताछ के क्रम में रोहतास जिला के अन्य थानों में हाल-फिलहाल में घटित कुछ घटनाओं में इन दोनों के द्वारा अपनी संलिप्तता स्वीकार की गई। इनके द्वारा रोहतास जिला के बिक्रमगंज, आयरकोठा, कोचस और नासरीगंज थाना में विभिन्न कांडों में भी अपनी संलिप्तता को स्वीकार किया गया। उन्होंने कहा कि नासरीगंज थाना कांड संख्या 433/25 में गिरफ्तार अभियुक्त सुमित कुमार उर्फ शिमो यादव उम्र 21 वर्ष पिता गणित यादव एवं अभय कुमार उर्फ नैन्शु कुमार उम्र 19 वर्ष पिता रोबिन यादव दोनों ग्राम जुराबगंज थाना कोढ़ा जिला कटिहार द्वारा अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर निम्न कांडों में बरामदगी की गई। बताया कि कोचस थाना कांड संख्या 290/25 के आलोक में सुसंगत धारा-134/303(2) भा0 न्या0सं0 के अन्तर्गत 80 हजार एवं नासरीगंज थाना कांड संख्या 433/ 25 के आलोक में सुसंगत धारा 303 (2)/317 (5) बीएनएस में त्वरित कार्रवाई के तहत चोरी गए 50 हजार रुपये व एक पल्सर बाइक 220 अपराधकर्मी के पास से बरामद हुई जो कि सत्यापन के क्रम में चोरी का पाया गया है।

# नव वर्ष से पहले रामगढ़ में 30 लाख की शराब जब्त, आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने नए साल से पहले शराब तस्करों के मंसूबों पर पानी फेरते हुए बड़ी कार्रवाई की है। रामगढ़ थाना क्षेत्र के सराय गांव स्थित एक सरकारी ट्यूबवेल से पुलिस ने करीब 30 लाख रुपए मूल्य की 2990 लीटर अवैध शराब जब्त की है। इस कार्रवाई में शराब ढुलाई में प्रयुक्त दो वाहनों को भी जब्त किया गया है जबकि एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले के टंडवा थाना पुलिस से मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई। सूचना थी कि उत्तर प्रदेश से शराब चोरी कर सराय गांव में छुपा कर रखी गई है जिसे नए वर्ष के मौके पर खपाने की योजना थी। सूचना के सत्यापन के दौरान पुलिस ने सरकारी ट्यूबवेल परिसर से भारी मात्रा में शराब बरामद की। मोहनियां डीएसपी प्रदीप कुमार ने बताया कि रामगढ़ थानाध्यक्ष को टंडवा थानाध्यक्ष द्वारा सूचना दी गई थी। जांच के दौरान कुल 2990 लीटर शराब बरामद की गई है। इस मामले में अविनाश कुमार नामक एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है जबकि चार अन्य आरोपियों की पहचान हुई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी टीम गठित की गई है। डीएसपी ने बताया कि इस पूरे मामले में उत्तर प्रदेश के एक शराब ठेकेदार का नाम भी सामने आ रहा है जिसकी भूमिका की जांच की जा रही है।

# अकोढ़ी गोला थानाध्यक्ष बने पुलिस निरीक्षक राकेश गोसाईं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने पुलिस पदाधिकारी को विभिन्न थानों में पदस्थापित किया है। अकोढ़ीगोला राजपुर और चुटिया थाना में नए थाना अध्यक्ष बनाए गए हैं। पुलिस निरीक्षक राकेश गोसाई को पुलिस केंद्र डिहरी से थानाध्यक्ष अकोढ़ीगोला, पुलिस निरीक्षक कौशल किशोर शर्मा को विधि व्यवस्था गोपनीय शाखा से अंचल निरीक्षक शिवसागर, पुलिस अवर निरीक्षक उमूस सलमा को काराकाट थाना अनुसंधान इकाई से थानाध्यक्ष राजपुर तथा पुलिस अवर निरीक्षक रोहित कुमार को सूर्यपुरा थाना अनुसंधान इकाई से थाना अध्यक्ष चुटिया थाना में पदस्थापित किया है।

# बदली पुलिस की कार्यशैली, अब जनता दरबार में हो रहा समस्याओं का समाधान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के बेलाव थाना पुलिस द्वारा रविवार को थाना परिसर बेलाव में जनता की समस्याओं की सुनवाई एवं निवारण हेतु थाना अध्यक्ष चंद्रप्रभा के अध्यक्षता में विशेष जनता दरबार का आयोजन किया गया। कैमूर जिले में पुलिस और जनता के बीच की दूरी को कम करने और पारदर्शी कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने के लिए पुलिस आपके द्वार की तर्ज पर नई पहल शुरू की गई है।


**MAGADH DUGDH UTPADAK SAHKARI SANGH LTD.**

COMFED

H.0:-Katri hill Road, Gaya Ji -823001

Phone No. 0631-2221086, 2222005, : Fax 0631-2226379

**Web**:www.magadhmilkunion.in **Email:-** magadh.milkunion@gmail.com

**TENDER NOTICE**

**For appointing Transporter for SUDHA Brand Pouch Milk & Milk Products**

MAGADH DUGDH UTPADAK SAHKARI SANGH LTD. Gaya ji invites tender proposal from the interested and experienced individual/firm/agency / company for appointment of transporter for SUDHA Brand Pouch Milk & Milk Product in Daudnagar.

The interested bidder may download the Tender Document and detailed terms & conditions from our website www.magadhmilkunion.in and may submit their tender in sealed envelope/ cover super scribed as "Tender for appointment of Transporters for Daudnagar" through Speed Post/ Courier or by hand delivery to "MAGADH DUGDH UTPADAK SAHKARI SANGH LTD., Gaya Ji, Katri hill Road; Gaya Ji -823001 on and before 15.01.2026 till 5:30 PM super scribing "Tender for appointment of transporter for Daudnagar".

The undersigned reserves the right to reject any or all the tenders without assigning any reason thereof.

**Managing Director**


CMYK

## एक नजर

### पुलिसिया कार्रवाई में 33 गिरफ्तार

**नवादा।** जिले में अपराध और अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नवादा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। बीते 24 घंटे में विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई के दौरान कुल 33 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है, जबकि भारी मात्रा में देशी व विदेशी शराब, हथियार, वाहन एवं अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किया गया है। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार हत्या के प्रयास के मामले में 10, अवैध खनन में 1, अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार अधिनियम में 01, आर्म्स एक्ट में 01, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 04 तथा अन्य मामलों में 16 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 45 लीटर महुआ शराब एवं 86.625 लीटर विदेशी शराब जब्त की है। इसके अलावा 08 वारंटों का निष्पादन किया गया, जबकि वाहन जांच अभियान के दौरान 250 वाहनों की जांच कर 43,500 जुर्माना वसूला गया। नगर थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर अवैध हथियार रखने के आरोप में अभिषेक राज मांझी को एक देशी कट्टा एवं जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं बुंदेलखंड थाना क्षेत्र से अवैध बालू लदे ट्रैक्टर के एक ट्रेलर के साथ सुधीर कुमार को पकड़ा गया। सिरदला थाना पुलिस ने 45 लीटर महुआ शराब एवं एक मोटरसाइकिल के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया, जबकि नेमदारगंज थाना क्षेत्र से 86.625 लीटर विदेशी शराब के साथ एक आरोपी को दबोचा गया। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अपराध, अवैध शराब और खनन के खिलाफ अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा। आम जनता से अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**वारिसलीगंज (नवादा)।** थाना क्षेत्र के मोहद्दीपुर ग्रामीण बलराम यादव के 45 वर्षीय के पुत्र अशोक यादव की मौत शनिवार को ट्रेन की चपेट में आने से हो गई है। घटना किऊल गया रेल खंड के मोहिउद्दीनपुर गांव के पास से गुजरी रेलवे ट्रैक पर हुई। सूचना बाद घटना स्थल पर पहुंच स्थानीय पुलिस ने आधार कार्ड के आधार पर शव की पहचान कर परिजनों को घटना की सूचना दी गई। तपश्चात पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया।

### सरकारी मापी कर हटेगा अतिक्रमण

**वारिसलीगंज (नवादा)।** वारिसलीगंज नगर में सुंदर ड्रेनेज व्यवस्था को सुदृढ करने को ले बुडको द्वारा मुख्य सड़क में थाना चौक से सिमरीबीघा आरओबी तक नाला निर्माण की योजना के तहत शुक्रवार से सड़क के फुटपाथ की खुदाई शुरू की गई हैं। जिस पर तत्काल रोक लगा दी गई है। इस संबंध में अंचल अधिकारी और नगर कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि पहले मापी कर अतिक्रमण को हटा लेना है। तब सड़क किनारे नाला तथा बीच सड़क पर डिवाइडर का निर्माण होना है।हलांकि संबंधित संवेदक द्वारा बिना प्रशासन को सूचना दिए थाना चौक के पास पूर्व से बना नाली को हटा दिया जा रहा है।जहां अब बड़ा नाला का निर्माण किया जाएगा।परंतु इस प्रकार से नाला निर्माण होने पर सड़क और संकीर्ण होगी जिसकी चर्चा लोग करते देखे गए।वर्तमान स्थिति में डिवाइडर बनने पर वाहनों के परिचालन में कई स्थानों पर काफी दिक्कत आएगी। हलांकि सरकार की योजना शहर को चमकाने की है। अर्थात अतिक्रमण हटवाकर नाला का निर्माण होगी तब सड़क और चौड़ा हो जाएगा।अंचल अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि सड़क किनारे नाला निर्माण को ले खुदाई को तब तक रोका गया है। शनिवार से नापी करने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

### शीतलहर को लेकर प्रशासन ने की अलाव की व्यवस्था

**बिहारशरीफ।** जिलेभर में बढ़ती ठंड एवं शीतलहर की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी कुंदन कुमार के निदेशानुसार जिला आपदा प्रबंधन विभाग के तत्वाधान में सभी अंचलाधिकारियों के द्वारा विभिन्न प्रमुख चौराहों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की समुचित व्यवस्था की गई है। इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य आम जन, विशेषकर गरीब, असहाय, वृद्ध एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को कड़ाके की ठंड से राहत प्रदान करना है। सभी अंचलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अलाव की व्यवस्था की नियमित निगरानी करें एवं आवश्यकता के अनुसार ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी स्तर पर आम लोगों को असुविधा का सामना न करना पड़े।
आपदा प्रबंधन के तहत जिला प्रशासन नालंदा द्वारा शीतलहर से बचाव हेतु निरंतर निगरानी की जा रही है तथा आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त कदम भी उठाए जाएंगे। बढ़ते ठंड को देखते हुए इधर बिहारशरीफ नगर निगम द्वारा भी निगम क्षेत्र के चौक चौराहे पर अलाव की व्यवस्था की गई। पिछले तीन दिनों से बढ़ती ठंड को लेकर जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। इस कड़ाके के ठंड से बचने के लिए लोग अपने अपने घरों में अलाव जला रहे हैं।

### मुनेश्वर प्रसाद बने दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय स्थित श्वेता नर्सिंग होम में रविवार को दवा विक्रेता संघ के संगठन का पुनर्गठन किया गया।
दवा विक्रेता संघ के जिलाध्यक्ष राजन कुमार, सचिव योगेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष पंकज कुमार चौरसिया, उपाध्यक्ष सेवानंद सिंह, संगठन सचिव परवेज अख्तर एवं संयुक्त सचिव मनोज कुमार उर्फ मन्नु की उपस्थिति में पकरीबरावां प्रखण्ड दवा विक्रेता संघ का चुनाव कराया गया। मुनेश्वर प्रसाद को अध्यक्ष, संजय कुमार को उपाध्यक्ष, डॉ. अजयव शर्मा को सचिव, सुरेंद्र प्रसाद को संयुक्त सचिव, योगेंद्र कुमार को जिला सचिव एवं शिवपाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसके पूर्व जिलाध्यक्ष एवं जिला से आए पदाधिकारियों को अंगवस्त्र एवं बुके देकर स्वागत किया गया। मुनेश्वर प्रसाद के दूसरी बार अध्यक्ष बनने पर एवं नई कमेटी के पदाधिकारियों को लोगों ने शुभकामनाएं दी। बैठक में अन्य कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। इस अवसर पर डॉ.अरुण कुमार वर्मा, मो.नदीम अनवर, अकीक कुमार, गोपाल प्रसाद, अवणिकांत पांडेय सहित अन्य उपस्थित थे।

### पैक्स अध्यक्ष के साथ किसानों को भी परेशानी

**नारदीगंज (नवादा)।** पैक्स में धान खरीद को लेकर मिलर और सरकारी व्यवस्था पैक्स अध्यक्ष को रास नहीं आ रही है। ऐसे में धान खुले आसमान में रखा हुआ है। जिससे पैक्स अध्यक्ष के साथ किसानों को भी परेशानी बढ़ी हुई है। मिलर व सरकारी व्यवस्था के सामने बौना पड़ा हुआ है। ऐसा मानना है ओड़ो पंचायत के पैक्स अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया रीना देवी का। इस बाबत पैक्स अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया रीना देवी,पूर्व पैक्स अध्यक्ष पंकज कुमार उर्फ पिंकू सिंह कहते हैं धान खरीद में सरकारी व्यवस्था और मिलर का सकारात्मक रवैया ठीक नहीं है। उन्होंने कहा छोटे छोटे किसान बाजार में धान की बिक्री कर चुके हैं। जब हम अपना धान का बिक्री पैक्स में नहीं कर पाये हैं। रविवार को 21 दिसम्बर बीत गया है। और मेरा धान ओड़ो गांव में मेरे घर के बाहर तकरीबन 350 किंवटल धान खुले आसमान में कई दिनों से रखा हुआ है। इसके अलावा बिक्कु गांव में भी मेरे घर के पास तकरीबन 400 सौ किंवटल धान यों ही बाहर रखा हुआ है। इसके अलावा बिक्कु गांव के अजय कुमार का भी धान तकरीबन 400 किंवटल है। वह भी बिक्री नहीं हो पाया है। सभी धान बाहर रखा हुआ है।

### रामनरेश प्रसाद सिंह के पेंशनर समाज के जिला सचिव बनने पर दी बधाई

**कौआकोल।** रविवार को समाहरणालय नवादा में सम्पन्न हुए बिहार पेंशनर समाज के त्रिवार्षिक चुनाव में कृष्ण कुमार शर्मा को जिलाध्यक्ष एवं कौआकोल प्रखण्ड के केवाली गांव निवासी व सेवानिवृत्त शिक्षक रामनरेश प्रसाद सिंह को जिला सचिव बनने पर प्रखण्ड में खुशी का लहर है। प्रखण्ड के पेंशनरों ने रामनरेश प्रसाद सिंह को सचिव बनने पर हर्ष जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य तथा दीर्घायु होने की कामना किया। सेवानिवृत्त शिक्षक रामबालक मोची,रामचन्द्र प्रसाद,उमेश सिंह,श्याम किशोर सिंह,कमलेश कुमार,नियोजित शिक्षक संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष प्रीतम कुमार ने नवनिर्वाचित सचिव रामनरेश प्रसाद सिंह तथा अध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा को बधाई दिया है। वहीं सचिव चुने जाने पर रामनरेश प्रसाद सिंह ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पेंशनरों की समस्याओं और अधिकारों के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि संगठन को और अधिक सक्रिय, पारदर्शी तथा मजबूत बनाने के लिए ठोस कदम उठाये जायेंगे।

# 76 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** भागनबिगहा थाना क्षेत्र में मादक पदार्थ के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में पुलिस ने 76.5 किलोग्राम गांजा बरामद करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष भागनबिगहा को रविवार को मध्य रात्रि सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र के मुसेपुर गांव में सन्टु यादव के खलिहान में भारी मात्रा में गांजा छुपाकर रखा गया है। सूचना से वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में छापेमारी की योजना बनाई गई। छापेमारी के दौरान जब पुलिस बल ने खलिहान की घेराबंदी की, तो एक व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा जबकि दूसरा खलिहान में छिपने की कोशिश करने लगा। पुलिस बल की तत्परता से दोनों को पकड़ लिया गया। पूछताछ में एक ने अपना नाम मनोज यादव, पिता–सुरेश यादव, निवासी–खरूआरा, थाना–चेरो, जिला–नालंदा बताया, जबकि दूसरे ने अपना नाम सन्टु यादव, पिता–रामबली यादव, उम्र करीब 30 वर्ष, निवासी मुसेपुर, थाना भागनबिगहा, जिला नालंदा बताया। कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों अभियुक्तों ने गांजा के अवैध व्यापार में संलिप्त होने की बात स्वीकार की। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में जब खलिहान की विधिवत तलाशी ली गई तो वहां छुपाकर रखे गए कुल 14 बंडल गांजा, जिसका कुल वजन 76.5 किलोग्राम पाया गया। बरामद गांजा को जब्त करते हुए दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में भागनबिगहा थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अग्रतर अनुसंधान किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है तथा उनके आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। छापामारी टीम में थानाध्यक्ष रविरंजन कुमार, अपर थानाध्यक्ष नितेश कुमार, हिरालाल सिंह, जयराम झा, मनोज कुमार सिंह एवं सशस्त्र बल शामिल थे।


## ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वारिसलीगंज (नवादा)।** थाना क्षेत्र के मोहद्दीपुर ग्रामीण बलराम यादव के 45 वर्षीय के पुत्र अशोक यादव की मौत शनिवार को ट्रेन की चपेट में आने से हो गई है। घटना किऊल गया रेल खंड के मोहिउद्दीनपुर गांव के पास से गुजरी रेलवे ट्रैक पर हुई। सूचना बाद घटना स्थल पर पहुंच स्थानीय पुलिस ने आधार कार्ड के आधार पर शव की पहचान कर परिजनों को घटना की सूचना दी गई। तपश्चात पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया।

## राजगीर महोत्सव में पालकी सज्जा प्रतियोगिता आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** पर्यटन नगरी राजगीर में रविवार को पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में पालकी सजा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राजगीर महोत्सव के अंतर्गत आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल 12 प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपनी पारंपरिक कला और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन राजगीर अनुमंडल पदाधिकारी आशिष नारायण ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करने की बात कही। डोली यूनियन के सचिव नंदलाल चंद्रवंशी ने बताया कि राजगीर में हर वर्ष पारंपरिक रूप से पालकी सजा प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। इस वर्ष भी प्रतिभागियों ने पारंपरिक कलाकारी, रंग-बिरंगे फूलों, आकर्षक कपड़ों और सजावटी सामग्रियों से पालकियों को सजाया, जो दर्शकों के लिए खास आकर्षण का केंद्र रहा। प्रतियोगिता में शामिल सभी 12 प्रतिभागियों को जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई। जिससे प्रतिभागियों में उत्साह और गौरव का माहौल देखा गया। राजगीर महोत्सव के अंतर्गत आयोजित यह कार्यक्रम न केवल सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करता है, बल्कि पर्यटन को भी नई पहचान देता है।

## इंटर विद्यालय चण्डीनोवां में करियर काउंसलिंग आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**काशीचक (नवादा)।** प्रखंड के इंटर विद्यालय चण्डीनोवां में कैरियर काउंसेलिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापक विनय कुमार ने किया। कार्यक्रम का संचालन करियर काउंसेलिंग प्रोग्राम के नोडल शिक्षक रामप्रवेश दिवाकर ने किया। मौके पर उपस्थित प्रसिद्ध चिकित्सक शीशु रोग विशेषज्ञ डॉ चंद्रभूषण ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए करियर की संभावनाओं पर विस्तृत जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि कैरियर काउंसलिंग एक प्रक्रिया है जो छात्रों और पेशेवरों को उनकी रुचियों, योग्यताओं और व्यक्तित्व के आधार पर सही शैक्षिक और व्यावसायिक निर्णय लेने में मदद करती है, जिसमें आत्म-विश्लेषण, कैरियर विकल्पों पर शोध, लक्ष्य निर्धारण और योजना बनाना शामिल है । उन्होंने कहा कि 10 वीं करते समय बहुत से छात्र कन्फ्यूज होते हैं। वह समझ नहीं पाते कि भविष्य में किस विषय



की पढ़ाई करें। आट्र्स विषयों से पढ़े या विज्ञान विषयों से या कॉमर्स विषय से अध्ययन करें या कोई विशेष ट्रेनिंग, डिग्री, डिप्लोमा करें। बहुत बार देखा गया है कि मां बाप अपनी इच्छाओं को बच्चों पर थोपते हैं। वे बच्चों को कुछ और बनाना चाहते हैं जबकि बच्चे कुछ और बनना चाहते हैं। अवसर पर विद्यालय के शिक्षक डा. वेद प्रकाश, डॉ गीता कुमारी, शारीरिक शिक्षक विज्ञान शिक्षक प्रेम कुमार, गणित शिक्षक चन्द्रकान्त मणि, विज्ञान शिक्षक अमरेन्द्र कुमार, अरविंद कुमार मिश्रा ,शशांक सिंह, चंद्रकांत मणि विकास कुमार गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## होंडा हीटर्स की टीम बनी चैंपियन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन नवादा से निबंधित चैलेंजर ट्रॉफी अंडर - 14 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में आज होंडा हीटर्स का मुकाबला नवादा बैरियर्स की टीम से हुआ जिसमें नवादा बैरियर्स के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवरों में 129 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। नवादा बैरियर्स के बल्लेबाज सूरज उत्कृष्ट ने 35 रन सचिन राज ने 20 रन और गौरव ने 11 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया। गेंदबाजी करते हुए होंडा हीटर से गेंदबाज ऋषभ कुमार ने तीन जबकि तेजस शाही एवं धरम कुमार ने दो ,दो विकेट अपने नाम किया । इसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी होंडा हीटर की टीम ने 28 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 130 रन बनाकर रोमांचक मुकाबले को जीत लिया। बल्लेबाजी करते हुए होंडा हिटर के बल्लेबाज धरम कुमार ने एक बार फिर से शानदार 50 रन बनाए ,उनके साथ आर्यन राज एवं तेजस शाही ने दिया और मैच को तीन विकेट से जीत कर चैलेंजर ट्रॉफी की विजेता बनी। पुरस्कार वितरण में नवादा एसडीपीओ हुलास कुमार ने विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी दी एवं अनुशासन से खेल कर देश का नाम रोशन करने की नसीहत दी। इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज धरम कुमार को मैन ऑफ द सीरीज तथा बेस्ट बैट्समैन की ट्रॉफी दी गई। पुरस्कार वितरण समारोह में जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार मुरारी खिलाड़ियों के प्रतिनिधि मनीष गोविंद सुभाष प्रसाद ,बीसीए मैनेजर मनीष कुमार, गुलशन कुमार,प्रहलाद कुमार रितेश कुमार, पंकज केसरी, बबलू कुमार वर्मा विनोद कुमार अमित वर्मा मौजूद रहे।

## कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न रोकथाम हेतु विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में तथा शिल्पी सोनीराज, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा एवं धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के मार्गदर्शन में 21 दिसम्बर 2025 को नवादा सदर प्रखंड में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम विषय पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उमेश्वर प्रसाद सिंह, डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल, नवादा ने बताया कि कार्यस्थल पर महिलाओं की गरिमा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करना कानूनन अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के




सम्मान का हनन करने पर दंड का स्पष्ट प्रावधान है तथा भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के अंतर्गत बलात्कार जैसे गंभीर अपराध के लिए कठोर सजा एवं जुर्माने का प्रावधान है। साथ ही उन्होंने कार्यस्थल पर महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने एवं उनके अधिकारों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम से संबंधित प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के बारे में भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर प्रखंड के विभिन्न पदाधिकारी, कर्मचारीगण, जिले के अन्य गणमान्य व्यक्ति, डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम नवादा के उमेश्वर प्रसाद सिंह एवं पारा विधिक स्वयंसेवक मनीष कुमार सिन्हा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जयंती पखवाड़ा पर याद किए गए महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार एवं झारखंड के शीर्ष शैक्षणिक संस्थान में से एक मॉडर्न शैक्षणिक समूह नवादा के द्वारा संचालित सभी विद्यालयों में देश के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन जयंती पखवाड़ा के उपलक्ष्य में रविवार को मैथ ओलंपियाड के मुख्य परीक्षा आयोजन किया गया। ओलंपियाड के प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन पूर्व में 24 नवंबर 2025 को किया गया था। जिसमें 1485 विद्यार्थी शामिल हुए थे । मुख्य परीक्षा में मॉडर्न शैक्षणिक समूह के सभी विद्यालयों से चयनित 465 विद्यार्थी मुख्य परीक्षा में शामिल हुए। यह आयोजन विद्यार्थियों के गणितीय शक्ति एवं तार्किक चिंतन क्षमता के स्तर की जांच करने एवं उच्च प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया था। यह परीक्षा कक्षा छठी से लेकर दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए वर्ग बार आयोजित की गई। जिसमें प्रत्येक वर्ग के लिए अलग-अलग स्तर के प्रश्न रखे गए थे। मैथमेटिक्स ओलंपियाड के मुख्य परीक्षा में मॉडर्न इंग्लिश स्कूल न्यू एरिया, मॉडर्न इंग्लिश स्कूल कुंती नगर, मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल हिसुआ ,मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल नारदीगंज के विद्यार्थी शामिल हुए। सर्वप्रथम श्रीनिवासन रामानुजन के तैलीय चित्र पर मॉडर्न शैक्षणिक समूह के निदेशक डॉ अनुज कुमार,प्राचार्य गोपाल चरण दास उपप्राचार्य सुजय कुमार एवं मिथिलेश कुमार विजय के द्वारा माल्यार्पण कर



पुष्पांजलि अर्पित किया गया। इस दौरान डॉ अनुज कुमार ने कहा कि मैथमेटिक्स ओलिंपियाड जैसी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों की सम्मिलित होने से उनकी तार्किक क्षमता एवं गणितीय अभिरुचि में वृद्धि होती है, बच्चों को अपने स्तर के साथ अपनी खूबियां एवं खामियां का पता चलता है। आज का यह ओलंपियाड देश के महान गणितज्ञ श्रीनिवासन रामानुजन को समर्पित है। ओलंपियाड को सफल बनाने में रोशन मिश्रा, इंद्रजीत मिश्रा, धीरज कुमार, धर्म प्रकाश, सुनील कुमार वर्मा, करण प्रकाश, अविनाश कुमार, आशीष कुमार, राकेश रंजन, बब्लू भोक्ता के साथ-साथ सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की सराहनीय भूमिका रही।

## वक़्फ़ स्टेट संख्या 975, रजौली में 21-सूत्रीय प्रबंधन समिति का गठन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** वक़्फ़ स्टेट संख्या 975, रजौली के समुचित प्रबंधन, संरक्षण एवं वक़्फ़ के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु 21-सूत्रीय (21 सदस्यीय) प्रबंधन समिति का गठन किया गया। यह गठन ज़िला औक़ाफ़ कमिटी, नवादा के अध्यक्ष फख्र उद्दीन अली अहमद उर्फ़ चामो की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में सचिव मौलाना अबू सलेह नदवी रोहवी तथा ज़िला औक़ाफ़ कमिटी के सदस्य शमीम उद्दीन अंसारी, असदुल फैज़ आरफीन, साजिद हुसैन एवं महबूब काज़मी की उपस्थिति रही। नवगठित प्रबंधन समिति में मो. ताहिर खां को अध्यक्ष, मो. जावेद अंसारी को उपाध्यक्ष, मो. अबु स्वालेह को सचिव तथा मो. शाहनूर को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।
वहीं समिति के सदस्यों में अंजुम परवेज़, ताज उद्दीन, हन्नान खान, शकील अहमद, इसरार अंसारी सहित अन्य सदस्य शामिल हैं। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि वक़्फ़ संपत्ति की दुकानों, आय-व्यय, रख-रखाव एवं अन्य प्रशासनिक कार्यों का संचालन वक़्फ़ अधिनियम तथा बिहार राज्य सुन्नी वक़्फ़ बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पारदर्शी एवं जवाबदेह ढंग से किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर वक़्फ़ के उद्देश्यों के विरुद्ध उपयोग की जा रही दुकानों को नियमों के तहत खाली कराया जाएगा।

## टी. एस. कॉलेज में विकसित भारत युवा संसद 2026 का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ (नवादा)।** नगर परिषद स्थित महाविद्यालय टीएस. कालेज के प्राचार्य प्रो. पवन कुमार शर्मा के अध्यक्षता में युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित संसद यूथ पार्लियामेंट 2026 का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के एन.एस.एस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ संजय कुमार के निर्देशन में नवादा जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के सैकड़ों छात्र छात्राओं ने इस युवा संसद में भाग लिया। टी. एस. कॉलेज, हिसुआ को नवादा जिले का नोडल केंद्र बनाया गया है। इस कार्यक्रम में भाग लेने हेतु 18 से 25 आयु वर्ग के युवक- युवतियां माई भारत पोर्टल पर जा कर पंजीकरण कर आवेदन किए थे। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ पवन कुमार शर्मा



तथा अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर के किया गया, यूथ पार्लियामेंट के मुख्य अतिथि एन.एस.एस. मगध विश्वविद्यालय के प्रोग्राम ऑफिसर डॉ.पिंटू कुमार थे, इस युवा संसद का मुख्य विषय "आपातकाल के पचास साल बाद भारत " था जिस पर छात्र छात्राओं ने अपना अपना विचार रखा, निर्णायक मंडल में मगध विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के प्रोफेसर डॉ पिंटू कुमार, प्राचीन इतिहास विभाग के प्रोफेसर डॉ जन्मेजय सिंह, राजनीति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉ अविनाश कुमार,टी.एस.कॉलेज हिसुआ के हिन्दी विभाग के प्रोफेसर डॉ सुनील कुमार दुबे थे। कार्यक्रम के अंत में छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान टी.एस.कॉलेज हिसुआ की छात्रा अलीशा राज ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पूनम कुमारी, तृतीय स्थान लक्ष्मी कुमारी ने प्राप्त किया। इस अवसर पर समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार, डॉ उपेन्द्र कुमार मिश्रा, शैलेंद्र कुमार, अनिल कुमार, अजय कुमार शर्मा, अमरनाथ गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## रजौली चेकपोस्ट घटना में दोषी पाए गए 11 गृहरक्षक निलंबित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक,नवादा के माध्यम से दिनांक 18 दिसम्बर को यह सूचना प्राप्त हुई कि 24 नवम्बर 2025 को रात्रि लगभग 10:00 से 11:00 बजे के बीच रजौली चेकपोस्ट पर आलू लदे एक वाहन के चालक से ड्यूटी पर तैनात गृहरक्षकों द्वारा जबरन आलू की मांग की जा रही थी तथा चालक को तंग करते हुए दबाव बनाया जा रहा था। चालक द्वारा इसका वीडियो बनाते हुए आगे बढ़ने पर गृहरक्षकों द्वारा उसके साथ धक्का-मुक्की भी की गई। उक्त घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।
वायरल वीडियो की जांच पुलिस निरीक्षक, रजौली अंचल, नवादा द्वारा रजौली थाना




अन्तर्गत चितरकोली पोस्ट पर जाकर की गई। जांच के क्रम में यह स्पष्ट रूप से प्रमाणित हुआ कि घटना में सम्मिलित सभी गृहरक्षक दोषी हैं।
जांच में दोषी पाए गए गृहरक्षकों के नाम इस प्रकार हैं :

1. गृहरक्षक सिपाही संख्या-1796 शीतल कुमार
2. गृहरक्षक सिपाही संख्या-1927 ईश्वरी प्रसाद
3. गृहरक्षक सिपाही संख्या-1991 जवाहर प्रसाद
4. गृहरक्षक सिपाही संख्या-191910 कन्हैया कुमार
5. गृहरक्षक सिपाही संख्या-191735 अतीश कुमार
6. गृहरक्षक सिपाही संख्या-1822 रघुनन्दन प्रसाद
7. गृहरक्षक सिपाही संख्या-191760 महेश कुमार
8. गृहरक्षक सिपाही संख्या-191854 रणधीर कुमार
9. गृहरक्षक सिपाही संख्या-191845 सुधीर कुमार
10. गृहरक्षक सिपाही संख्या-2012 श्री यादव
11. गृहरक्षक सिपाही संख्या-191961 मनोज कुमार

प्राप्त जांच प्रतिवेदन से यह स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है कि उक्त समय पर उपर्युक्त सभी गृहरक्षकों द्वारा अपने कर्त्तव्यों का समुचित निर्वहन नहीं किया गया तथा अनुशासनहीन एवं अमर्यादित आचरण प्रदर्शित किया गया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी दोषी गृहरक्षकों के विरुद्ध सख्त अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा की गई।
अतः उपर्युक्त तथ्यों एवं जाँच प्रतिवेदन के आधार पर जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा सभी 11 गृहरक्षकों को बिहार गृहरक्षक नियमावली, 1953 के नियम-16 (1) (v) के अंतर्गत निलंबित करते हुए अगले आदेश तक कर्त्तव्य से वंचित किए जाने का आदेश दिया गया है।
जिला प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि कर्त्तव्य में लापरवाही, अवैध वसूली अथवा जनसामान्य के साथ दुर्व्यवहार किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है तथा भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# शहर को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए पदाधिकारियों की डा. प्रेम कुमार ने की सराहना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** अध्यक्ष बिहार विधानसभा डॉ. प्रेम कुमार ने गया जिला अतिथि गृह में अनुमंडलाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तथा नगर निगम के सभी पदाधिकारियों के साथ शहर में यातायात जाम, पार्किंग स्थल एवं वेंडिंग जोन की व्यवस्था को लेकर विस्तृत समीक्षा बैठक की।

बैठक की शुरुआत में डॉ. प्रेम कुमार ने गया शहर को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए अनुमंडल प्रशासन एवं नगर निगम के पदाधिकारियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटने से शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार आया है जिसे और अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस की कमी की जानकारी मिली है। इस संबंध में उन्होंने गृह मंत्री से बात की है।



उन्होंने कहा कि गया शहर में कुल 219 ट्रैफिक सिपाही होने चाहिए जबकि वर्तमान में मात्र 110 ही कार्यरत हैं। गृह मंत्री से हुई बातचीत के बाद आश्वासन मिला है कि जल्द ही रिक्त पदों को भर दिया जाएगा जिससे शहर की यातायात व्यवस्था और मजबूत होगी। उन्होंने निर्देश दिया कि डेल्हा-परैया रोड को वन-वे किया जाए तथा पितृपक्ष मेला की तर्ज पर यातायात प्रबंधन लागू किया जाए। मिर्जा गालिब कॉलेज तक आने वाले सभी वाहनों की पार्किंग गया क्लब की ओर कराई जाए। किरानी घाट की पार्किंग धोबी घाट पर, केपी रोड की पार्किंग कठोकर तालाब के पास तथा टावर चौक क्षेत्र की पार्किंग के लिए खाली स्थलों को चिन्हित कर व्यवस्था की जाए। डॉ. प्रेम कुमार ने नगर निगम के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि पार्किंग एवं वेंडिंग जोन के लिए और भी उपयुक्त स्थलों को चिन्हित किया जाए। ताकि भविष्य में अतिक्रमण एवं यातायात अव्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो। डेल्हा बस अड्डा की पार्किंग व्यवस्था को भी सुव्यवस्थित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि एलआईसी बिल्डिंग रोड के दोनों ओर, एपी कॉलोनी से बाजार समिति तक, मानपुर रोड तथा कंडी मानपुर सड़क पर चंदौती ब्लॉक से कटारी पुल होते हुए डेल्हा तक कचरे का अंबार लगा हुआ है। नगर निगम को एक सप्ताह के भीतर सभी कचरे के ढेर हटाने का स्पष्ट निर्देश दिया गया। डॉ. प्रेम कुमार ने आम जनता को जागरूक करने पर जोर देते हुए कहा कि बेसहारा पशुओं पर सख्ती से लगाम लगाई जाए क्योंकि इनके कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कहीं-कहीं बेवजह पार्किंग शुल्क वसूले जाने की शिकायतें मिल रही हैं। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। अंत में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था, स्वच्छता और अनुशासन में सुधार प्रशासन, नगर निगम और जनता के सामूहिक प्रयास से ही संभव है। वहीं मौके पर बैठक में भाजपा क्षेत्रीय प्रभारी अमित लोहनी, जिला महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी, विकाश कुमार, विक्की शर्मा, देवानंद पासवान, राजनंदन गांधी, चैंबर ऑफ कॉमर्स से अनूप केडिया, कौशलेंद्र सिंह, समेत सिटी डीएसपी, उप नगर आयुक्त, सिटी मैनेजर आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कमरे में जलाया अलाव, दम घुटने से दादी-पोती की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** जिले के वजीरगंज नगर पंचायत क्षेत्र के दखिनगांव में शनिवार की देर रात दम घुटने से एक नवजात बच्ची और एक वृद्ध महिला की मौत हो गई जबकि एक महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। बच्ची के पिता रोहित मालाकार ने

बताया कि उनकी 85 वर्षीय दादी रेखा देवी, पत्नी रूपा कुमारी और चार माह की बेटी आरोही कुमारी एक ही कमरे में सोई हुई थीं। ठंड से बचने के लिए कमरे में दो बोरसी जला कर रखी गई थी। कमरे में केवल एक खिड़की थी जिसे ठंडी हवा से बचने के लिए प्लास्टिक से ढक दिया गया था। सुबह जब घर के अन्य सदस्य कमरे में पहुंचे तो तीनों अचेत अवस्था में मिले।

# राज्यसभा सीट नहीं मिली तो मंत्री पद छोड़ूंगा

## एनडीए से भी तोड़ लूंगा नाता : जीतनराम मांझी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया जी।** शहर के हरिदास सेमिनरी स्कूल स्थित आर्ट गैलरी सह प्रेक्षागृह में रविवार को हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) पार्टी की ओर से नवनिर्वाचित विधायक एवं मंत्रियों के अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में केंद्रीय मंत्री एवं हम पार्टी के संरक्षक जीतन राम मांझी ने राज्यसभा सीट को लेकर आक्रामक तेवर दिखाते हुए बड़ा राजनीतिक बयान दिया। उनके इस बयान को राजनीतिक गलियारों में काफी अहम माना जा रहा है।



जीतन राम मांझी ने कहा कि यदि इस बार उन्हें राज्यसभा की सीट नहीं मिली, तो वे न केवल मंत्री पद छोड़ देंगे, बल्कि एनडीए से भी नाता तोड़ने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के समय उन्हें राज्यसभा सीट देने का वादा किया गया था। अब यदि वादा पूरा नहीं हुआ, तो वे चुप नहीं बैठेंगे। मांझी ने भाजपा पर बेईमानी और वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि लोकसभा से लेकर विधानसभा चुनाव तक उन्हें कम करके आंका गया है। जीतनराम मांझी ने मंच से ही अपने बेटे और हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मंत्री डा. संतोष कुमार सुमन को संबोधित करते हुए कहा कि राजनीति में बने रहना है तो जोखिम लेना पड़ेगा। उन्होंने कहा मन छोटा मत करिए, भाजपा से लड़ाई के लिए तैयार रहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अगर हमें कमजोर समझा गया, तो हम अलग रास्ते पर चलने से पीछे नहीं हटेंगे। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मांझी ने हम पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी की मान्यता दिलाने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी के पास कई जिलों में मजबूत वोट आधार है और आने वाले चुनाव में 100 सीटों का लक्ष्य रखा गया है। यदि लक्ष्य हासिल नहीं हुआ तो आंदोलन और संघर्ष के लिए तैयार रहने की बात कही है। मांझी ने सांसद-विधायक निधि का जिक्र करते हुए कहा कि सांसदों और विधायकों को मिलने वाले फंड का एक हिस्सा पार्टी को मजबूत करने में लगाया जाना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि वे अपने हिस्से की राशि पार्टी को देते रहे हैं और आगे भी देंगे। साथ ही उन्होंने सामाजिक समीकरणों का उल्लेख करते हुए भुइयां-मियां और भुइयां-भूमिहार के नारे को दोहराया है।

## दून-हावड़ा एक्सप्रेस में आरपीएफ ने की कार्रवाई, 48 कछुआ बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया जी।** पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू रेल मंडल के गया जंक्शन पर आरपीएफ की टीम ने सर्च अभियान के दौरान ऋषिकेश-देवनगरी- हावड़ा दून एक्सप्रेस में सर्च अभियान के दौरान आरपीएफ की टीम ने 48 जीवित कछुआ बरामद किया है। बरामद सभी कछुओं की कीमत करीब 24 लाख रुपए आंकी गई है एक सप्ताह के दरम्यान कछुआ बरामदगी का यह तीसरा मामला है। पूर्व के दिनों में कालका मेल और दून एक्सप्रेस से 178 जीवित कछुआ



बरामद किये गए थे। ट्रेन से बरामद सभी कछुए को आरपीएफ की टीम ने वन विभाग को सौंपा दिया है। पूर्व मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त सह आपीएफ आईजी अमरेश कुमार ने बताया कि आरपीएफ इंस्पेक्टर बनारसी यादव के नेतृत्व में गया जंक्शन पर सर्च अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के दौरान शनिवार की रात हावड़ा जा रही 13010 डाउन ऋषिकेश-देवनगरी एक्सप्रेस के कोच संख्या एस-7 में सर्च अभियान के दौरान दो प्लास्टिक का बोरा संदिग्ध स्थिति में सीट के पास रखा दिखा है। जांच करने पर उक्त बोरे में 48 जिंदा कछुआ पाया गया है। कछुओं के बारे में आस-पास के बैठे यात्रियों से पूछ-ताछ किया गया, लेकिन किसी ने उक्त बोरा के बारे में अपना दावा पेश नहीं किया। बताया गया कि कछुआ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तरह संरक्षित व अमुल्य जन्तु है। इस लिहाजा सभी कछुआ को बरामद किया गया है। विभागीय प्रक्रिया पूरा करने के दौरान इसकी सूचना वन विभाग को दी गई है। गयाजी वन विभाग के रेंज अधिकारी आरती कुमारी वन विभाग को अग्रिम कार्रवाई के लिए सभी 48 कछुआ सही सलामत सुपुर्द किया गया है।

## इंजीनियरिंग के पूर्व छात्र ने तीसरी बार यूपीएससी इएसइ में सफलता हासिल की

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** गया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, गया के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रतिभाशाली पूर्व छात्र नीलमणि कुमार ने एक बार फिर अपने अथक परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य-केन्द्रित तैयारी के बल पर यूपीएससी इंजीनियरिंग सर्विसेज परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 81 प्राप्त कर संस्थान का नाम रौशन किया है। यह उनकी तीसरी बार इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता है, जो उनकी असाधारण लगन और निरंतरता को दर्शाती है। इससे पूर्व नीलमणि कुमार ने यूपीएससी इएसइ 2021 में एआइआर 43 प्राप्त कर मिलिट्री इंजीनियर सर्विसेज में सहायक कार्यपालक अभियंता के रूप में चयन पाया। एमइएस में पदस्थापन से पूर्व वे एनएचएआइ में डिप्टी मैनेजर के पद पर भी कार्यरत रहे जहां उन्होंने व्यावहारिक प्रशासनिक एवं तकनीकी अनुभव अर्जित किया। इसके बाद उन्होंने यूपीएससी इएसइ 2023 में एआइआर 35 प्राप्त कर अपनी सफलता की यात्रा को और सशक्त किया तथा सीपीडब्लूडी में एइइ के रूप में चयनित हुए।

## उत्तर कोयल नहर किसान संघर्ष मोर्चा की केंद्रीय समिति की बैठक में लिए कई अहम निर्णय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** उत्तर कोयल नहर किसान संघर्ष मोर्चा, मगध की केंद्रीय समिति की बैठक रविवार को इसमाइलपुर स्थित बीपीएस कोचिंग सेंटर परिसर में साथी नंदलाल सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नहर संबंधी समस्याओं और आगामी आंदोलन को लेकर कई अहम फैसले लिए गए। बैठक में उत्तर कोयल नहर की मुख्य शाखा सहित चेईं नवादा, कोटवारा, अंगरा कैनाल एवं कोंची माइनर की अंतिम छोर तक सफाई कराने की मांग प्रमुखता से उठी। साथ ही मुख्य शाखा में मोरहर नदी तक




नहर सफाई, अंगरा शाखा नहर पर इसमाइलपुर में तथा कोटवारा शाखा नहर पर देवरोड हाल्ट के पास रेल पुल निर्माण और कुटकू डैम में फाटक लगवाने पर विचार किया गया। इन मांगों को लेकर डीआरएम से शिष्टमंडल वार्ता, कुटकू डैम का निरीक्षण तथा इसके बाद बड़ा आंदोलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। संगठन को मजबूत करने के लिए प्रशिक्षण शिविर और संविधान के प्रारूप को सुझावों सहित पारित किया गया।

## गुरुआ पुलिस ने चार सौ किलो फूला महुआ व चार शराब भट्ठियों को किया नष्ट

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** पुलिस को अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने छापेमारी कर काठबारा गांव के धावा नदी के किनारे से करीब 400 किलो फूला महुआ बरामद किया तथा चार महुआ शराब बनाने वाली भट्ठियों को मौके पर ही नष्ट कर दिया। इस कार्रवाई के बाद आसपास के गांवों में शराब कारोबारियों के बीच हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार लंबे समय से इस क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार फल-फूल रहा था। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व थानाध्यक्ष सरफराज इमाम के



कार्यकाल के दौरान शराब कारोबार अपने चरम पर था। हालांकि जानकारी रहने के बावजूद उन स्थानों पर नियमित कार्रवाई नहीं हो पाती थी जिससे शराब कारोबारियों का मनोबल बढ़ा हुआ था, लेकिन गुरुआ थाना में नए थानाध्यक्ष मनेश कुमार के योगदान के बाद स्थिति में स्पष्ट बदलाव देखने को मिल रहा है। उनके नेतृत्व में पुलिस लगातार छापेमारी और गश्ती अभियान चला रही है। इसी का परिणाम है कि अवैध शराब कारोबारियों में पुलिस का भय व्याप्त है।

## सशस्त्र सीमा बल का मनाया गया 62वां स्थापना दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) का 62वां स्थापना दिवस 20 दिसंबर को केन्द्रीयकृत प्रशिक्षण केन्द्र, सपड़ी (हिमाचल प्रदेश) में मनाया गया। इस अवसर पर एसएसबी के महानिदेशक संजय सिंघल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ अपर महानिदेशक अनुपमा नीलेकर चंद्रा सहित बल के वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य अतिथिगण मौजूद थे। स्थापना दिवस समारोह के दौरान वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ट प्रचालन उपलब्धियों के लिए 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया (बिहार) को बेस्ट बटालियन इन आईएस/एलडब्लूई थिएटर (आंतरिक सुरक्षा/वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र) की ट्रॉफी से



सम्मानित किया गया। यह सम्मान महानिदेशक द्वारा 29वीं वाहिनी के कमांडेंट मधुकर अमिताभ को प्रदान किया गया। 29वीं वाहिनी, गया द्वारा बीते वर्ष नक्सल विरोधी अभियानों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की गई। वाहिनी ने एक लाख रुपये के इनामी एवं वांछित नक्सली सुरेश सिंह भोक्ता (सब जोनल कमांडर) को गिरफ्तार किया जबकि तीन लाख रुपये के इनामी नक्सली रावण कोडा एवं अखिलेश सिंह भोक्ता (सब जोनल कमांडर) को आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न अभियानों के दौरान हथियारों के साथ अपराधियों की गिरफ्तारी, 60 केन आईईडी (प्रत्येक 1 किलोग्राम), 8 किलोग्राम अफीम, लगभग 1025 किलोग्राम डोडा की बरामदगी तथा अफीम की 790 एकड़ एवं गांजा की 22 एकड़ अवैध खेती को नष्ट किया गया। संयुक्त अभियानों में पुलिस के सहयोग से अन्य प्रतिबंधित सामग्रियों की भी जब्ती की गई। गौरतलब है कि 29 वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, गया को इससे पूर्व भी वर्ष 2019 एवं 2022 में विशिष्ट प्रचालन वाहिनी की ट्रॉफी से सम्मानित किया जा चुका है।

## अवैध शराब परिवहन करते युवक गिफ्तार, वाहन जब्त



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** समेकित जांच चौकी डोभी से पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक मारुती सुजुकी इको कार से 245.880 लीटर अवैध विदेशी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान मनीष कुमार, उम्र - 25 वर्ष, पिता- श्याम प्रसाद, ग्राम - सोना गोपालपुर, थाना- सम्पतचक, जिला - पटना के रूप में हुई है। पुलिस ने शराब के साथ वाहन को भी जब्त कर लिया है। गिरफ्तार किये गए युवक को आगे की कार्रवाई हेतु न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## एक नजर

### छापेमारी कर चार शराब भट्ठियों को किया ध्वस्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रौशनगंज।** रौशनगंज थाने की पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के जंगलों में छापेमारी कर 4 शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया है। रौशनगंज थानाध्यक्ष अन्नू राजा ने रविवार को शाम 5 बजे जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के मेघनाडीह और परसावा खुर्द के जंगलों में बड़े पैमाने पर शराब बनाने का काम किया जा रहा है। सूचना के आधार पर जंगल में छापेमारी कर चार शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया गया है और मौके से 5 किलो जावा महुआ जब्त किया गया है।

### शराब बरामद, तीन वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच थाना पुलिस ने शराबबंदी कानून के तहत लगातार कार्रवाई करते हुए सिंदुआरी गांव में छापेमारी कर एक कारोबारी के घर से 5 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की है। पुलिस को देखते ही कारोबारी मौके से फरार हो गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है तथा उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। वहीं दूसरी ओर कोंच थाना क्षेत्र के नेहोरा गांव में छापेमारी कर पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वारंटियों की पहचान जग नारायण चौधरी, कुमरजीत चौधरी एवं रंजीत कुमार उर्फ अमरजीत चौधरी, तीनों ग्राम नेहोरा, थाना कोंच के निवासी के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि तीनों का कोविड जांच कराने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### 7वां टेस्ट महासंग्राम परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 7वां टेस्ट महासंग्राम परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं कदाचार-मुक्त माहौल में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस शैक्षणिक महासंग्राम में आमस, चंडीस्थान, गुरुआ, डोभी और शेरघाटी क्षेत्र के विभिन्न कोचिंग संस्थानों से जुड़े छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। के के कम्प्टेटिव के निर्देशक कुंदन कुमार ने रविवार को शाम 4 बजे बताया कि इस टेस्ट महासंग्राम परीक्षा में कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं, 12वीं के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों ने भी अपनी भागीदारी दर्ज कराई। कुल 650 विद्यार्थियों ने इस टेस्ट महासंग्राम में शामिल होकर अपनी शैक्षणिक क्षमता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गुड्डू कुमार, बंटी कुमार, पिंटू कुमार, रणधीर कुमार, अनिल कुमार, पवन कुमार, रोहित कुमार, नीतीश कुमार, अभिषेक कुमार, शशि कुमार सहित अन्य शिक्षकगणों का सराह

### शेरघाटी अनुमंडलीय पासवान उत्थान मंच की एकदिवसीय बैठक सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** अनुमंडलीय पासवान उत्थान मंच के तत्वावधान में रविवार को एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल अध्यक्ष बबन पासवान ने की। बैठक में शेरघाटी अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों से बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। अनुमंडल अध्यक्ष बबन पासवान ने रविवार शाम 5 बजे जानकारी देते हुए बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज की एकता, शिक्षा, रोजगार एवं सामाजिक उत्थान को लेकर विचार-विमर्श करना था। बैठक के दौरान संगठन को और मजबूत करने, युवाओं को शिक्षा से जोड़ने तथा समाज के हक और अधिकार के लिए संगठित होकर कार्य करने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही आगामी दिनों में सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन और जनसमस्याओं को लेकर प्रशासन से संवाद करने की रणनीति पर भी चर्चा की गई। बैठक शांतिपूर्ण और सफल माहौल में सम्पन्न हुई।

### प्राचीन शिव मंदिर से शिवलिंग की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** क्षेत्र के लाव ग्राम में स्थित प्राचीन शिव मंदिर से अज्ञात चोरों द्वारा शिवलिंग की चोरी कर ली। रविवार सुबह ग्रामीण पूजा करने पहुंचे तो चोरी की जानकारी मिली। ग्रामीणों ने काफी खोजबीन की, लेकिन शिवलिंग का कोई सुराग नहीं मिला। मामले को लेकर ग्रामीण अभिराम कुमार ने टिकारी थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी ली व तफ्तीश की, लेकिन पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला। ग्रामीणों ने बताया कि लाव ग्राम के दांगीनगर मुहल्ले में शिव मंदिर 1664 इसवी में ही निर्मित हुई थी। मंदिर में काला अर्धा के मध्य में सफेद रंग के पत्थर से निर्मित शिवलिंग स्थापित था। मंदिर से शिवलिंग की चोरी की घटना को लेकर लोग सहमे हैं व पुलिस प्रशासन से शिवलिंग बरामद करने की गुहार लगाई है। मामले को लेकर टिकारी एसएचओ चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि लिखित शिकायत के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस जांच में जुटी है।

### दुकानदार ने चोर को पकड़ किया पुलिस के हवाले

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** दुकान से चोरी कर भाग रहे एक चोर को दुकानदार ने पकड़ पुलिस के हवाले किया, वहीं एक भागने में सफल रहा। चोरी की घटना रविवार की सुबह टिकारी थाना क्षेत्र के सब्जी मंडी के समीप घटित हुई। मामले को लेकर पीड़ित दुकानदार ने टिकारी थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। केशो बिगहा ग्राम निवासी संजीव कुमार ने बताया कि रविवार की सुबह ग्राहक नही रहने पर दुकान के बाहर निकले थे। वापस दुकान पर पहुंचा तो दो लड़के दुकान से निकल भागते हुए दिखे। लड़कों को भागता देख शक हुआ तो एक युवक को दौड़कर संजीव ने अन्य लोगों के सहयोग से पकड़ लिया। संजीव ने दुकान के गल्ला की जांच की तो पाया कि गल्ला से सात हजार रुपये गायब है जिसके बाद लड़के की तलाशी ली तो उसके समीप से चार सौ बरामद हुए। संजीव ने पकड़ाए चोर को पुलिस के हवाले कर दिया। चोर की पहचान टिकारी थाना क्षेत्र केफेनागी ग्राम निवासी पारस पासवान के पुत्र चंदन कुमार के रूप में हुई। टिकारी थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि पकड़ाए चोर के विरुद्ध मामला दर्ज कर न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया। वहीं दूसरे चोर की पहचान की जा रही है।

### बंद घर का ताला तोड़ चोरों ने की लाखों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रीगांव गांव में शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाकर लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। उप मुखिया प्रतिनिधि लालू यादव ने कहा कि घटना शिक्षक रंजीत कुमार वर्मा के आवास पर हुई। मकान मालिक घर में ताला लगाकर टिकारी में रहते हैं। इसी दौरान सुनसान घर का फायदा उठाते हुए चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और कीमती सामान लेकर फरार हो गए। सुबह जब ग्रामीणों ने घर का ताला टूटा देखा तो उन्होंने इसकी सूचना मकान मालिक और कोंच थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सुदेह कुमार, अवर निरीक्षक अभिषेक कुमार सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। डॉग स्क्वायड टीम को भी बुलाया गया है।

### आरपीएफ ने यात्रियों के बीच चलाया जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** यात्रियों की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए रेलवे स्टेशन डिहरी ऑन-सोन एवं ट्रेनों में आरपीएफ डिहरी ऑन-सोन द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान निरीक्षक प्रभारी रामविलास राम के नेतृत्व में संचालित किया गया जिसमें आरपीएफ के अधिकारी एवं जवानों ने यात्रियों के बीच जाकर उन्हें रेल यात्रा से जुड़ी आवश्यक जानकारियां दीं। अभियान के दौरान उप निरीक्षक मनोज कुमार, उप निरीक्षक शिवराज साह, सहायक उप निरीक्षक मनोज कुमार चौधरी, प्रधान आरक्षी रामचंद्र यादव, आरक्षी शैलेश कुमार एवं आरक्षी अभिमन्यु सिंह ने यात्रियों को सुरक्षा एवं सावधानी संबंधी नियमों के प्रति जागरूक किया।

संपादकीय

# ईडी की कार्यप्रणाली पर सवाल

नेशनल हेराल्ड केस में जिस तरह दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने ईडी द्वारा दायर चार्जशीट का संज्ञान लेने इंकार किया है, उससे ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की कार्यप्रणाली पर ही सवाल उठने लगे हैं। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में ईडी ने कानूनी प्रक्रिया का ठीक से पालन नहीं किया। किसी एक व्यक्ति की शिकायत पर ईडी जांच नहीं कर सकती। इस साल अप्रैल में दायर अपनी चार्जशीट में ईडी ने आरोप लगाया था कि कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी और राहुल गांधी समेत अन्य लोगों ने पैसों का घोटाला किया था। ईडी की चार्जशीट को प्रॉसिक्यूशन कंप्लेंट भी कहा जाता है। चार्जशीट दायर करने के बाद कोर्ट को उसका संज्ञान लेना होता है। फिर मामला आगे बढ़ता है। इस आदेश को कांग्रेस पार्टी ने एक बड़ी जीत बताया। वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि ये फ़ैसला एजेंसी के दुरुपयोग का प्रमाण है। दूसरी ओर, भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि इस फ़ैसले से नेशनल हेराल्ड मामले में 'क्लीन चिट' नहीं मिली है। एक टेक्निकल आधार पर ट्रायल कोर्ट ने संज्ञान नहीं लिया, लेकिन मामला अब भी चल रहा है। ईडी चाहे तो इस फ़ैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दे सकती है। हालांकि जानकार इसे बड़ा फैसला मान रहे हैं। गौरतलब है कि 2013 में तत्कालीन भाजपा सांसद डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी ने अदालत में एक शिकायत दर्ज कराई। इसमें उन्होंने कहा कि सोनिया और राहुल गांधी समेत कई लोगों ने 'एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल)' की क़रीब 2000 करोड़ रुपए की संपत्ति को केवल 50 लाख रुपए में 'यंग इंडियन' नाम की एक कंपनी को दे दिया। एजेएल कंपनी नेशनल हेराल्ड अख़बार को छापती है। इसकी शुरुआत पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने की थी। सुब्रमण्यम स्वामी ने इसमें 'धोखाधड़ी' और 'आपराधिक षड्यंत्र', समेत अन्य आरोप लगाए। उनकी याचिका पर कोर्ट ने 2014 में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, और अन्य लोगों को पेश होने का आदेश दिया। इसी दौरान 2021 में ईडी ने इस आधार पर एक शिकायत दर्ज की। ईडी की शिकायत को 'एनफ़ोर्समेंट केस इनफ़ॉर्मेशन रिपोर्ट' कहते हैं। इस शिकायत की जाँच करने के बाद ईडी ने इस साल अपनी चार्जशीट दायर की। इसमें उन्होंने राहुल गांधी और सोनिया गांधी, समेत अन्य लोगों पर पैसों के घोटाले का आरोप लगाया। इस चार्जशीट में कुल सात अभियुक्त थे, जिसमें यंग इंडियन कंपनी के साथ-साथ उनके निदेशक सुमन दुबे और सैम पित्रोदा भी शामिल थे। आमतौर पर किसी भी अपराध में पहले पुलिस एफआईआर दर्ज कर उसकी तहकीकात कर कोर्ट में चार्जशीट दायर करती है। उसका संज्ञान लेने के बाद कोर्ट तय करती है कि किन आधारों पर मुकदमा चलना चाहिए। अगर पैसों की हेराफेरी हुई है तो ईडी उसकी जांच करती है। नेशनल हेराल्ड मामले में आरोपियों का कहना था कि चूंकि इस मामले में पुलिस में कोई शिकायत या एफ़आईआर दर्ज नहीं की थी, इसलिए ईडी इस मामले में आगे जांच नहीं कर सकती है। कोर्ट ने अभियुक्त के तर्कों से सहमति जताते हुए कहा कि ईडी पैसों के घोटाले के लिए तभी जाँच कर सकती है, जब कोई एफ़आईआर के तहत जांच से वह अपराध उजागर हो, जिससे पैसे आए हों। कोर्ट ने ईडी की चार्जशीट का संज्ञान लेने से मना कर दिया। कोर्ट ने इस बात पर फ़ैसला नहीं दिया है कि नेशनल हेराल्ड मामले में पैसों का घोटाला हुआ है या नहीं। विशेषज्ञों के अनुसार जब कोर्ट चार्जशीट का संज्ञान लेने से मना कर देती है, तो मामला वहीं ख़त्म हो जाता है। बहरहाल यह ईडी और मोदी सरकार के लिए भी झटका है।

# एसआईआर अपडेट से बदल सकता है यूपी का चुनावी नक्शा

**चुनाव आयोग इसे नियमित और जरूरी कवायद बता रहा है, जबकि राजनीतिक दल इसे अपने-अपने चश्मे से देख रहे हैं. एक तरफ बीजेपी फर्जी, डुप्लीकेट और घुसपैठियों के नाम हटाने की बात कर रही है, दूसरी तरफ विपक्ष को आशंका है कि इस प्रक्रिया की आड़ में गरीब, अल्पसंख्यक और प्रवासी तबके के वोट काटे जाएंगे. एसआईआर की शुरुआत 1 नवंबर 2025 से हुई. जनवरी 2025 की मतदाता सूची के मुताबिक उत्तर प्रदेश में कुल 15.44 करोड़ मतदाता दर्ज थे. आयोग का उद्देश्य साफ है मृत मतदाताओं, स्थानांतरित हो चुके लोगों, दोहरी प्रविष्टियों और फर्जी नामों को हटाना, साथ ही नए योग्य मतदाताओं को जोड़ना. इसके लिए बूथ लेवल ऑफिसर के जरिए घर-घर सत्यापन कराया गया. यह प्रक्रिया पहले भी होती रही है, लेकिन इस बार विवाद इसलिए गहरा गया क्योंकि सत्ताधारी दल के शीर्ष नेताओं के बयान सियासी आग में घी डालने लगे.**

**अजय कुमार**

उत्तर प्रदेश की राजनीति इन दिनों मतदाता सूची के एक तकनीकी से दिखने वाले, लेकिन असर में बेहद सियासी मुद्दे के इर्द-गिर्द घूम रही है. स्पेशल इंटेंसिव रिविजन यानी एसआईआर को लेकर ऐसा घमासान मचा है कि यह प्रक्रिया 2027 के विधानसभा चुनाव की बुनियाद बनती नजर आ रही है. चुनाव आयोग इसे नियमित और जरूरी कवायद बता रहा है, जबकि राजनीतिक दल इसे अपने-अपने चश्मे से देख रहे हैं. एक तरफ बीजेपी फर्जी, डुप्लीकेट और घुसपैठियों के नाम हटाने की बात कर रही है, दूसरी तरफ विपक्ष को आशंका है कि इस प्रक्रिया की आड़ में गरीब, अल्पसंख्यक और प्रवासी तबके के वोट काटे जाएंगे. एसआईआर की शुरुआत 1 नवंबर 2025 से हुई. जनवरी 2025 की मतदाता सूची के मुताबिक उत्तर प्रदेश में कुल 15.44 करोड़ मतदाता दर्ज थे. आयोग का उद्देश्य साफ है मृत मतदाताओं, स्थानांतरित हो चुके लोगों, दोहरी प्रविष्टियों और फर्जी नामों को हटाना, साथ ही नए योग्य मतदाताओं को जोड़ना. इसके लिए बूथ लेवल ऑफिसर के जरिए घर-घर सत्यापन कराया गया. यह प्रक्रिया पहले भी होती रही है, लेकिन इस बार विवाद इसलिए गहरा गया क्योंकि सत्ताधारी दल के शीर्ष नेताओं के बयान सियासी आग में घी डालने लगे.

14 दिसंबर 2025 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीजेपी कार्यकर्ताओं की एक बैठक में कहा कि एसआईआर के बाद प्रदेश की मतदाता सूची से करीब चार करोड़ नाम हट सकते हैं. उन्होंने यह भी जोड़ा कि इनमें से 85 से 90 फीसदी नाम बीजेपी समर्थकों के हैं. यह बयान आते ही सियासी हलकों में खलबली मच गई. सवाल उठने लगे कि अगर वास्तव में चार करोड़ नाम हटते हैं तो यह प्रदेश की राजनीति का चेहरा बदल सकता है. योगी के मुताबिक, अब तक करीब 12 करोड़ नाम ही रिकॉर्ड हो पाए हैं, जबकि आबादी के अनुपात में यह संख्या ज्यादा होनी चाहिए. उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे बूथ स्तर पर




सक्रिय होकर छूटे हुए नामों को जोड़वाएं.योगी के बयान के कुछ ही दिन बाद, 17 दिसंबर को पूर्व बीजेपी सांसद सुब्रत पाठक ने एक अलग ही दावा कर दिया. उन्होंने कहा कि कन्नौज लोकसभा क्षेत्र की तीन विधानसभा सीटों में ही करीब तीन लाख नाम कट सकते हैं और ये ज्यादातर समाजवादी पार्टी के वोटर हैं. यह बयान योगी के दावे से उलट दिशा में जाता दिखा. एक तरफ मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि बीजेपी समर्थकों के नाम ज्यादा कट रहे हैं, दूसरी तरफ पार्टी के ही एक वरिष्ठ नेता दावा कर रहे हैं कि नुकसान समाजवादी पार्टी को होगा. यहीं से एसआईआर पर सवाल और गहरे हो गए.


विपक्ष ने इन बयानों को हाथों हाथ लपक लिया. समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि अगर चार करोड़ नामों में 85 फीसदी बीजेपी के हैं, तो इसका मतलब यह हुआ कि बीजेपी के साढ़े तीन करोड़ वोटर फर्जी थे. उन्होंने चुनाव आयोग से पूरी प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच की मांग की. कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने भी आरोप लगाया कि एसआईआर के नाम पर वोट काटने की साजिश रची जा रही है, खासकर उन इलाकों में जहां गरीब, मजदूर और अल्पसंख्यक आबादी ज्यादा है.असल में, अभी तक चुनाव आयोग ने कोई आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं किया है. ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जनवरी 2026 में आएगी और फाइनल सूची फरवरी में प्रकाशित होगी. यानी फिलहाल जो भी दावे किए जा रहे हैं, वे प्राथमिक फीडबैक, कार्यकर्ताओं की रिपोर्ट और अनुमान पर आधारित हैं. यही वजह है कि आंकड़ों से ज्यादा बयानबाजी सुर्खियों में है.योगी आदित्यनाथ के चार करोड़ वाले दावे के पीछे जो गणित बताया जा रहा है, वह भी चर्चा में है. यूपी की आबादी करीब 25 करोड़ मानी जाती है. अगर इसमें 65 फीसदी वयस्क मतदाता मानें, तो आंकड़ा करीब 16 करोड़ के आसपास बैठता है. इसमें हर साल 18 साल पूरे करने वाले नए वोटरों को जोड़ना भी शामिल है. ऐसे में 12 करोड़ नाम रिकॉर्ड होने की बात सुनकर चार करोड़ का अंतर निकालना आसान है. लेकिन यह अंतर वास्तव में नाम कटने का है या अब तक सत्यापन में न आ पाने का, यह साफ नहीं है.

बीजेपी के भीतर भी यह माना जा रहा है कि शहरी इलाकों में बड़ी संख्या में लोग काम के सिलसिले में दूसरे शहरों में रहते हैं, लेकिन गांव का वोट बनाए रखते हैं. सत्यापन के समय ऐसे कई नाम छूट जाते हैं. योगी का जोर इस बात पर था कि पार्टी कार्यकर्ता समय रहते ऐसे मतदाताओं का फॉर्म भरवाएं. उनके भाषण में बांग्लादेशी घुसपैठियों और उम्र में गड़बड़ी वाले उदाहरण भी आए, जिसने पूरे मुद्दे को राष्ट्रीय सुरक्षा और पहचान की राजनीति से जोड़ दिया. दूसरी ओर, सुब्रत पाठक का बयान कन्नौज जैसे समाजवादी पार्टी के मजबूत गढ़ से जुड़ा है. 2019 में यहां से सांसद रहे पाठक 2024 में अखिलेश यादव से चुनाव हार चुके हैं. ऐसे में उनके बयान को स्थानीय सियासत और 2027 की तैयारी के तौर पर देखा जा रहा है. उनका दावा है कि फर्जी और डुप्लीकेट नामों का सबसे ज्यादा फायदा समाजवादी पार्टी को मिला है और एसआईआर के बाद उसकी असलियत सामने आ जाएगी. हालांकि, इस दावे के समर्थन में भी कोई आधिकारिक आंकड़ा नहीं है.

चुनाव आयोग ने बार-बार कहा है कि एसआईआर पूरी तरह पारदर्शी प्रक्रिया है और किसी भी नाम को हटाने से पहले नोटिस और अपील का मौका दिया जाता है. आयोग का कहना है कि अंतिम सूची आने से पहले किसी भी तरह का निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी. इसके बावजूद राजनीतिक बयानबाजी थमने का नाम नहीं ले रही.अगर दूसरे राज्यों के अनुभव देखें तो तस्वीर थोड़ी साफ होती है. बिहार और पश्चिम बंगाल में हुए एसआईआर में बड़ी संख्या में युवा मतदाताओं के नाम जुड़े हैं, जबकि मृत, डुप्लीकेट और लंबे समय से बाहर रह रहे लोगों के नाम कटे हैं. वहां किसी एक पार्टी को सीधा फायदा या नुकसान होने की बात साफ तौर पर सामने नहीं आई. यूपी में भी यही पैटर्न दोहराया जा सकता है, लेकिन यहां का पैमाना और सियासी दांव कहीं बड़े हैं. सवाल आखिर में यही है कि मतदाताओं की संख्या घटने या बढ़ने से फायदा किसे होगा. इसका जवाब अभी किसी के पास नहीं है. यह इस बात पर निर्भर करेगा कि किन इलाकों में, किस सामाजिक वर्ग के और किस उम्र के मतदाताओं के नाम सूची से बाहर होते हैं या जुड़ते हैं. फिलहाल इतना तय है कि एसआईआर ने 2027 के चुनाव से पहले राजनीतिक तापमान बढ़ा दिया है. जब तक जनवरी-फरवरी 2026 में आधिकारिक आंकड़े सामने नहीं आते, तब तक योगी हों या अखिलेश, हर बयान सियासत का हिस्सा बना रहेगा और वोटर लिस्ट राजनीति का सबसे बड़ा हथियार बनी रहेगी.

अध्यात्म

## बार-बार रूचि बदलते रहने से कोई भी कुछ प्राप्त नहीं कर पाओगे



एक लड़के ने एक बार एक बहुत ही धनवान व्यक्ति को देखकर धनवान बनने का निश्चय किया। वह धन कमाने के लिए कई दिनों तक मेहनत कर धन कमाने के पीछे पड़ा रहा और बहुत सारा पैसा कमा लिया।

इसी बीच उसकी मुलाकात एक विद्वान से हो गई। विद्वान के ऐश्वर्य को देखकर वह आश्चर्यचकित हो गया और अब उसने विद्वान बनने का निश्चय कर लिया और अगले ही दिन से धन कमाने को छोड़कर पढने-लिखने में लग गया।

वह अभी अक्षर ज्ञान ही सिख पाया था, की इसी बीच उसकी मुलाकात एक संगीतज्ञ से हो गई। उसको संगीत में अधिक आकर्षण दिखाई दिया, इसीलिए उसी दिन से उसने पढाई बंद कर दी और संगीत सिखने में लग गया।

इसी तरह काफी उम्र बित गई, न वह धनी हो सका ना विद्वान और ना ही एक अच्छा संगीतज्ञ बन पाया। तब उसे बड़ा दुख हुआ। एक दिन उसकी मुलाकात एक बहुत बड़े महात्मा से हुई। उसने महात्मन को अपने दुःख का कारण बताया।

महात्मा ने उसकी परेशानी सुनी और मुस्कुराकर बोले- बेटा, दुनिया बड़ी ही चिकनी है, जहाँ भी जाओगे कोई ना कोई आकर्षण अवश्य दिखाई देगा। जीवन में एक दृढ़ निश्चय कर लो और फिर आजीवन उसी पर प्रयासरत रहो तो तुम्हें सफलता की प्राप्ति अवश्य हो जाएगी, नहीं तो दुनियाँ के झमेलों-झंझटों में यूँ ही चक्कर खाते रहोगे। बार-बार रूचि बदलते रहने से कोई भी कुछ प्राप्त नहीं कर पाओगे।

युवक को महात्मा की बात समझ आगई और एक लक्ष्य निश्चित कर उसी का अभ्यास करने लगा, अंततः उसे अपना लक्ष्य मिल ही गया। इसी प्रकार प्रभु भक्ति में भी निरंतरता से लगे रहना चाहिए। एक न एक दिन प्रभु की कृपा आपके ऊपर अवश्य ही होगी।

# जरूरी है परमाणु जवाबदेही बाधाओं से मुक्ति

**आखिरकार नरेंद्र मोदी सरकार ने विपक्ष के तमाम विरोध और हंगामे के बावजूद 'शांति विधेयक-2025' अर्थात् 'भारत परिवर्तन के लिए नाभिकीय ऊर्जा का सतत दोहन तथा उन्नयन विधेयक-2025' लोकसभा से पारित करा लिया। इस विधेयक का उद्देश्य परमाणु ऊर्जा अधिनियम 1962 और परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम 2010 को निरस्त करना है। दरअसल भारत ने 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा बनाने का लक्ष्य रखा है। इसे हासिल करने की दृष्टि से ऊर्जा विशेषज्ञों का मानना है कि इस बड़े लक्ष्य को प्राप्ती के लिए निजी कंपनियों का सहयोग जरूरी है। अकेली सरकारी संस्थाओं के बूते इस मकसद को पूरा करना मुमकिन नहीं है।**

**प्रमोद भार्गव**

अतएव इस नए विधेयक के आने से परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में बड़ा बदलाव लाने की उम्मीद की जा रही है। यह विधेयक परमाणु ऊर्जा के लिए एक सुरक्षित कानूनी ढांचा तैयार करेगा। फलस्वरूप निजी कंपनियां इस क्षेत्र में काम कर सकेंगी। इस क्षेत्र में अभी तक परमाणु ऊर्जा विभाग का ही कब्जा है। इस विधेयक के बाद अतिरिक्त बिजली उत्पादन, ग्रिड एकीकरण और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से विकास होगा।

नागरिक दायित्व अधिनियम (सीएलएनडीए) 2010 में दो महत्वपूर्ण संशोधन सरकार कर सकती है। इन दो संशोधनों को बड़े सुधारों के रूप में देखा जा रहा है। इस संशोधन के तहत परमाणु संयंत्रों को उपकरण सप्लाई करने वाली कंपनियों की जिम्मेदारी सीमित की जा सकती है। मसलन यदि कोई दुर्घटना होती है तो उनकी जिम्मेदारी अनुबंध की मूल राशि और एक निर्धारित समय तक ही सीमित रहेगी। इस परिप्रेक्ष्य में बतौर उदाहरण विदेशी कंपनी जैसे जीई-हिताची वेस्टिंग हाउस को इस कानून के कारण निवेश में हिचक होती रही है। दूसरा संशोधन परमाणु ऊर्जा अधिनियम 1962 में प्रस्तावित है। यह कानून फिलहाल केवल सरकारी स्वामित्व वाली कंपनियों को ही परमाणु संयंत्र चलाने की अनुमति देता है। इसे संशोधित किया जाता है तो निजी कंपनियों को भी परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के संचालन की अनुमति मिल जाएगी। इस परिवर्तन से विदेशी कंपनियों के लिए भविष्य के परमाणु प्रोजेक्ट में अंशिक हिस्सेदारी का द्वार खुल जाएगा। साफ है, ये उपाय हो जाते हैं तो परमाणु उत्पादन बढ़ने की संभावनाएं तो बढ़ जाएंगी, लेकिन स्वच्छ ऊर्जा और परमाणु दुर्घटना होने पर कंपनियों को नागरिक जवाबदेही से मुक्ति मिल जाएगी। याद रहे मनमोहन सिंह सरकार के प्रधानमंत्री रहते हुए भारत-अमेरिका के बीच हुए परमाणु समझौते के बाद जो राजनीतिक तूफान उठा था, उसके चलते संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन-1 सरकार गिरते-गिरते बची थी।

दरअसल सरकार परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को बाधा मुक्त इसलिए करना चाहती है जिससे 2047 तक सौ गीगावाट परमाणु ऊर्जा के उत्पादन का लक्ष्य हासिल कर लिया जाए। इसी लक्ष्य पूर्ति के लिए सरकार परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी भागीदारी बढ़ाना चाहती है। इसीलिए 2024-25 के आम बजट में लघु परमाणु संयंत्रों के लिए सरकार ने बड़े बजट का प्रावधान किया था। इस क्षेत्र में नया प्रयोग करते हुए पहली बार निजी कंपनियों को लघु परमाणु संयंत्र समूचे देश में स्थापित करने का अवसर दिया जाएगा। कालांतर में विदेशी कंपनियों को भी परमाणु संयंत्र लगाने की अनुमति दी जा सकेगी। साथ ही मॉड्यूलर (प्रतिरूपक) रिएक्टर के आधुनिकीकरण के लिए शोध और विकास पर भी धनराशि खर्च की जाएगी। जिससे परमाणु ऊर्जा में नई प्रौद्योगिकी का विकास हो, इसे पीपीपी मॉडल पर क्रियान्वित किया जाएगा। इसका उद्देश्य देश में स्वच्छ एवं वैकल्पिक बिजली को बढ़ावा देना है। फरवरी 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका यात्रा पर गए थे, तब भारत में छोटे परमाणु संयंत्र लगाने और भारत में ही उत्पादन करने का समझौता हुआ था। एआई के दौर में ऊर्जा की खपत असाधारण रूप से बढ़ने की उम्मीद है। यह एक कंप्यूटर की भाषा का कृत्रिम बुद्धि से जुड़ा मॉडल है। भाषा मॉडल ऐसे मशीन लर्निंग मॉडल हैं, जो मानव भाषा के पाठ को समझ सकते है और सृजित भी कर सकते हैं। ये मॉडल भाषा के बड़े डेटा भंडार का विश्लेषण करने पर भी सक्षम होते हैं। सुपर और क्वांटम कंप्यूटर में इसी एआई की जरूरत पड़ेगी। इसके लिए परमाणु ऊर्जा की जरूरत लघु परमाणु संयंत्रों से ही संभव हैं। स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन में इसे क्रांतिकारी पहल माना जा रहा है।

विकसित भारत के लिए ऊर्जा की उपलब्धता एक बड़ी जरूरत है। इसलिए सरकार सिर्फ पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भर नहीं रहना चाहती है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जिस तरह से हमारी सेना ने पाकिस्तान के आतंकी और गैर-सैन्य ठिकानों को ध्वस्त किया था, उन आयुधों के निर्माण और संचालन के लिए भी परमाणु ऊर्जा की जरूरत पड़ती है। इस परिप्रेक्ष्य में सौर और पवन ऊर्जा पर सरकार पहले ही काफी कुछ कर चुकी है। अतएव अब फोकस परमाणु ऊर्जा पर केंद्रित है। क्योंकि इसमें संभावनाएं अधिक हैं। आम बजट पेश करते हुए वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने ऊर्जा सुरक्षा को सरकार की नौ प्राथमिकताओं में गिनाया था। ऊर्जा बदलाव के संबंध में एक नीतिगत दस्तावेज तैयार करने की बात भी कही गई है। इससे यह तय होगा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में किस तरह से पारंपरिक ऊर्जा की जगह धीरे-धीरे अपारंपरिक ऊर्जा के स्रोत का महत्व बढ़ रहा है। यह दस्तावेज ऊर्जा क्षेत्र में रोजगार, विकास और पर्यावरण से जुड़े मुद्दों का भी समाधान खोजेगा। अतएव इसी परिप्रेक्ष्य में निकेल, कोबाल्ट, तांबा और लिथियम जैसी धातुओं के उत्पादों के आयात पर शुल्क घटाया है। इन उत्पादों का प्रयोग परमाणु और सौर ऊर्जा के साथ दूसरे ऊर्जा उत्सर्जन उपायों में भी होता है। आयात सस्ता होने से इनका निर्माण भारत में करने में आसानी होगी। यही नहीं परमाणु ऊर्जा, नवीनीकरण ऊर्जा और अंतरिक्ष एवं रक्षा क्षेत्रों में इस्तेमाल होने वाली 25 धातुओं पर सीमा शुल्क को पूरी तरह खत्म कर दिया गया है। यानी छोटे परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के रास्ते साफ किए जा रहे हैं।

हालांकि परमाणु ऊर्जा से उत्पन्न खतरों की आशंकाएं भी एकदम बेबुनियाद नहीं हैं। इसलिए परमाणु संयंत्रों की सुरक्षा भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। रूस के चेर्नोबिल और जापान के फुकुशिमा परमाणु संयंत्र में हादसे के बाद इस तरह की चिंताएं जरूरी हैं। क्योंकि वैज्ञानिक प्रगतियों के बावजूद प्राकृतिक आपदाओं के सामने हम बौने हैं। जापान में महज दस सेकेंड के लिए आई सुनामी नामक विराट आपदा ने फुकुशिमा की वैज्ञानिक उपलब्धियों को चकनाचूर कर दिया था। सृष्टि को संजीवनी देने वाले तत्व हवा, पानी और अग्नि जब न्यूनतम मर्यादाओं की सीमा लांघकर भीषण विराटता रचते हैं तो दसों दिशाओं में सिर्फ और सिर्फ विनाशलीला का मंजर दिखाई देता है। इसलिए जरुरी है कि परमाणु रिएक्टर प्रदायक कंपनियों को कड़ी शर्तों के तहत मुआवजे के प्रावधान निर्धारित हों या फिर बीमा कंपनियों को दुर्घटना की स्थिति में क्षतिपूर्ति से जोड़ा जाए।

परमाणु बिजली संयंत्रों में ग्रेफाइट मॉडरेट के रुप में प्रयोग होता है। जिसमें पानी की बहुत थोड़ी मात्रा विलय करने से हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के विखण्डन के समय बहुत अधिक तापमान के साथ उर्जा निकलती है। इस उर्जा का दबाव टर्बाइन को तीव्रतम गति से घुमाने का काम करता है। नतीजतन बिजली उत्पन्न होती है। रिएक्टरों के इस उच्चतम तापमान को एक सेंटीग्रेट तक काबू में रखने के लिए रिएक्टरों पर ठंडे पानी की निरंतर प्रबल धाराएं छोड़ी जाती हैं। हालांकि प्राकृतिक अथवा अन्य आपदा की स्थिति में ये परमाणु संयंत्र अचूक कंप्यूटर प्रणाली से संचालित व नियंत्रित होने के कारण खुद-ब-खुद बंद हो जाते हैं। लेकिन इस अवस्था में विरोधाभासी स्थिति यह होती है कि जल से हाइड्रोजन और ऑक्सीजन का नाभिकीय विखण्डन तो थम जाता है, किंतु रासायनिक प्रक्रियाएं और भौतिक दबाव एकाएक नहीं थमते। गोया, जलधारा का प्रवाह बंद होते ही रिएक्टरों का तापमान 5000 डिग्री सेंटीग्रेट से बढ़कर 10000 डिग्री सेंटीग्रेड तक पंहुच जाता है। यह तापमान जीव-जंतुओं को तो क्या स्टील जैसी ठोस धातु को भी पल भर में गला देता है। इस लिहाज से इन संयंत्रों के संभावित खतरों को एकाएक नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
दिन आपके लिये शुभ नहीं रहेगा। प्राइवेट नौकरी कर रहे लोगों को अधिकारियों से परेशानी हो सकती है। एन्टीक वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं।

**वृषभ**
व्यावसायिक निवेश से आर्थिक लाभ में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिल सकता है। इन्टरव्यू में आपको उत्तम सफलता मिलेगी।

**मिथुन**
अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। नयी स्किल सीखने के अवसर मिल सकते हैं। प्रभावशाली लोगों के बीच आपका प्रभाव बढ़ेगा।

**कर्क**
कार्यक्षेत्र में बाधाओं का सामना करना पड़ेगा। वरिष्ठजनों के साथ आपके सम्बन्ध अत्यन्त मधुर रहेंगे। यदि यात्रा के लिये जा रहे हैं तो सावधानी रखें।

**सिंह**
राजनीति से जुड़े लोगों को अपनी प्रतिष्ठा की चिन्ता रहेगी। म्यूचुअल फण्ड से आपको धन लाभ मिलेगा। सहकर्मियों के साथ मनमुटाव हो सकता है।

**कन्या**
व्यवसाय में किसी बड़ी कम्पनी से डील हो सकती है। विरोधियों से सीधे भिड़ने से बचें। अपनी रचनात्मक क्षमता का अच्छा प्रयोग कर पायेंगे।

**तुला**
नयी सम्पत्ति खरीदने के लिये समय उत्तम है। जीवनसाथी के साथ आप घूमने जा सकते हैं। आपके मृदु व्यवहार की प्रशंसा होगी।

**वृश्चिक**
आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। लोग आपसे प्रेरणा लेंगे। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। कानूनी अड़चनों का सामना करना पड़ सकता है।

**धनु**
आज आपको व्यवहारिक निर्णय लेने चाहिये। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव कम होगा। अपनी उपलब्धियों पर गर्व करेंगे। जॉब में आपके अधिकार कम हो सकते हैं।

**मकर**
परिवार की सुख-सुविधाओं पर आप ध्यान देंगे। पारिवारिक वातावरण अत्यन्त सुखद रहेगा। विवाह योग्य लोगों को विवाह के रिश्ते मिल सकते हैं। योजनाओं को लेकर कन्फ्यूज हो सकते हैं।

**कुंभ**
कारोबार में अपेक्षा से अधिक धन लाभ प्राप्त होगा। सम्पत्ति को लेकर विवादों का निपटारा होगा। अविवाहित लोगों को विवाह के रिश्ते मिल सकते हैं।

**मीन**
दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। चिकित्सकों के लिये दिन बहुत ही शानदार रहने वाला है। फाइनेन्स को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लेने वाले हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला के अगवा के मामले में दो गिरफ्तार



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रूपसपुर पुलिस ने महुआबाग निवासी विधवा महिला के अगवा के मामले में दो नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार वसीद अहमद चकिया मोतिहारी व मिथ्लेश कुमार मोजाहिद मेंहसी मोतिहारी निवासी है. थानाध्यक्ष शशि भूषण सिंह ने बताया कि पीडिता विधवा महिला के पति के निधन होने के बाद महुआबाग में किराये में रह रही थी . इसी दौरान एक युवक के साथ महिला लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी. किसी बात को लेकर विवाद हो गया और युवक ने महिला के साथ मारपीट करते हुए अगवा कर ले जाने लगा था. इसका महिला ने विरोध किया . पीडिता महिला ने स्थानीय पुलिस को सूचना दे दी. सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों आरोपी को गिरफ्तार किया है .पीडिता के बयान पर वसीद अहमद व मिथलेश के विरूद्ध नामजद मामला दर्ज कराया है. गिरफ्तार वसीद व मिथलेश से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

### विधायक और सभापति ने किया नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास



**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रविवार को मनेर पड़ावपर, हाई स्कूल के पास मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत आरसीसी नाला निर्माण कार्य का विधायक भाई वीरेन्द्र व नगर परिषद के सभापति विद्याधर विनोद सिंह ने संयुक्त रूप से शिलान्यास किया। रंजन इंजीकॉन के द्वारा नाले का निर्माण किया जा रहा है जो मनेर पड़ावहाई स्कूल से शुरू हो कर गांधी मैदान, चर्च मुहल्ले, आजाद नगर तक होगा।वहाँ से पूर्व के निर्मित नाले में जोड़ दिया जाएगा। जिससे गांधी मैदान में जमा होने वाले वर्षा जल एवं राष्ट्रीय राजमार्ग पर पानी लगने का खतरा नहीं रहेगा। इस अवसर पर विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा कि विधान सभा का संपूर्ण विकास ही मकसद रहा है। जनता से जो भी वादा किया था उसे पूरा किया है। जनता का कार्य करना ही प्राथमिकता है, सदैव विकास की ओर अग्रसर रहे और आगे भी रहेंगे। वही नप सभापति विधाधर विनोद सिंह ने कहा कि अपने क्षेत्र की जनता के लिए उनके सुख- दुख में हमेशा खड़ा रहा हूं। यहां के सर्वांगीण विकास व समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक विकास की किरण पहुंचाना ही लक्ष्य है। मौके पर पार्षद अखिलेश यादव, पार्षद प्रतिनिधि रणबीर कुमार, पूर्व पार्षद अशोक राय, समाजसेवी शैलेश कुमार, योगेंद्र कुमार, मोनू माया, विक्की कुमार सहित कई लोग थे।

### कड़ाके की ठंडे में दिव्यांगों के बीच कंबल वितरण

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए दिव्यांग विकास मंच बिहार व कौशल्य फाउंडेशन के सहयोग से प्रखंड परिसर में दिव्यांगों के बीच कंबल वितरण किया गया. जरूरतमंद दिव्यांगों के बीच कंबल का वितरण कर ठंड से बचने के लिए एक पहल किया गया है.इस अवसर पर पवन सीबीओ के धनंजय कुमार, मंच के सचिव पप्पू कुमार व बिहार विकलांग अधिकार मंच के राज्य सचिव राकेश कुमार ने कहा कि समाज सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं होता. मंच का यह प्रयास सिर्फ एक दिन का नहीं, बल्कि यह एक निरंतर चलने वाला अभियान है. कंबल वितरण साप्ताहिक रूप से किया जाएगा और गांव-कस्बों में रह रहे जरूरतमंद दिव्यांगों तक पहुंचकर उन्हें ठंड से बचाव के लिए कंबल उपलब्ध कराए जाएंगे. कोई भी दिव्यांग ठंड के कारण असहाय न रहे. मंच का लक्ष्य है कि हर जरूरतमंद दिव्यांगों तक सहायता पहुंचे. ठंड के इस मौसम में उनके लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है. मौके पर मंच की अध्यक्ष विभा कुमारी,कमलेश, कारू, शिव कुमार राय, संतोष कुमार, झुनमुन साव, विक्की कुमार, स्वाति कुमारी, नाजनी, पायल, सीमा, पिंटू, दिनेश, मुरारी समेत आदि मौजूद थे.

### नप प्रशासन ने आधा दर्जन जगहों पर जलाया अलाव

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए अनुमंडल प्रशासन के निर्देश पर अंचल वनगर परिषद प्रशासन ने नगर के चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाया गया. रामजीचक आश्रय स्थल, रूपसपुर नहर पर वेडिंग जोन, गोला रोड शिव मंदिर के पास, सगुना मोड,गुरूद्वारा मोड, रामजानकी मंदिर, व्यापार मंडल, प्राचीन देवी मंदिर नासरीगंज, ताराचक शौचालय , शाहपुर मंदिर , दाउदपुर बाजार गली के पास व दाउदपुर पेट्रोल पंप के पास अलाव जलाया गया है. परिषद के ईओ पंकज कुमार ने बताया कि डीएम व एसडीओ के आदेश पर ठंड को देखते हुए अलाव जलाये जा रहे हैं. मौके पर परिषद के रोकड़पाल सुभाष कुमार समेत अन्य कर्मी मौजूद थे.वही सीओ चंदन कुमार ने बताया कि कडाके ठंड को देखते हुए बस पडाव व अनुमंडलीय अस्पताल परिसर समेत अन्य जगहों पर अलाव जलाया जा रहा है.

### दानापुर एक दिन से बुजुर्ग महिला लापता

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के अशोपुर के आरकेपूरम स्थित वींसम प्लाजा निवासी पोखराज सिंह की 75 वर्षीय पत्नी रमोला देवी शनिवार को सुबह से घर लापता है. इस संबंध में उनके पति पोखराज सिंह ने स्थानीय थाना में गुमशुदगी का लिखित शिकायत किया है. लिखित आवेदन में पोखराज ने बताया कि शनिवार को सुबह करीब 11 बजे मेरी पत्नी रमोला देवी बिना बताये घर से चली गई है और देर शाम तक घर नही लौटी तो अपने रिश्तेदारों और आसपास खोजबीन किया. परंतु कही कुछ पता नही चला उन्होंने बताया कि मूल निवासी नरगदा शाहपुर का निवासी है. थानाध्यक्ष ने बताया कि लापता बुजुर्ग महिला का खोजबीन किया जा रहा है.

### नगर परिषद ने 22 चिन्हित स्थलों पर अलाव जलाएं

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद प्रशासन ने शीतलहर और तेज पछुआ हवा के प्रकोप के मद्देनजर ठंड से राहत देने के उद्देश्य से अलाव की व्यवस्था की। कार्यपालक पदाधिकारी सिद्धार्थ हर्षवर्धन व नगर परिषद सभापति विधाधर विनोद के नेतृत्व में नगर क्षेत्र के 22 चिन्हित स्थलों पर अलाव जलाए गए। सुबह से चिन्हित सभी स्थानों पर अलाव जलाए गए, जिसका स्थानीय लोगों ने लाभ उठाया। शाम के समय तापमान में अधिक गिरावट और ठंडी हवाओं के कारण बाजार, चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। नगर परिषद की इस व्यवस्था से आमजन, राहगीरों और जरूरतमंदों को राहत मिली। लोग अलाव के आसपास एकत्र होकर ठंड से बचाव करते देखे गए। नगर परिषद अध्यक्ष विद्याधर विनोद सिंह ने बताया कि शनिवार से ही अलाव चौक चौराहों पर जलाए जा रहे हैं एवं ठंड रहने तक निरंतर चलता रहेगा।

### इमैनुएल ग्रुप ऑफ स्कूल्स में 18वां वार्षिक दिवस एवं क्रिसमस उत्सव धूमधाम से संपन्न.

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इमैनुएल ग्रुप ऑफ स्कूल्स, इमैनुएल नगर, निहुरा में शनिवार को विद्यालय का 18वां वार्षिक दिवस एवं क्रिसमस उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना एवं स्वागत गीत से हुई. इसके बाद विद्यार्थियों ने नृत्य, नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से द्यविविधता में एकताद्ध की भावनाओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया. बच्चों ने तमिल, तेलुगू,




पंजाबी, बिहारी, गुजराती सहित विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक झलकियां मंच पर प्रस्तुत कीं, जिसे देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए. सार्थक सिंह, आरव कुमार, अनुष्का कुमारी, सिमरन कौर और आदित्य राज सहित कई विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से खूब तालियां बटोरी. मुख्य अतिथि नीरज कुमार सिंह, एमएलसी, पटना एवं वरिष्ठ प्रवक्ता जदयू ने कहा कि बिहार ज्ञान की भूमि रही है और नालंदा विश्वविद्यालय आज भी विश्व में शिक्षा का केंद्र है. विशिष्ट अतिथि सुशीता अनुपम, आईएएस, एडीजी सह विशेष सचिव, गृह विभाग, बिहार सरकार ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को व्यक्तित्व विकास के लिए आवश्यक बताया. संस्थापक निदेशक आर्चबिशप डॉ. ई. ए. अब्राहम ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को संस्कारवान एवं देशसेवा के लिए तैयार करना है. वहीं प्रिंसिपल प्रिंसी मैम ने कहा कि बहुभाषी और सांस्कृतिक शिक्षा के माध्यम से बच्चों को भविष्य के लिए सक्षम बनाया जा रहा है. धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ.

# बिहार राज्य सब जूनियर बालिका हैंडबॉल की मुंगेर को हरा सारण बनी विजेता

**डॉ. चन्द्रिका बाबू खेल महोत्सव में कबड्डी, कुश्ती, एथलेटिक्स व वॉलीबॉल मुकाबले सम्पन्न**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के हुलासगंज प्रखंड अंतर्गत कसियावा स्थित डॉ. चन्द्रिका प्रसाद यादव स्पोर्ट्स एकेडमी के प्रांगण में डॉ. चन्द्रिका बाबू खेल महोत्सवझ्र2025 के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय 10वीं बिहार राज्य सब जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता का समापन भव्य एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में सारण की बालिका टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मुंगेर को 9झ्र2 गोल के अंतर से पराजित कर विजेता ट्रॉफी एवं स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता में उपविजेता रहते हुए मुंगेर की टीम को रजत पदक प्रदान किया गया, जबकि पटना एवं नवादा की टीमों को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान की ट्रॉफी एवं कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से बताया कि डॉ. चन्द्रिका बाबू खेल महोत्सव का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करना है। इस दौरान कड़ाके की ठंड से बेपरवाह सारण की बालिकाओं ने पूरे टूनामेंट में बेहतरीन टीम संयोजन और खेल कौशल का परिचय दिया। सेमीफाइनल मुकाबले में सारण ने नवादा को 9झ्र4 गोल से पराजित किया था, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में मुंगेर ने पटना को 4झ्र1 गोल से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल जीतने के बाद सारण की खिलाड़ियों ने भावुक होकर खेल मैदान की मिट्टी को नमन किया, जिसने दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता में बेस्ट गोलकीपर का खिताब सारण की रीमा कुमारी को, जबकि बेस्ट प्लेयर का सम्मान मुंगेर की दीपशिखा कुमारी को दिया गया। प्रतियोगिता के समापन पर पारितोषिक वितरण समारोह को संबोधित करते हुए आयोजन समिति अध्यक्ष एवं मां कमला चन्द्रिका जी विद्यापीठ, जहानाबाद के चेयरमैन डॉ. संजय कुमार ने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ भाईचारा, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम का सशक्त माध्यम है। अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया तथा बेहतर आयोजन के लिए बिहार हैंडबॉल संघ एवं सभी टीमों की सराहना की। खेल महोत्सव के अंतर्गत हैंडबॉल के साथ-साथ कबड्डी, कुश्ती एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का भी सफल आयोजन किया गया। इसके अलावा मां कमला चन्द्रिका जी विद्यापीठ की टीम ने कबड्डी एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जिसमें कबड्डी में विद्यापीठ की टीम उपविजेता रही, जबकि वॉलीबॉल (बालक वर्ग) में विद्यापीठ की टीम ने विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। इन प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर खेल प्रेमियों का उत्साह बढ़ाया।मौके पर बिहार हैंडबॉल संघ के महासचिव श्री ब्रजकिशोर शर्मा, कोषाध्यक्ष श्री त्रिपुरारी प्रसाद, हाजीपुर के डॉ. सौरभ प्रकाश, अलखदेव, जहानाबाद जिला हैंडबॉल सचिव सह आयोजन सचिव श्री आलोक कुमार, रोहतास हैंडबॉल सचिव विनय कुमार, मुंगेर सचिव राकेश कुमार, बालाजी, मो. इमरान, राष्ट्रीय रेफरी चंदन कुमार, संजीव कुमार, अभिषेक कुमार सिंह तथा रामलखन सिंह यादव कॉलेज, जहानाबाद की प्राचार्या मंजू कुमारी , डॉ० खालिद सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# 10 दिवसीय नि:शुल्क अभिनय कार्यशाला का आयोजन






**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एसोसिएशन फॉर सोशल हारमोनी एंड आर्ट के तत्वावधान में 10 दिवसीय निःशुल्क अभिनय कार्यशाला का भव्य शुभारंभ द एक्टर्स स्पेस एंड एक्टिंग स्कूल, पटना में किया गया। यह कार्यशाला 20 दिसंबर 2025 से 30 दिसम्बर 2025 तक आयोजित की जा रही है। इसमें बिहार के विभिन्न जिलों से आए युवा प्रतिभागी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। कार्यशाला के पहले ही दिन प्रतिभागियों में दिखा उत्साह और ऊर्जा इस आयोजन की सफलता का संकेत दे रहा है। इस विशेष अभिनय कार्यशाला में प्रशिक्षक के रूप में बिहार के चर्चित युवा रंगकर्मी, राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित एवं मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय (एमपीएनएस) के पूर्व छात्र जहांगीर खान प्रतिभागियों को अभिनय की बारीकियाँ सिखा रहे हैं। अपने लंबे रंगमंचीय अनुभव के आधार पर वे प्रतिभागियों को अभिनय के सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों पक्षों से परिचित करा रहे हैं। कार्यशाला के प्रथम दिन परिचयात्मक सत्र के उपरांत अभिनय के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर गंभीर चर्चा की गई। इस दौरान एकाग्रता बढ़ाने, शरीर और मन के बीच संतुलन स्थापित करने, सामूहिक भावना के साथ कार्य करने तथा अनुशासन के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिभागियों को विभिन्न अभ्यासों के माध्यम से यह सिखाया गया कि किस प्रकार टीमवर्क और आपसी समझ के साथ किसी भी रचनात्मक कार्य को बेहतर ढंग से संपादित किया जा सकता है। कार्यशाला में इस बात पर भी विस्तार से विमर्श किया गया कि अभिनय कार्यशालाओं की सार्थकता केवल अभिनय या रंगमंच में करियर बनाने वालों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन के हर क्षेत्र में उपयोगी है। वक्ताओं ने कहा कि रंगमंच, अभिनय और कला की अन्य विधाएँ व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारने, आत्मविश्वास बढ़ाने और समाज को बेहतर ढंग से समझने में सहायक होती हैं। कला, विशेष रूप से प्रदर्शन कला और रंगमंच, जीवन के अनुभवों के नए द्वार खोलती है और व्यक्ति को संवेदनशील व जागरूक बनाती है। इस कार्यशाला में महिमा आंगिक अभिनय के प्रशिक्षक के रूप में प्रतिभागियों को शारीरिक अभिव्यक्ति, भाव-भंगिमा और मंच पर उपस्थिति के विविध पहलुओं से अवगत करा रही हैं। वहीं सोनू कुमार और सिमरन कुमारी कार्यशाला के समन्वयक के रूप में संपूर्ण आयोजन को सुचारू रूप से संचालित कर रहे हैं। कार्यशाला का संचालन और मार्गदर्शन सुल्ताना परवीन के देखरेख में किया जा रहा है, जिनके अनुभव और नेतृत्व से यह आयोजन और भी सशक्त बन रहा है। कार्यशाला से जुड़े प्रतिभागियों का उत्साह, अनुशासन और सीखने की ललक अत्यंत सराहनीय रही। जिस प्रकार से प्रतिभागी पूरे मनोयोग और समर्पण के साथ अभ्यासों में भाग ले रहे हैं, वह यह दशार्ता है कि यह कार्यशाला न केवल अभिनय के क्षेत्र में बल्कि उनके व्यक्तिगत विकास में भी एक नई दिशा देने का कार्य करेगी ।

## मध्य विद्यालय मखदुमपुर में मनाया गया पेंशनर दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता मखदुमपुर (जहानाबाद):-** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर बाजार स्थित मध्य विद्यालय परिसर में पेंशनर दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बिहार राज्य पेंशनर समाज के प्रखंड इकाई द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पेंशनरों के विभिन्न समस्याओं पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के संरक्षक अवधेश शर्मा ने कहा कि आज के समय में पेंशनरों के समक्ष कई चुनौतियां आ रही हैं। इसके समाधान के लिए संगठन को तैयार रहना होगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वार्ड पार्षद चुन्नू शर्मा ने कहा कि पेंशनर समाज के प्रत्येक समस्या के समाधान और उनके हितों की रक्षा के लिए हम हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि फिलहाल पेंशनर समाज के लिए कार्यालय संचालन हेतु स्थान मुहैया कराया गया है। उन्होंने बताया कि आगे भी पेंशनरों के तरफ से जो भी मांग किया जाएगा उस पर हमारी ओर से हर संभव सहयोग दिया जाएगा। इस अवसर पर 80 वर्ष या उससे ऊपर के मौजूद पेंशनरों को अंग वस्त्र एवं बुके आदि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वीरेंद्र शर्मा ने किया। कार्यक्रम को संगठन सचिव डॉ राजेंद्र प्रसाद, कमलेश्वर शर्मा, बालेश्वर सिंह, चंदेश्वर प्रसाद समेत कई अन्य पेंशनरों ने संबोधित किया।

## मखदुमपुर पुलिस ने दो वारंटी को किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता मखदुमपुर (जहानाबाद):-** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना की पुलिस ने पूर्व के केस में फरार चल रहे दो वारंटी को गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पूर्व के केस में फरार चल रहे दो लोगो को गुरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि कचनामा गांव में छापेमारी कर कलेण्दर बिंद एवं बिनोद यादब को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों लोगों के विरुद्ध न्यायालय से गिरफ्तारी का वारंट निर्गत था जिसे गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# हथियार के साथ फरार चल रहे अपराधी गिरफ्तार



**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अपराध की कई घटनाओं में फरार चल रहे टॉप टेन अपराधी को पुलिस ने सूचना पर फायरिंग करते हुए माधोपुर गांव के पास से रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। टॉप 10 अपराधी के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा एक कारतूस और एक खोखा को बरामद किया है। गिरफ्तार अपराधी मनेर थाना में पूर्व से ही दर्ज है। मनेर पुलिस काफी दिनों से अपराधी की गिरफ्तारी के लिए तलाश में जुटी हुई थी। इसके बाद सूचना मिलते ही पुलिस ने अपराधी को मनेर के माधोपुर गांव में लोगों के बीच दहशत बनाने की नीयत से फायरिंग करने के दौरान ही गिरफ्तार कर लिया गया। बताया जाता है कि माधोपुर गांव के रहने वाले भगवान साहू का पुत्र आकाश कुमार पटना जिले की पुलिस के लिस्ट में टॉप टेन अपराधी है। अपराधी आकाश के ऊपर पूर्व से थाने में तीन मामले दर्ज है। आकाश काफी दिनों से पुलिस के गिरफ्त से बाहर था और फरार चल रहा था। अपराधी को गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार कई ठिकानों पर छापेमारी के लिए काफी दिनों से जुटी हुई थी। इस बीच अपराधी आकाश के द्वारा अपने ही गांव माधोपुर में लोगों के बीच दहशत बनाया जा रहा था। गांव में वर्चस्व को कायम रखने के लिए आकाश कई राउंड फायरिंग कर रहा था। फायरिंग की घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दे दी। इसकी सूचना के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रंगे हाथ फायरिंग करने के दौरान टॉप टेन अपराधी आकाश को हथियार के साथ मौके वारदात से गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में पटना पश्चिमी सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि टॉप टेन अपराधी आकाश कुमार काफी दिनों से पुलिस के गिरफ्त से बाहर था। जिसकी तलाश में पुलिस लगातार जुटी हुई थी। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने माधोपुर गांव से अपराधी को गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए माननीय न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद न्यायिक हिरासत भेज दिया है।

# बराबर पहाड़ी की वादियों में वाणावर महोत्सव की तैयारी जोरों पर

**24 दिसंबर को सजेगी नामचीन कलाकारों की महफिल, वाणावर की वादियों में गूंजेगी संगीत की स्वर लहरियां**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता मखदूमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के ऐतिहासिक प्राकृतिक छटाओं से परिपूर्ण मखदुमपुर प्रखंड का वाणावर पहाड़ में 24 दिसंबर को राज्य सरकार के पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में वाणावर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव को लेकर पहाड़ी इलाका के पातालगंगा स्थित मैदान में भव्य पंडाल का निर्माण कराया गया है। कार्यक्रम के भव्य आयोजन के लिए आकर्षक मंच बनाए जा रहे हैं। महोत्सव का उद्घाटन राज्य सरकार के मंत्री समेत आगत अतिथि करेंगे। वहीं महोत्सव में बॉलीवुड की सुप्रसिद्ध कलाकार लोक गायिका मालिनी अवस्थी अपनी स्वर लहरियों से लोगों को मंत्रमुग्घ करेगी। इस महोत्सव को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा महोत्सव के आयोजन अवसर पर आमजनों को ले जाने के लिए बस संचालित कराती है। वहीं महोत्सव को लेकर जिला प्रशासन द्वारा प्रचार प्रसार शुरू कर दिया गया है। बताते चलें कि वाणावर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2013 से वाणावर महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। जैसा कि ज्ञात हो पहले यह महोत्सव दो दिनों के लिए आयोजित होता था पर अब महोत्सव एक दिन का होने लगा है। पूर्व के महोत्सव में देश के कई नामी गिरामी कलाकार अपना जलवा बिखेर चुके हैं।

## रैपिडो बुकिंग के बहाने लूटपाट करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामकृष्णानगर, कंकड़बाग और आसपास के थाना क्षेत्रों में पिछले करीब दस दिनों से रैपिडो बुकिंग के नाम पर रात में लोगों को बुलाकर चाकू और हथियार का भय दिखाकर मोबाइल व नकदी लूटने की लगातार घटनाएं सामने आ रही थीं. इन वारदातों से इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ था. पुलिस की कार्रवाई में शनिवार और रविवार की दरमियानी रात एक युवक को गिरफ्तार किया गया. पकड़े गए आरोपी की पहचान सोनू कुमार, उम्र करीब 25 वर्ष, पिता रामप्रवेश राम, निवासी सुंदर बिगहा, थाना नूरसराय, जिला नालंदा के रूप में हुई है. आरोपी के पास से छीना गया मोबाइल फोन बरामद किया गया है. इसके अलावा वह मोबाइल भी मिला है, जिसमें लूट की रकम फोन-पे के माध्यम से ट्रांसफर की गई थी. तलाशी के दौरान आरोपी के पास से दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन, एक चाकू, बाइक की चाबी तथा एक हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, बरामद की गई है. पुलिस के अनुसार इसी बाइक का इस्तेमाल लूट की घटनाओं में किया जा रहा था. बताया जा रहा है कि आरोपी रैपिडो बुकिंग के जरिए लोगों को सुनसान जगह पर बुलाता था और फिर चाकू दिखाकर मोबाइल व रुपये लूटकर फरार हो जाता था.

# पटना समेत कई जिलों में चौथे दिन भी धूप नदारद

**घने कोहरे से जनजीवन बेहाल. बिहार में अभी सर्दी का सितम रहेगा जारी**

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार की राजधानी पटना समत विभिन्न जिलों में सर्दी का सितम अभी इसी तरह जारी रहेगा. सर्दी से निजात आने वाले कुछ दिनों तक नहीं मिलने वाली है अभी सर्दी और बढ़ने ही वाली है. बिहार में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है. शनिवार को राजधानी पटना सहित राज्य के अधिकांश जिलों में शीत दिवस जैसी स्थिति बनी रही. दिन और रात के तापमान का अंतर काफी कम हो गया है. लगातार तीसरे दिन राज्य के कई हिस्सों में धूप नहीं निकली, जिससे ठंड और ज्यादा चुभने लगी है. पटना, पूर्णिया, भागलपुर, मुंगेर, तिरहुत और शाहाबाद प्रमंडल के जिलों में सुबह से ही कोहरे की सफेद चादर छाई रही. दृश्यता कई इलाकों में बेहद कम हो गई, जिससे सड़क और रेल यातायात प्रभावित हुआ. गया में न्यूनतम दृश्यता घटकर मात्र 50 मीटर तक दर्ज की गई. राजधानी पटना में ठंड ने पिछले 14 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में करीब 8 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई. पटना का अधिकतम तापमान 14.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो दिसंबर माह में बीते 14 वर्षों में सबसे कम बताया जा रहा है. मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार बीते 24 घंटों के दौरान राज्य का मौसम शुष्क बना रहा. हालांकि पश्चिमी और मध्य बिहार के कई जिलों में न्यूनतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है. गया में न्यूनतम तापमान 8.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो राज्य में सबसे कम रहा.बिहार की राजधानी पटना सहित राज्य के कई जिलों में कड़ाके की ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है. खासकर भागलपुर, गया, जहानाबाद और दक्षिणी बिहार के कई जिलों में दिन और रात दोनों समय ठंड का असर सबसे अधिक महसूस किया जा रहा है. मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी भारत के पर्वतीय इलाकों में हो रही बर्फबारी और सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण बिहार में शीत दिवस जैसी स्थिति बनी हुई है.मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि समुद्र तल से अपेक्षाकृत कम ऊंचाई पर उपोष्ण कटिबंधीय जेट स्ट्रीम लगातार सक्रिय बनी हुई है. इसके दबाव के कारण हिमालय क्षेत्र से सर्द पछुआ हवाएं मैदानी इलाकों की ओर बढ़ रही हैं, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है और ठंड का असर अधिक बढ़ गया है.

# हाइड्रोमीटर से स्ट्रैंथ नापकर बनाई जा रही थी नामचिन कंपनियों की नकली शराब

**पटना के रामकृष्ण नगर में नकली शराब विदेशी फैक्ट्री का भंडाफोड़. सभी धंधे बाज हुए फरार**





**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नए साल से ठीक पहले पटना में नकली विदेशी शराब के बड़े रैकेट का खुलासा हुआ है. रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के जगदंबा कॉलोनी, खेमनीचक स्थित एक मकान में लॉज की तरह बनाए गए कमरों में नकली शराब की फैक्ट्री चलाई जा रही थी. मद्य निषेध विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर भारी मात्रा में निर्मित व अर्धनिर्मित नकली शराब, केमिकल, स्प्रिट, बोतल, ढक्कन, रैपर, क्यूआर कोड, स्टिकर और पैकिंग मशीन बरामद की है. मध्य निषेध विभाग के अधिकारी प्रेम कुमार के अनुसार यहां नामचिन ब्रांडेड कंपनियों की शराब बनाने के लिए हाइड्रोमीटर का इस्तेमाल किया जा रहा था, जिससे शराब की स्ट्रैंथ नापकर उसे असली जैसा तैयार किया जाता था. रॉयल स्टैग, रॉयल ग्रीन, सिग्नेचर, आफ्टर डार्क, ब्लेंडर, एट पीएम ,इम्पीरियल ब्लू, ब्लैक डॉग जैसी ब्रांडेड कंपनियों की पूरी पैकिंग व्यवस्था मौके पर मिली है. मद्य निषेध विभाग के निरीक्षक अजीत कुमार के नेतृत्व में की गई छापेमारी में 53.100 लीटर स्प्रिट, 4.000 लीटर केमिकल, 59.415 लीटर बना हुआ शराब, 1550 खाली बोतल, 2500 ढक्कन, 2000 क्यूआर कोड और 1000 स्टिकर बरामद किए गए हैं. इसके अलावा शराब बनाने की मशीन और पैकिंग से जुड़ी सामग्री भी जब्त की गई है. निरीक्षक अजीत कुमार ने बताया कि हाइड्रोमीटर का उपयोग कर नकली शराब को इस तरह तैयार किया जा रहा था कि किसी को शक न हो. केमिकल मिश्रण से बनी इस शराब का सेवन जानलेवा हो सकता था. काफी दिनों से यहां अवैध रूप से फैक्ट्री संचालित की जा रही थी. छापेमारी की भनक लगते ही शराब माफिया मौके से फरार हो गए, जिस कारण किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है. जिस कमरे में फैक्ट्री चल रही थी उसे सिलबंद कर दिया गया है. यह पता लगाया जा रहा है कि मकान किसके नाम पर किराए पर लिया गया था और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं.

## 1000 लीटर जावा महुआ विनष्ट, महिला सहित दो गिरफ्तार

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रविवार को थाना स्तर से गठित विशेष टीम द्वारा ग्राम हसनपुरा में अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी की गई. कार्रवाई के दौरान करीब 1000 लीटर जावा महुआ को मौके पर ही विनष्ट किया गया. साथ ही लगभग 65 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ एक महिला एवं एक पुरुष को गिरफ्तार किया गया है. थाना अध्यक्ष अफसर हुसैन ने बताया कि हसनपुरा में लंबे समय से बड़े पैमाने पर देसी शराब बनाने का अवैध धंधा चल रहा था. छापेमारी के दौरान शराब निर्माण में प्रयुक्त भारी मात्रा में सामग्री को भी नष्ट किया गया है. उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई से इलाके में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है.

## संक्षिप्त समाचार

### शीतलहर के कारण 24 दिसम्बर तक सभी शैक्षणिक गतिविधियां रहेगी बंद

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चम्पारण जिले में प्रतिकूल मौसम के चलते 21 दिसंबर तक शैक्षणिक गतिविधियां प्रतिबंधित की गई थी। जिले में लगातार जारी ठंड एवं शीत लहर की स्थिति बनी हुई है। तापमान में अब तक कोई सुधार नहीं हुआ है, तथा मौसम की परिस्थितियां अभी भी अत्यंत विपरीत बनी हुई हैं, जो विशेष रूप से बच्चों एवं बुजुर्गों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक सिद्ध हो सकती हैं। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए तथा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के हित में पूर्व में जारी आदेश की अवधि को विस्तारित किया जाना आवश्यक हो गया है। अतः जिला प्रशासन, पूर्वी चंपारण द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा कोचिंग संस्थानों में संचालित शैक्षणिक गतिविधियां 24.12.2025 तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। ठंड एवं मौसम की स्थिति की निरंतर समीक्षा की जा रही है तथा परिस्थितियों के अनुरूप अग्रतर निर्णय लिया जाएगा। आमजन से अपील है कि बच्चों एवं बुजुर्गों को अनावश्यक रूप से ठंड के संपर्क में आने से बचाएं तथा आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें।

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के 115वें स्थापना दिवस के अवसर पर लगाया गया आरसेटी मेला

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के 115 वें स्थापना दिवस समारोह के शुभ अवसर पर शहर के भवानीपुर जिरात स्थित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (सेन्ट आरसेटी) के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त सफल उद्यमियों के द्वारा आरसेटी परिसर में वृहत रूप से रविवार को आरसेटी मेला लगाया गया। उक्त मेला का शुभारंभ उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार ने फीता काट कर किया। डीडीसी डॉ. कुमार ने सफल उद्यमियों के सभी स्टालों पर एक-एक उत्पादों को देखा और उद्यमियों से बात करते आगे बढ़ाने के लिए शुभकामनाएं दिया। वहीं अग्रणी जिला प्रबंधक राजेंद्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि आप लोग अपना रोजगार करिए और आगे बढ़िया, इन्होंने उद्यमियों को आस्वस्थ करते हुए कहा कि अग्रणी जिला कार्यालय द्वारा वित्त पोषण कराने में मदद की जाएगी। सेन्ट आरसेटी निदेशक बिपिन कुमार ने बताया कि उत्पाद प्रदर्शनी और बिक्री मेले में जहां प्रशिक्षित लाभार्थियों और स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए हस्तशिल्प घरेलू उत्पाद इत्यादि बेचे जा रहे हैं ताकि उन्हें बाजार मिल सके और स्वरोजगार को बढ़ावा मिले। यह मेला अक्सर प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार के अवसर दिलाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इस आरसेटी मेला में सभी तरह के डेयरी उत्पाद, रेडीमेड गारमेंट्स, ब्यूटी प्रोडक्ट्स, फास्ट फूड स्टॉल, अगरबत्ती सहित अन्य विभिन्न प्रकार के उत्पादों के स्टॉल लगाए गए थे।



### एबीवीपी के 67वें उत्तर बिहार प्रांतीय सम्मेलन

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 67वें उत्तर बिहार प्रांतीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यह सम्मेलन आगामी 3 जनवरी 2026 को गोपालगंज स्थित मिंज स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन का उद्घाटन बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी करेंगे। वहीं, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महासचिव अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के डॉ. विरेंद्र सिंह सोलंकी भी विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में उपस्थित रहेंगे। इस प्रांतीय सम्मेलन में उत्तर बिहार के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में छात्र प्रतिनिधि, शिक्षाविद, संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। सम्मेलन के दौरान शैक्षणिक मुद्दों, छात्र हितों, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, सामाजिक दायित्व और युवाओं की भूमिका जैसे विषयों पर विमर्श होने की संभावना है। कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई की उपस्थिति से सम्मेलन की गरिमा और अकादमिक महत्व में और वृद्धि होने की बात कही जा रही है। विश्वविद्यालय परिवार एवं शैक्षणिक जगत ने इसे छात्र-शिक्षक संवाद और वैचारिक आदान-प्रदान के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बताया है।



### जयप्रकाश विश्वविद्यालय के दो शोधार्थियों का आईसीएसएसआर की प्रतिष्ठित फुल टर्म डॉक्टोरल फेलोशिप के हुआ चयन

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के स्नातकोत्तर इतिहास विभाग के दो शोधार्थियों रजनीकांत सिंह व सूर्यकांत ने अकादमिक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। दोनों शोधार्थियों का चयन भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली की प्रतिष्ठित फुल टर्म डॉक्टोरल फेलोशिप के लिए किया गया है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई ने दोनों शोधार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता न केवल व्यक्तिगत परिश्रम का परिणाम है, बल्कि इससे विश्वविद्यालय की अकादमिक प्रतिष्ठा भी राष्ट्रीय स्तर पर सुदृढ़ हुई है। उन्होंने दोनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि शोधार्थी रजनीकांत सिंह स्नातकोत्तर इतिहास विभाग के प्रोफेसर रितेश्वर नाथ तिवारी के निर्देशन में अमर शहीद भगत सिंह के जीवन, विचारधारा एवं क्रांतिकारी योगदान पर शोधकार्य कर रहे हैं। वहीं, सूर्यकांत प्रोफेसर राजेश नायक के निर्देशन में दलित चेतना विषय पर शोध कर रहे हैं। इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर कृष्ण कन्हैया ने भी दोनों शोधार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विभाग के शैक्षणिक माहौल, शोध-संस्कृति और मार्गदर्शन की गुणवत्ता को दशार्ती है। उन्होंने आशा जताई कि दोनों के शोधकार्य सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।





### लॉयन्स चकिया द्वारा प्रसूताओं के बीच किया गया सेवा कार्य

**चकिया( पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नवबिहार टाइम्स संवाददाता। लायंस क्लब ऑफ चकिया द्वारा स्थानीय अनुमंडल अस्पताल में प्रसूता माताओं के बीच पौस्टिक आहार का वितरण किया गया। जिसमें सेव, अनार, केला, ब्रेड और बिस्किट का पैकेट प्रत्येक प्रसूता मरीजों को दिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. चन्दन कुमार, डॉ. राजीव, डॉ. हर्षवर्धन एवं क्लब संरक्षक अनिल यादव ने संयुक्त रूप से किया। वहीं अस्पताल प्रशासन और क्लब के सदस्यों ने संयुक्त रूप से केक काटकर रोगी कल्याण समिती के सदस्य सत्यम कार्तिकेय वत्स के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाया। अस्पताल अधीक्षक डॉ. चन्दन ने लायंस चकिया के सेवा कार्यो को सराहते हुए क्लब को अपने ओर से निरंतर सहयोग प्रदान करने की बात कही गई। वहीं संरक्षक लायन अनिल यादव ने कहा क्लब का प्रयास मानवता की सेवा करना है जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम का प्रबंधन एवं संचालक अध्यक्ष विशाल जयसवाल व सचिव डॉ. आसिफ हुसैन ने किया। समाजसेवी सत्यम वत्स ने अस्पताल प्रशासन सहित सभी लायन सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन किया।



### तीन लोगों के घर पर इशितहार की कारवाई

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समकालीन अभियान के तहत आदापुर थाना प्रभारी पप्पु पासवान ने रविवार के शाम छापेमारी कर तीन लोगों को गिरफ्तार किए, गिरफ्तार आरोपी बिहार मधनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी अभियुक्त बरवाडीह धागरटोली गांव निवासी स्वगीर्य रधुबीर मांझी के पुत्र मोहन मांझी हत्या के प्रयास के आरोपी बताएं गये है, एनबीडब्ल्यू वारंटी विशुनपुरवा गांव निवासी जगबहादूर यादव के पुत्र संतोष कुमार जिनपर आदापुर थाना में काण्ड संख्या 334/2025, में 115टू,126टू,109/351/टू,352/3,बीएन एस , एनबीडब्ल्यू वारंटी बारवाडीह धागरटोली गांव निवासी जलेश्वर मांझी के पुत्र बिगू मांझी बताया गया है, वहीं तीन लोगों के खिलाफ ईशितहार की कार्रवाई करते हुए सूचना साटी गई।



# ग्रामीण चिकित्सक स्वस्थ जीवन की रीढ़ : राधामोहन सिंह

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय सांसद व पूर्व केंद्रीय कृषि एवं कल्याण मंत्री राधामोहन सिंह ने कहा कि ग्रामीण चिकित्सक ग्रामीण जीवन के स्वास्थ्य के रीढ़ होते हैं, और सरकार उन्हें सम्मान देकर उनके रोजगार को नया सार प्रदान कर रही है। आयुष्मान भारत योजना के तहत, ग्रामीण चिकित्सकों को ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उक्त बातें रविवार को शहर के बेलबनवा स्थित चंद्रा लाइफ लाइन हॉस्पिटल में आयोजित आयुष्मान भारत योजना के तहत ग्रामीण चिकित्सकों को सम्बोधित कर कहा । उन्होंने इस तरह के पहली बार एक मंच पर ग्रामीण चिकित्सकों को एकत्रित करने के लिए आयोजन समिति चिकित्सक दम्पति डॉ चंद्र सुभाष एवं डॉ हेना चंद्रा की भूरी भूरी प्रशंसा की । उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत, गरीब परिवारों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल सकता है' ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए, सरकार विभिन्न योजनाएं चला रही है, जैसे कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, लखपति दीदी, और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम। ये योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सृजित करने और लोगों की जीवन शैली में सुधार लाने में मदद कर रही हैं।उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब परिवारों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल सकता है। उन्होंने चिकित्सकों से अपील की कि वे इस योजना के बारे में लोगों को जागरूक करें और उन्हें इसका लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें'इस संगोष्ठी में आयुष्मान भारत योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के तरीकों पर चर्चा की गई। चिकित्सकों ने अपने अनुभव साझा किए और योजना के लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार बड़ी संख्या में मेडिकल कॉलेज, ट्रेनिंग सेंटर सहित कई कॉलेज खोल रही है। उन्होंने कहा कि पहले पैसे के अभाव में ईलाज के बगैर गरीब लोग मर रहे थे, किन्तु पीएम मोदी ने आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपए गरीबो के लिए मुफ्त कर दिया है, जिससे अब उनका ईलाज सुलभ हो गया है । वही मंच संचालन करते हुए जिले की सुप्रसिद्ध महिला रोग विशेषज्ञ व चंद्रा लाइफ लाइन की निदेशिका डॉक्ट( श्रीमती) हेना चंद्रा ने कहा कि अगर ग्रामीण चिकित्सकों को अगर कोई सम्मान दिया है तो मोदी सरकार ने दिया है और यही लोग पहले ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की जान बचाते है' वही ग्रामीण चिकित्सकों के जिलाध्यक्ष डॉ नवीन कुमार ने सांसद राधामोहन सिंह के समक्ष अपनी मांगों को रखते हुए कहा कि स्वास्थ्य मित्र के रूप में नियोजन हेतु ग्रामीण चिकित्सकों को सरकार से नियोजन का आग्रह किया। सभी चिकित्सकों ने अपने मांग को लेकर सांसद एवं विधायक को ज्ञापन और मोमेंट देकर सम्मानित किया। मौके पर मौजूद कल्याणपुर विधायक सचिन्द्र प्रसाद सिंह, पिपरा विधायक श्यामबाबू यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष पवनराज, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ चंद्र सुभाष, आयुष्मान भारत योजना के जिला संयोजन जयंत कुमार ग्रामीण चिकित्सकों के सचिव डॉ फारुख अब्दुल्लाह, संयोजक डॉ मिथलेश कुमार सिंह, डॉ हीरामन, पश्चिम चम्पारण के जिला संयोजक डॉ दिलीप कुमार, डॉ रंजीत कुमार सिंह सहित पूर्वी, पश्चिमी चम्पारण एवं शिवहर जिले के सैंकड़ो ग्रामीण चिकित्सक मौजूद थे ।




## दस्तावेज लेखकों के समस्या समाधान का होगा हर संभव प्रयास : नारायण

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राज्य के आपदा प्रबंधन मंत्री नारायण प्रसाद ने कहा है कि दस्तावेज नवीसों की समस्याओं के समाधान के हरसंभव प्रयास किया जायेगा। सरकार के स्तर पर जिन भी समस्याओं को दूर करने की आवश्यकता होगी उसके लिए पहल की जायेगी। वे रविवार को बिहार राज्य दस्तावेज नवीस संघ के प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष उदय कुमार सिंहा ने किया। बैठक में दस्तावेज नवीसो की समस्याओं पर चर्चा करते हुए उदय कुमार सिंह ने कहा कि संघ की स्थापना 1981 में हुयी थी। उसके बाद से आजतक यह संघ दस्तावेज नवीसो के कल्याणार्थ कार्य कर रही है। लेकिन पिछले कई वर्षों से दस्तावेज लेखको की उचित एवं कानूनी मांगो के प्रति सरकार की नीति अभी तक स्पष्ट नहीं हो पायी है। उन्होंने दस्तावेज लखक अनुज्ञप्ति विधेयक 1996 में वर्णित मानक पारिश्रमिक के पुनः निर्धारण की मांग की। कई वर्ष हो गये सरकार नये दस्तावेज नवीसो को लाइसेंस नही दे रही है। कई निबंधन कार्यालय परिसरों में दस्तावेज नदीसों के बैठने का जगह उपलब्ध नहीं है। कार्यकारिणी की बैठक में महापौर गरिमा देवी सिकारिया, पूर्व विधायक प्रकाश राय, जिला अवर निबंधक गिरीश चंद्र के अलावे मुरारी कुमार सिंहा, सुधीर कुमार यादव, रमेश कुमार सिंहा, संजय कुमार, निर्भय कुमार श्रीवास्तव, हरिनारायण सिंह, फैयाज अहमद, तारकेश्वर प्रसाद वर्मा, सजय कुमार, सुजीत दूबे, अखिलेश श्रीवास्तव, आनंद मोहन वर्मा आदि ने भी संबोधित किया।

## 36 घंटे में चोरी कांड का किया खुलासा

**रक्सौल( पूर्वी चंपारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल पुलिस ने तत्परता और कुशल अनुसंधान का परिचय देते हुए गृहभेदन (चोरी) के एक मामले का महज 36 घंटे के भीतर सफल उद्भेदन कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। इस कार्रवाई में पुलिस ने 07 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए चोरी गया सामान भी बरामद कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रक्सौल थाना क्षेत्र में हाल ही में हुई गृहभेदन की घटना के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी अनुसंधान, गुप्त सूचना और लगातार छापेमारी के आधार पर इस कांड में संलिप्त सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से चोरी से संबंधित सामान भी बरामद किया है।

## नवनियुक्त प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी से मुलाकात कर इंजीनियर जयप्रकाश सिंह ने दी बधाई

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, एकमा के सचिव, भाजपा नेता व सारण स्नातक विधान परिषद के पूर्व प्रत्याशी इंजीनियर जयप्रकाश सिंह ने राजधानी पटना पहुंचकर भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर इंजीनियर जयप्रकाश सिंह व भाजपा नेता मनोज कुमार सिंह उर्फ पप्पू भैया ने संजय सरावगी को प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व संभालने पर पुष्प गुच्छ भेंट कर हार्दिक बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। मुलाकात के दौरान इंजीनियर जयप्रकाश सिंह ने कहा कि संजय सरावगी के नेतृत्व में भाजपा संगठनात्मक रूप से और अधिक सशक्त होगी। साथ ही राज्य में विकास व जनकल्याण की नीतियों को नई गति मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संगठन के सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। वहीं संजय सरावगी ने भी बधाई व शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी का मूल उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। उन्होंने संगठन को मजबूत करने, कार्यकताओं की भागीदारी बढ़ाने व जनसमस्याओं के समाधान के लिए समन्वित प्रयास करने की प्रतिबद्धता दोहराई। मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें राज्य की समसामयिक राजनीतिक परिस्थितियों, संगठनात्मक गतिविधियों व आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी संक्षिप्त चर्चा हुई। वहीं इस मुलाकात को राजनीतिक व सामाजिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



## सांसद खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम खम

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय महाराजा स्टेडियम में रविवार को सुबह सांसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। यह आयोजन फिट इंडिया मूवमेंट की भावना से प्रेरित होकर युवाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया। स्टेडियम उत्साह और जोश से सराबोर हो उठा, जब सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। इसके बाद मशाल प्रज्वलन, नारियल फोड़कर मैदान की पूजा और खिलाड़ियों की भव्य परेड ने माहौल को और भी रोमांचक बना दिया।इस महोत्सव में कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल और योग सहित कई खेल प्रतियोगिताओं की शुरूआत हुई। सैकड़ों खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया, जिनकी परेड ने दर्शकों का मन मोह लिया। सांसद डॉ. संजय जायसवाल और आपदा प्रबंधन मंत्री नारायण प्रसाद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने सभी प्रतिभागियों से परिचय लिया और उन्हें प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आपदा प्रबंधन मंत्री नारायण प्रसाद, चनपटिया के पूर्व विधायक उमाकांत सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव, मनु बाबू कुशवाहा, मनोज सिंह, रवि सिंह तथा प्रतीक एडविन शर्मा जैसे कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस महोत्सव से जिले में खेल संस्कृति को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी प्रतिभागियों के प्रशस्ति पत्र फिट इंडिया वेबसाइट पर अपलोड होने के सात दिनों के अंदर संबंधित प्रखंड कार्यालय से उपलब्ध कराए जाएंगे। यह आयोजन न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देगा, बल्कि युवाओं में अनुशासन, टीमवर्क और आत्मविश्वास जैसी भावनाओं को भी जागृत करेगा। स्टेडियम में खिलाड़ियों का जोश और दर्शकों की तालियां इस बात की गवाह बनीं कि बेतिया का युवा वर्ग खेल के प्रति कितना उत्साहित है।



**कहानी संग्रह 'सगुना' का हुआ भव्य विमोचन**

## आम-आदमी की प्रतिनिधि कथा है 'सगुना': दीपक कुमार

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय सांस्कृतिक-सामाजिक मोर्चा विकल्प एवं बिहार राजकीयकृत प्राथमिक शिक्षक संघ के संयुक्त तत्वावधान में छपरा शहर के नई बाजार स्थित होनहार किंडरगार्टन कैम्पस में प्रख्यात साहित्यकार चन्द्रभूषण प्रसाद वर्मा द्वारा रचित कहानी संग्रह 'सगुना' का विमोचन समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता विकल्प के जिलाध्यक्ष केदार शर्मा ने की, जबकि संचालन बिहार राजकीयकृत प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव तसौवर हुसैन ने किया। कार्यक्रम में आगत अतिथियों का स्वागत संघ के प्रदेश अध्यक्ष उदयशंकर गुड्डु ने किया। अपने स्वागत भाषण में उन्होंने सांस्कृतिक-साहित्यिक संस्था विकल्प एवं शिक्षक संघ के आपसी संबंधों पर प्रकाश डालते हुए दोनों को एक-दूसरे का अभिन्न अंग बताया। मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए विकल्प के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रख्यात रंगकर्मी प्रो. दीपक कुमार ने कहा कि वर्तमान सामाजिक एवं राजनीतिक परिदृश्य में साहित्य और संस्कृति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यही दो शक्तियां समाज को सही दिशा दिखा सकती हैं। उन्होंने कहा कि 'सगुना' जैसी कहानियों के पात्रों से आज के समाज को सीख लेने की आवश्यकता है, क्योंकि यह रचना आम जनमानस की संवेदनाओं और संघर्षों की सशक्त प्रतिनिधि कथा है। विमोचन समारोह को जनवादी लेखक संघ के सचिव डॉ. राजेन्द्र सिंह, जन सांस्कृतिक मोर्चा विकल्प के रंगकर्मी प्रशांत पुष्कर, प्रबुद्ध चिंतक कैलाश पंडित, कहानी संग्रह 'सगुना' के प्रकाशक शिवनाथ पुरी, शिक्षक नेता जितेंद्र सिंह, संजीव श्रीवास्तव, अधिवक्ता अभिषेक रंजन, अमित प्रकाश, उमेश प्रसाद यादव सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया और कृति की साहित्यिक महत्ता पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम की शुरूआत विकल्प की रंगकर्मी प्रगति गोस्वामी व अनमोल रत्न द्वारा प्रस्तुत सुमधुर गीत 'गाये चलो ज़िंदगी के गीत' से हुई, जिसने पूरे वातावरण को साहित्यिक व सांस्कृतिक ऊर्जा से भर दिया।




## डीयू ने की सदस्यता अभियान की शुरूआत जिले को अव्वल स्थान दिलाने की अपील

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर स्थित बी.के गार्डन में शुक्रवार को जेडीयू की एक बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जेडीयू के कार्यकारी जिलाध्यक्ष सह नरकटिया विधानसभा के विधायक विशाल कुमार की अध्यक्षता में सदस्यता अभियान की शुरूआत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा मौजूद थे। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विशाल शाह ने कहा कि आप कार्यकताओं के बदौलत हमारी जीत हुई है, इसमें मेरा कोई योगदान नहीं है। आपने दिन रात एक करके मुझे जीत दिलाया है। आप लोगों की बदौलत सदस्यता अभियान में पूर्वी चंपारण जिला पूरे बिहार में नंबर एक पर रहेगा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि चंपारण की धरती को हम नमन करते हैं। उन्होंने विधानसभा चुनाव में जीत के लिए सभी कार्यकताओं को बधाई देते हुए उनका अभिनंदन किया और कहा कि जिस तरह से विधानसभा में जीत हुई है इस प्रकार आप कार्यकर्ताओं के बदौलत यह जिला सदस्यता अभियान में भी अव्वल रहेगा। कार्यक्रम में विधान परिषद के सदस्य खालिद अनवर, पूर्व विधान पार्षद सतीश कुमार, पूर्व विधायक शिवाजी राय, प्रदेश प्रवक्ता हेमराज राम, प्रदेश महासचिव दीपक पटेल, बृजेश श्रीवास्तव, मिथिलेश सिंह, व्यास प्रसाद सिंह, यतेंद्रर कश्यप, शोभा सिंह, कौशल किशोर सिंह, वसीम अहमद खान, सचिंद्र कुशवाहा, प्रवक्ता संजीव श्रीवास्तव , बबन कुशवाहा, सचिंद्र कुशवाहा , सुरेंद्र चौधरी, रविंद्र सिंह पटेल, जितेंद्र चौधरी, संजय मोदी बृजमोहन गुप्ता, रणधीर सिंह, अमरनाथ प्रसाद गुप्ता, सुदामा बैठा, इशरत जहां तथा सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं विधानसभा प्रभारी उपस्थित थे।




## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रिंस मोहन विक्रम शाह महाविद्यालय परिसर मे स्वाभिमान सेवा संगठन के सौजन्य से निशुल्क स्वास्थ्य एंव जांच शिविर का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। शुभारंभ नगर के समाजसेवी राकेश राय, सदाकांत शुक्ल समेत अन्य प्रबुद्धजनो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस शिविर में चम्पारण केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के सचिव श्रीकांत गुप्ता के द्वारा मुफ्त दवा उपलब्ध कराया गया। श्रीकांत गुप्ता ने बताया कि इस शिविर में 300 मरीजों का ईलाज किया गया। इस अवसर पर राकेश राय, सदाकांत शुक्ल, शिशिर राय, श्रीकांत गुप्ता, अरूण साह, विशाल, इमरान अहमद, अदनान अजीज, प्रभात सोनी, आदि सदस्यों इस मुफ्त जांच व दवा वितरण की।

# इंडो-नेपाल रक्सौल बॉर्डर से भगोड़ा फौजी गिरफ्तार

**हैंड ग्रेनेड व 500 ग्राम हेरोइन बरामद**

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पंजाब पुलिस और बिहार के मोतीहारी जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में नार्को-आतंक के एक बड़े और खतरनाक नेटवर्क का खुलासा हुआ है। पुलिस ने हरियाणा के सिरसा स्थित महिला पुलिस थाने पर ग्रेनेड हमले की साजिश रचने वाले भगोड़े फौजी राजवीर सिंह को इंडो-नेपाल रक्सौल बॉर्डर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के समय आरोपी के पास से एक हैंड ग्रेनेड और करीब 500 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, राजवीर सिंह भारत छोड़कर नेपाल के रास्ते फरार होने की फिराक में था, तभी संयुक्त ऑपरेशन के दौरान उसे दबोच लिया गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि राजवीर सिंह पाकिस्तान स्थित आतंकी-तस्कर नेटवर्क से सीधे संपर्क में था और लंबे समय से नार्को-आतंक गतिविधियों में संलिप्त था। वह भारतीय सेना से फरार चल रहा था और
इंडो-नेपाल सीमा क्षेत्र को तस्करी का प्रमुख रूट बनाकर इस्तेमाल कर रहा था। सहयोगी पहले ही हो चुका है गिरफ्तार इस मामले में पंजाब पुलिस पहले ही राजवीर के सहयोगी चिराग को गिरफ्तार कर चुकी है, जो फाजिल्का जिले के काशी राम कॉलोनी का निवासी है। चिराग के पास से 407 ग्राम हेरोइन और एक 9 एमएम पिस्टल बरामद की गई थी। जांच में पता चला है कि चिराग राजवीर के लिए कूरियर का काम करता था और नशे की खेप की सप्लाई में सक्रिय भूमिका निभा रहा था। 2011 में सेना ज्वाइन, 2025 में हुआ फरार पंजाब पुलिस के अनुसार, राजवीर सिंह ने वर्ष 2011 में भारतीय सेना ज्वाइन की थी। वर्ष 2025 में अमृतसर ग्रामीण के घरिंडा थाने में आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत दर्ज जासूसी मामले में नाम सामने आने के बाद वह फरवरी 2025 में सेना से फरार हो गया था। सिरसा ग्रेनेड हमले की साजिश में भूमिका जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि राजवीर और चिराग का हरियाणा के सिरसा स्थित महिला पुलिस थाने पर हुए ग्रेनेड हमले की साजिश में भी हाथ था। दोनों ने अमृतसर ग्रामीण निवासी गुरजंत सिंह को हैंड ग्रेनेड उपलब्ध कराए थे। गुरजंत सिंह को हरियाणा पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस के मुताबिक, हमले के लिए आर्थिक मदद भी चिराग के माध्यम से पहुंचाई गई थी। पाकिस्तान हैंडलरों को देता था सैन्य जानकारियां पंजाब एसएसओसी की एआईजी डी. सुदरविझी ने बताया कि वर्ष 2022 में राजवीर सिंह सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तान स्थित हैंडलरों के संपर्क में आया। हेरोइन की खेपों तक पहुंच के बदले वह संवेदनशील और गोपनीय सैन्य जानकारियां साझा करता था। इतना ही नहीं, उसने अन्य सैन्य कर्मियों को भी इन हैंडलरों से जोड़ने का काम किया। नेपाल में छिपकर करता रहा तस्करी मामला उजागर होने के बाद राजवीर नेपाल में छिप गया और पंजाब-नेपाल के बीच आवाजाही करते हुए नशे की तस्करी करता रहा। उसके पाकिस्तान स्थित हैंडलर उसे नेपाल के रास्ते यूरोप भेजने की तैयारी में थे। इसी दौरान एक बार फिर इंडो-नेपाल रक्सौल बॉर्डर से फरार होने की कोशिश में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। फिलहाल आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर पंजाब ले जाया गया है, जहां उससे गहन पूछताछ जारी है। सुरक्षा एजेंसियां इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुट गई हैं।



## समकालीन अभियान के तहत नौ लोग गिरफ्तार

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से अलग अलग मामलों के आरोपियों को गिरफतार किए जाने की सूचना है , मालूम हो कि आदापुर थाना काण्ड संख्या 335/2020, धारा 30ए बिहार मधनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के आरोपी बहादुर पुर गांव निवासी मोहम्मद मियां के पुत्र मकसूद आलम,तिनकोणी गांव निवासी विशुनदेव प्रसाद के पुत्र उमेश कुमार जिनपर आदापुर थाना में 25/2021, धारा 414, भारतीय द वि, 38,32,41/1/के तहत गिरफ्तार किया गया, वहीं ओर एनबीडब्ल्यू वारंटी मूर्तियां गांव निवासी स्वगीर्य गुगली प्रसाद के पुत्र शशिकपूर प्रसाद व पांच अन्य अभियुक्त को रिकौल मिलने पर जमानत दी गई,सभी समकालीन अभियान के तहत गिरफ्तार किया गया।

## एक नजर

### उत्तरी खिरियावां ने मदनपुर को किया पराजित

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र के बेरी खिरियावां खेल मैदान में रविवार को दूसरा लीग मैच में उत्तरी खिरियावां ने मदनपुर को 9 विकेट से पराजित किया। गांधी युवा क्लब खिरियावां के द्वारा आयोजित यह क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा लीग मैच का टॉस पूर्व जिला परिषद सह मुखिया प्रतिनिधि प्रफुल्ल कुमार सिंह के द्वारा किया गया। खिरियावां के कैप्टन गुड्डू कुमार ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का निर्णय लिया। मदनपुर ने बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 122 रन बनाया। लक्ष्य को प्राप्त करने उत्तरी खिरियावां के टीम ने 8 ओवर में ही मैच 9 विकेट से जीत दर्ज किया। इस टूर्नामेंट का मैन ऑफ द मैच नितेश कुमार को दिया गया। नितेश ने 3 विकेट लेकर 62 रन बनाया। इस अवसर आयोजक उदय कुमार शिकारी, व्यवस्थापक अभय कुमार शिकारी, गजेंद्र ठाकुर, राम केवल रजक, राहुल कुमार, प्रभु पासवान, प्रिंस कुमार, रविरंजन कुमार, अनुज कुमार, सहित अन्य लोग शामिल रहें। एम्पायर का भूमिका नफीस आलम और विपुल कुमार तथा स्कोरिंग रौशन कुमार तथा कमेंट्री आफताब आलम ने किया।

### लक्ष्य से अधिक सदस्य जोड़ने का संकल्प



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा बाजार स्थित जनता दल (यूनाइटेड) के पार्टी कार्यालय में सदस्यता अभियान को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जदयू के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अरुण सिंह ने की, जबकि संचालन प्रखंड उपाध्यक्ष रामजीत सिंह ने किया। बैठक में पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और वर्ष 2025–28 के लिए अधिक से अधिक नए सदस्यों को जोड़ने पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में विद्यानंद सिंह, उपप्रमुख सत्येंद्र चौधरी, हृदयानंद सिंह, प्रियदर्शी महिपाल राव चौहान, देवनारायण सिंह, धनंजय सिंह और राजेंद्र सिंह सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल हुए। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि जिला अध्यक्ष द्वारा निर्धारित लक्ष्य से भी अधिक सदस्य बनाकर संगठन को नई ऊर्जा दी जाएगी। इस अवसर पर दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया। विद्यानंद सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में जदयू का सदस्यता अभियान पूरे बिहार में मजबूती से चल रहा है और गांव की अंतिम बसावट तक के लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। सदस्यता ग्रहण करने वालों में रामलखन सिंह, सनत कुमार, प्रगतिशील कुमार, जयंत कुमार, संजय सिंह, सुरेश सिंह पटेल, ललन पंडित, वीरेन्द्र प्रसाद, मनोज सिंह, लाल मुन्ना चौधरी और ब्रजेश कुमार प्रमुख रूप से शामिल रहे। बैठक के अंत में संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया गया।

### ठंड से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था

**औरंगाबाद।** लगातार शीतलहर का प्रकोप जारी है। तेज ठंडी हवा और घने कोहरे के कारण रविवार को भी दिनभर सूर्य के दर्शन नहीं हो सके। इससे ठंड में काफी वृद्धि दर्ज की गयी। इस भीषण ठंड का असर केवल इंसानों पर ही नहीं, बल्कि पशु-पक्षियों पर भी साफ तौर पर देखा जा रहा है। ठंड और शीतलहर की गंभीर स्थिति को देखते हुए औरंगाबाद जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिले के सभी अंचलों में आम लोगों को ठंड से राहत दिलाने के लिए अलाव की समुचित व्यवस्था की गई है। इस क्रम में अंचलाधिकारियों द्वारा जिले के प्रमुख चौराहों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाए जा रहे हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य कड़ाके की ठंड से सबसे अधिक प्रभावित गरीब, असहाय, वृद्ध एवं जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाना है। रात के समय खुले स्थानों पर रहने वाले, यात्रा करने वाले यात्री, रिक्शा चालक, मजदूर और फुटपाथ पर जीवन यापन करने वाले लोगों के लिए यह व्यवस्था बड़ी राहत साबित हो रही है। जिला प्रशासन ने सभी अंचलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे अलाव की व्यवस्था की नियमित निगरानी करें और समय-समय पर ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी स्थान पर अलाव बुझने या व्यवस्था में कमी की स्थिति उत्पन्न न हो। प्रशासन का कहना है कि ठंड के इस दौर में आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। मौसम की गंभीरता को देखते हुए यदि आवश्यकता पड़ी तो अतिरिक्त अलाव, कंबल वितरण एवं अन्य राहत उपाय भी किए जाएंगे, साथ ही जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की गई है कि वे अनावश्यक रूप से देर रात बाहर निकलने से बचें और ठंड से बचाव के सभी आवश्यक उपाय अपनाएं। इस सक्रिय पहल से आम लोगों में संतोष देखा जा रहा है।

### सेना में लेफ्टिनेंट बने अमित कुमार



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** भारत सरकार के अधीन भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयनित होकर अमित कुमार ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने ऑल इंडिया स्तर पर 125वीं रैंक प्राप्त कर यह सफलता हासिल की है।
अमित कुमार, पिता रविन्द्र सिंह, ग्राम चांदी, पोस्ट व थाना हसपुरा, जिला औरंगाबाद के निवासी हैं। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जिला परिषद सदस्य चन्दा प्रवीण, उनके प्रतिनिधि मो. एकलाख खान (आजाद समाज पार्टी कांशीराम के नेता), मो. सुल्तान खान, कॉपरेटिव अध्यक्ष सुरेश यादव, बी.के. वर्मा सहित अन्य गणमान्य लोगों ने अमित कुमार को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मो. एकलाख खान ने कहा कि अमित कुमार ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन से न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। ऐसे होनहार युवाओं से समाज को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि अमित कुमार की सफलता आने वाली पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक बनेगी।
वहीं उपस्थित जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी अमित कुमार को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश सेवा के इस पवित्र दायित्व में वे पूरी निष्ठा और साहस के साथ योगदान देंगे। समारोह में मौजूद लोगों ने अमित कुमार की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया और कहा कि यह क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

# स्वास्थ्य केन्द्र, विद्यालय व निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण






**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद की जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय द्वारा जिले संचालित में स्वास्थ्य केंद्र, निर्माणाधीन विद्यालय, पंचायत सरकार भवन तथा जीविका के अंतर्गत संचालित होने वाले सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया। सबसे पहले जिला पदाधिकारी ने काको प्रखंड के डैढसैया स्थित हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का निरीक्षण किया। इस दौरान निरीक्षण के क्रम मे चिकित्सकों एवं अन्य कर्मियों की उपस्थित की जाँच की गई। निरीक्षण मे चिकित्सक अनुपस्थित पाये गए, जिला पदाधिकारी द्वारा स्पष्टीकरण करते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। साथ ही हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, डैढसैया मे दवा की उपलब्धता, सफाई व्यवस्था इत्यादि का निरीक्षण किया, जिसके लिए संतोष व्यक्त किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, एरकी का भी निरीक्षण किया, जहाँ उन्होंने चिकित्सक एवं कर्मियों की उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता, सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण मे उपस्थित चिकित्सक एवं कर्मियों को नियमित रूप से ससमय आने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। साथ ही सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया गया। इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा डैढसैया स्थित मध्य विद्यालय का भी निरीक्षण किया गया। इसके पश्चात जिला पदाधिकारी ने रतनी फरीदपुर प्रखंड मे निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन, सोहरैया, का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन मे सभी मुलभुत सुविधाओं को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन मे छात्रों के लिए ई लाइब्रेरी हेतु सभी आवश्यक पुस्तक एवं वाईफाई की सुविधा भी बहाल करने का निर्देश दिया। साथ ही फर्नीचर की समुचित व्यवस्था प्रखंड विकास पदाधिकारी, रतनी फरीदपुर एवं जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जहानाबाद को दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा पुराना प्रखंड परिसर मे जीविका द्वारा संचालित हो रहे सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण मे पाया गया कि प्रशिक्षण केन्द्र हेतु सभी फर्नीचर तथा सिलाई मशीन उपलब्ध हो गया है। जिलाधिकारी को बताया गया कि सभी को व्यवस्थित कर विद्युत कनेक्शन किया जाना है। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी संसाधनों को सुव्यवस्थित करने तथा सभी सिलाई मशीन को विद्युत कनेक्शन देकर संचालित कराने का निर्देश डी.पी.एम., जीविका को दिया गया।

## अखिल भारतीय मद्धेशिया वैश्य हलवाई सभा की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के बभंडीह स्थित अखिल भारतीय मद्धेशिया वैश्य हलवाई सभा की संगठन विस्तार हेतु बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दिलीप प्रसाद गुप्ता के अध्यक्षता में संगठन विस्तार हेतु बैठक बुलाई गई। इस मौके पर जिला सचिव राम पुकार गुप्ता, मुख्य संरक्षण मदन प्रसाद गुप्ता, रामस्वरूप बाबू, कोषाध्यक्ष शिवदास प्रसाद, विजय गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी मनोज गुप्ता, दीपक कुमार, कंचन कुमार, अरुण कुमार एवं शिक्षक अजीत प्रसाद गुप्ता सहित उपस्थित रहे।

## आपत्ति दर्ज करने की निर्धारित तिथि से किसान अनभिज्ञ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

अंबा (औरंगाबाद)। प्रखंड क्षेत्र के सूही, बलिया व भरौंधा पंचायत में पैक्स चुनाव को लेकर मतदाता सूची का प्रकाशन विगत 13 दिसंबर को कर दिया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए बीडीओ प्रियांशु बसु ने बताया कि उसी दिन मतदाता सूची की दूसरी प्रति पंचायत के पैक्स कार्यालय के समक्ष चिपकाया जाना था। दोनो जगहों पर सूची के प्रकाशन किए जाने से संबधित पंचायत के मतदाता सूची में त्रुटि की सुधार कराने में सहुलियत होगी। उन्होंने बताया कि 23 दिसंबर तक सदस्य वांछित सुधार के लिए आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। 26 दिसंबर को फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त पैक्स में चुनाव की तिथि अभी तक सुनिश्चित नहीं की गई है। ऐसे चुनाव से पहले की अन्य प्रक्रियाएं शुरू हो गई है। इधर मतदाता सूची प्रकाशन के प्रशासन हुए एक सप्ताह बीत गए और रैयत व गैर रैयत किसान अभी तक अनभिज्ञ है। सूही और भरौंधा पैक्स अध्यक्ष एवं प्रबंधक ने मतदाता सूची प्रकाशन होने की भनक सदस्यो को नहीं लगने दी है। जिसके कारण अराजकता का माहौल बना हुआ है। निर्वाचन कार्यालय द्वारा मीडिया कर्मियो को भी जानकारी देने से परहेज की गई। इस संबंध में जानकारी के लिए सूही पैक्स प्रबंधक राजीव कुमार से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि अभी तक पंचायत स्तर पर मतदाता सूची का प्रकाशन नही किया गया है। दो - तीन दिन के बाद प्रकाशन कर दिया जाएगा। इधर मुखिया मंजीत कुमार यादव,अंकित कुमार,रामकेश कुमार व करण कुमार ने जिला प्रशासन और संबधित विभाग का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मामले में सकारात्मक कार्रवाई किए जाने कि मांग की है।

## मगध सम्राट जरासंध महोत्सव सह चंद्रवंशी मिलन समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** स्थानीय शहर में चक्रवर्ती राजा मगध सम्राट जरासंध महोत्सव के अवसर पर चंद्रवंशी मिलन सह अभिनंदन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। आयोजन स्थल पर सुबह से ही लोगों की भीड़ जुटने लगी और पूरा माहौल उत्सवमय बना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयप्रकाश चंद्रवंशी ने की। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार उपस्थित रहे। मंच से संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह के सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज को एकजुट करने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि चक्रवर्ती राजा मगध सम्राट जरासंध का इतिहास गौरवशाली रहा है और ऐसे महापुरुषों



के योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाना आवश्यक है। प्रेम कुमार ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि समाज में आपसी भाईचारे और एकता को मजबूत करने में ऐसे कार्यक्रमों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के हालिया बयान को लेकर मीडिया द्वारा पूछे गए सवाल पर विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा कि मांझीजी ने पुनर्मतगणना की बात कही थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव प्रक्रिया में प्रत्याशियों को री-काउंटिंग की मांग करने का अधिकार है। कई बार पुनर्मतगणना के बाद चुनाव परिणाम में बदलाव भी देखने को मिला है। इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा बताया। इस अवसर पर जहानाबाद के पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को संगठित करने और अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोने का माध्यम बनते हैं। उन्होंने युवाओं से समाज की एकता और परंपराओं को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित भी किया गया। पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोह लिया।

## 238वां साप्ताहिक पौधरोपण, गायत्री परिवार के अभियान को मिला नया विस्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ जहानाबाद के द्वारा लगातार 238वें रविवासरीय साप्ताहिक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन काको प्रखंड के नोनही गांव में स्थित प्रतिभा पल्लवन महाविद्यालय, के परिसर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर गायत्री परिवार के सदस्यों ने पी. पी. एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अभिराम सिंह को को गायत्री पीठ हरिद्वार से मंगाए गए मंत्र चादर देकर सम्मानित किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अभिराम सिंह के द्वारा परिसर में पौधा लगाने के साथ हुआ। इस दौरान गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ गायत्री परिवार के प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के सदस्यों के साथ अन्य उपस्थित लोगों ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में हिस्सा लिए।

पौधरोपण कार्यक्रम में उपस्थित पी पी एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अभिराम सिंह ने वृक्षारोपण के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि हमारे लगाए पौधे हमारे कई पीढ़ियों के खुशी, समृद्धि और स्वास्थ्य का वरदान देता है। उन्होंने



कि पौधा लगाकर हम उसकी दो तीन वर्षों तक देखभाल करते हैं लेकिन वही पौधा आगे विशाल वृक्ष बनकर हमारे लिए, फल, फूल, शुद्ध हवा, लकड़ी सहित हमारे कई जरूरतों को पूरा करता है। उन्होंने वृक्षारोपण को ईश्वर की सेवा का रूप मानते हुए कहा कि अगर हम एक शानदार घर भी बनाते हैं तो उसमें हम और हमारा अभिमान निवास करता है लेकिन एक वृक्ष लगा देने से कई जीवों के लिए भोजन और आश्रय दोनों प्रकार का सुख मिलता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद भागवत गीता में भी भगवान श्री कृष्ण ने कहा है कि -"वृक्ष के आसपास रहने से जीवन में मानसिक संतुलन और संतुष्टि मिलती है।"

डॉ. सिंह ने गायत्री परिवार के प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के युवाओं द्वारा पिछले चार-पांच वर्षों से जिले में चलाए जा रहे वृक्षारोपण अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस वृक्षारोपण कार्यक्रम को अखिल भारतीय स्तर पर शुरू किया जाना चाहिए। यह एक महान कार्य है जिसमें हम सभी का योगदान होना चाहिए। इस दौरान वृक्षारोपण कार्यक्रम के मौके पर उपस्थित समाज सेवी रामबाबू पासवान ने वृक्षारोपण कार्यक्रम को युग परिवर्तन की धारा बताते हुए कहा कि वृक्ष वातावरण में फैले प्रदूषित हवा (कार्बन डॉक्साइड) को अवशोषित कर हमारे लिए जरूरी प्राण वायु(ऑक्सीजन) प्रदान करता है, उन्होंने कहा कि जैव पारिस्थितिकी को संतुलित रखने के लिए वनों के साथ-साथ वृक्षों की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। गायत्री परिवार से वृक्षारोपण कार्यक्रम के जिला समन्वयक रंगेश कुमार ने कहा कि मानव समाज अपनी भौतिक प्रगति की दिशा में आतुर है, वह अपने स्वार्थ को पूरा करने के लिए बेधड़क वृक्षों की कटाई कर रहा है। यह पृथ्वी पर जीवन के लिए एक गंभीर खतरा है। इसलिए आएं हम सभी मिलकर प्रति वर्ष कमसे कम प्रत्येक व्यक्ति 10 पौधा लगाएं तथा धरती को हरा- भरा और खुशहाल बनाएं।

सतत वृक्षारोपण अभियान के इस पावन अवसर पर गायत्री परिवार से कौशल कुमार, वचनदेव कुमार, शिशुपाल सिंह, सत्य प्रकाश, रोहित कुमार के साथ-साथ स्थानीय एवं पी. पी. महाविद्यालय से संबद्ध संजीत कुशवाहा, प्रेम भूषण, रामबाबू पासवान, श्रीराम शर्मा समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## असामाजिक तत्वों ने लगायी आग, आठ बीघा का धान बोझा जलकर राख

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के पौथु थाना क्षेत्र अंतर्गत फेसरा टोला, लोहरा गांव में खलिहान में आग लगने से करीब आठ बीघा धान का बोझा जलकर राख हो गया। घटना की सूचना मिलते ही रफीगंज से अग्निशमन दस्ता मौके पर पहुंचा और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते कार्रवाई होने से आसपास के खलिहानों में रखे धान के बोझे को बचा लिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लोहरा गांव निवासी रामध्यान यादव, सुरेंद्र यादव एवं मिथलेश यादव के खलिहान में रविवार की रात करीब साढ़े तीन बजे अचानक आग लग गई। आग की लपटें उठती देख ग्रामीण जाग गए और शोर मचाकर पूरे गांव को सूचना दी। इसके बाद ग्रामीणों ने सामूहिक प्रयास से आग बुझाने की कोशिश की। कुछ ही देर में अग्निशमन वाहन मौके पर पहुंचा और कर्मियों ने आग पर नियंत्रण पाया। पीड़ित किसानों ने बताया कि आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते



खलिहान में रखा धान जलकर नष्ट हो गया। पीड़ितों का आरोप है कि असामाजिक तत्वों द्वारा जानबूझकर आग लगाई गई है, जिससे उन्हें लगभग ढाई लाख रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी मिलने पर डीलर एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा मौके पर पहुंचे और पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग संबंधित पदाधिकारियों से की। वहीं अंचलाधिकारी भारतेंदु ने बताया कि मामले की जांच के लिए राजस्व कर्मचारी को स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है।

## 'रंगभूमि' के सौ वर्ष पूरे होने पर संगोष्ठी, आज के संदर्भ में उपन्यास की प्रासंगिकता पर मंथन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड के रतनपुर गांव में जनवादी लेखक संघ, औरंगाबाद इकाई के तत्वावधान में कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद के कालजयी उपन्यास 'रंगभूमि' के प्रकाशन के सौ वर्ष पूरे होने तथा स्वतंत्रता सेनानी बसंत नारायण सिंह की 26वीं पुण्यतिथि के अवसर पर "आज के संदर्भ में 'रंगभूमि'" विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता जलेस औरंगाबाद के उपाध्यक्ष श्री निवास मंडल ने की, जबकि संचालन युवा कवि समुन्दर सिंह ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वतंत्रता सेनानी बसंत नारायण सिंह एवं मुंशी प्रेमचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। विषय प्रवेश करते हुए पत्रकार एवं




साहित्यकार शंभू शरण सत्यार्थी ने कहा कि 'रंगभूमि' के सौ वर्ष पूरे होना केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि समाज के सामने खड़े सवालों पर आत्ममंथन का समय है।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. अलखदेव प्रसाद 'अचल' ने कहा कि 'रंगभूमि' प्रेमचंद की एक कालजयी कृति है। देश भले ही औपनिवेशिक शासन से मुक्त हो चुका हो, लेकिन आज भी समाज में जॉन सेवक, क्लार्क, विनय सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह और सोफिया जैसे पात्र विभिन्न रूपों में मौजूद हैं—कोई अत्याचार करता हुआ, तो कोई अत्याचार सहते हुए प्रतिरोध करता हुआ। यह संघर्ष आज भी आम जनता के लिए प्रेरणास्रोत है। अंबुज कुमार ने कहा कि आज सत्ता के स्तर पर हक की लड़ाई लड़ने वालों को अपराधी ठहराकर उनके जीवन को बर्बाद करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। डॉ. रविनंदन ने प्रेमचंद को अन्याय के खिलाफ एक सशक्त आवाज बताया। वहीं गोपेन्द्र कुमार सिन्हा गौतम ने कहा कि 'रंगभूमि' की सामाजिक और राजनीतिक प्रासंगिकता आज भी पूरी तरह कायम है। डॉ. राजेश कुमार विचारक ने कहा कि जहां प्रेमचंद सोफिया के चरित्र के माध्यम से भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ा रहे थे, वहीं सौ वर्ष बाद भी समाज का एक बड़ा वर्ग पश्चिमी संस्कृति की ओर आकर्षित होता दिखाई दे रहा है। संगोष्ठी में बिनोद सिंह, रामपुलिस सिंह, दिनेश सिंह, राम अनुग्रह सिंह, धनंजय कुमार, सुरेश सिंह, रमेश सिंह, शमशाद आलम 'शमशाद', गुलफराज, सुधीर सत्यम, सुनील कुमार, विवेक कुमार सहित कई गणमान्य लोगों ने भी अपने विचार रखे।

## इंटरमीडिएट परीक्षा में पहली बार शामिल होंगे दो ट्रांसजेंडर अभ्यर्थी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** 2 से 13 फरवरी तक आयोजित होने वाले इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए पहली बार जहानाबाद में दो ट्रांसजेंडर परीक्षार्थी शामिल होंगे। ट्रांसजेंडर परीक्षार्थी के लिए बालिकाओं के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्र पर बैठने की व्यवस्था की गई है। शिक्षा विभाग की ओर से बताया गया कि यह पहली बार हो रहा है की जहानाबाद के किसी केंद्र पर ट्रांसजेंडर परिहार थी इंटरमीडिएट की परीक्षा में शामिल होंगे। इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए जिले में कुल 18 केंद्र बनाए गए हैं जिनमें 10 केंद्र बालको के लिए होगा वहीं आठ परीक्षा केंद्र बालिकाओं के लिए निर्धारित किया गया है। शिक्षा विभाग और बिहार विभाग विद्यालय परीक्षा समिति के निर्देश के आलोक में इस बार किसी भी निजी विद्यालय या महाविद्यालय में परीक्षा केंद्र नहीं बनाया गया है। बताया जाता है कि परीक्षा केंद्र सिर्फ सरकारी विद्यालयों में बनाया गया है। इस बार शहर के 6 विद्यालयों में परीक्षा केंद्र बनाया गया है वहीं शहरी क्षेत्र के आसपास के विद्यालयों में इस बार इंटरमीडिएट के 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं वहीं मैट्रिक परीक्षा के लिए 9 परीक्षा केंद्र शहर से बाहर बनाए गए हैं। शहर के बाहर बनाए जाने वाले परीक्षा केदो में मखदुमपुर, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाटी, काको, पंडुई, दक्षिणी सहित आसपास के सरकारी माध्यमिक स्तर के विद्यालयों में परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इंटरमीडिएट परीक्षा की बात करें तो पिछले वर्ष 2025 के इंटरमीडिएट परीक्षा में 14934 परीक्षार्थी शामिल हुए थे, जबकि इस वर्ष 2026 के परीक्षा में 16188 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। इस लिहाज से देखा जाए तो इस वर्ष 1252 परीक्षार्थी अधिक पिछले वर्ष की तुलना में परीक्षा फॉर्म भरें हैं।

# प्राणपुर बाजार और कासमा में 'हर घर स्वदेशी' संकल्प यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के प्राणपुर बाजार एवं कासमा में रविवार को आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वदेशी चेतना को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक सशक्त पहल के रूप में सामने आया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कासमा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार यादव ने की। बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों और युवाओं की भागीदारी ने आयोजन को खास बना दिया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं से स्वदेशी अपनाने का संकल्प पत्र भरवाया गया और दैनिक जीवन में स्वदेशी उत्पादों के उपयोग की सामूहिक शपथ दिलाई गई। मंच से प्रदेश कार्यसमिति



सदस्य दीनानाथ विश्वकर्मा एवं भाजपा जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वदेशी केवल उत्पादों का चयन नहीं, बल्कि देश की आत्मा, पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करने का माध्यम है। उन्होंने स्थानीय भाषाओं के सम्मान, कारीगरों और किसानों को प्रोत्साहन देने पर विशेष जोर दिया।

अध्यक्षीय संबोधन में कासमा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार यादव ने कहा कि स्वदेशी एक विचार से आगे बढ़कर आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव है, और इस नींव को मजबूत करने में युवाओं की भूमिका निर्णायक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वदेशी को अपने जीवन का स्वाभाविक हिस्सा बनाएं। कार्यक्रम के अंत में युवाओं में स्वदेशी के प्रति उत्साह स्पष्ट रूप से देखने को मिला और "हर घर स्वदेशी" का संदेश पूरे क्षेत्र में गूंज उठा। इस अवसर पर महामंत्री चंदन कुमार, चंदेश्वर पाल, कोषाध्यक्ष प्रेमचंद साव, श्रीकांत महतो, अशोक यादव, मनोज साव, उपेन्द्र रजक, रामकुमार दास, अर्जुन शर्मा, राजेश महतो, छोटू पासवान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन आज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** जिले में बच्चों के भीतर वैज्ञानिक सोच, नवाचार और अनुसंधान की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बिहार शिक्षा परियोजना, जहानाबाद के तत्वावधान में 53वीं जिला स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी–2025-26 का आयोजन आज भव्य कार्यक्रम आयोजित कर किया जाएगा। यह प्रदर्शनी राज्य संपोषित बालिका +2 विद्यालय, जहानाबाद के परिसर में प्रातः 10:30 बजे से प्रारंभ होगी। राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी), बिहार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में साइंस फॉर सोसायटी, जहानाबाद की सक्रिय सहभागिता है। प्रदर्शनी का मुख्य विषय "सुरक्षित भविष्य के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी" निर्धारित किया गया है। इसके अंतर्गत जिले के सरकारी एवं एससीईआरटी द्वारा सूचीबद्ध विद्यालयों के छात्र-छात्राएं अपने नवाचारी विज्ञान मॉडलों के माध्यम से समाज की ज्वलंत समस्याओं के समाधान प्रस्तुत करेंगे। बताया जाता है कि इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और समस्या-समाधान क्षमता को मंच प्रदान किया जाएगा।इस अवसर पर सात उप-विषयों पर आधारित मॉडल प्रदर्शित किए जाएंगे, जिनमें सतत कृषि, अपशिष्ट प्रबंधन एवं प्लास्टिक के विकल्प, हरित ऊर्जा, उभरती हुई प्रौद्योगिकियां, मनोरंजक गणितीय मॉडलिंग, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा जल संरक्षण एवं प्रबंधन शामिल हैं। छात्र अपने मॉडलों के माध्यम से जल संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा, मानसिक स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक तकनीकी समाधानों को सरल एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करेंगे। ऐसे कार्यक्रम बच्चों को विज्ञान के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। इस प्रदर्शनी में चयनित उत्कृष्ट मॉडल आगे राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तरीय पर बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में रखा जायेगा, जहां जिले के बाल विज्ञानियों को प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा।

# पंचायत के विकास के लिए मुखिया हैं कृतसंकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नावकोठी।** प्रखंड मुख्यालय नावकोठी में प्रखंड मुखिया संघ की बैठक रविवार को आयोजित की गई। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सह मुखिया संघ के जिला महासचिव राष्ट्रपति कुमार ने की। उन्होंने बताया कि आगामी सप्ताह जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के नावकोठी दौरा से पूर्व सभी पंचायत के माननीय मुखिया के द्वारा गहन विचार विमर्श के उपरांत विस्तृत रोड मैप तैयार कराया गया है। इससे संबंधित स्मार पत्र जिला पदाधिकारी को सौंपा जायेगा। बैठक में प्रखंड के चहुंमुखी विकास के लिए सभी मुखिया त संकल्पित हैं। मुखिया को जनता ने जनादेश दिया है। इसके तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, यातायात एवं कानून व्यवस्था सहित ज्वलंत मुद्दे के प्रति सजग रहते हुए निर्णायक भूमिका निभाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हसनपुर बागर के मुखिया विजय पासवान ने बताया कि लंबे समय से विष्णुपुर-चकमुजफ्फर मोईन जो मीठे जल का प्रातिक झील है, पर्यटन एवं खेल सहित युवा एवं संसति मंत्रालय के लिए एक बेहतरीन प्रोजेक्ट के रूप में विकसित किया जा सकता है। सरकार चाहे तो इसे पिकनिक स्पॉट एवं मत्स्य अनुसंधान केंद्र या तैराकी प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित कर रोजगार परक बना सकता है। डफरपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ई रंजीत कुमार पमपम ने कहा के जल संसाधन विभाग के एनओसी के बावजूद महेशवारा से लेकर समसा बगरस तक बुढी गंडक नदी के बांध पर मिट्टी भराई एवं ईंट सोलिंग का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। लेकिन मिट्टी के कटाई और ढुलाई पर सरकारी रोक के कारण क्षेत्र का ड्रीम प्रोजेक्ट पर ग्रह्ना लगा हुआ है। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुक भी अपने घर के निर्माण में पिलिंथ लेवल तक मिटटी भराई नहीं कर सकते। इसके कारण क्षेत्र के लोगों में जनाक्रोश देखा जा रहा। रजाकपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार पासवान ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं को राजनीतिक षड्यंत्र के तहत बिजली विभाग के कर्मियों के द्वारा अनावश्यक मुकदमे किये जाने की निंदा की तथा पदाधिकारी को सुशासन कायम करने एवं जनप्रतिनिधियों के सुझावों को ढाक के तीन पात करना। इस अवसर पर जिप प्रतिनिधि डॉ राजेन्द्र शर्मा, पहसारा पूर्वी के मुखिया दिनेश यादव, पहसारा पश्चिम के मुखिया प्रतिनिधि रामनाथ सिंह उर्फ बुडुल सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# दलित पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के मसीहा थे रूद्रनारायण झा : प्रो. चन्द्रभानु

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बरौनी।** मरता तो यह नश्वर शरीर है आदमी की कीर्ति कभी नहीं मरती।उसकी कीर्ति ही हमेशा जीवित रहती है। उक्त बातें मिथिला विवि के अवकाश प्राप्त डीन सह शिक्षाविद डा. चन्द्रभानु प्रसाद सिंह ने शनिवार की संध्या पूर्व राज्यसभा सांसद स्वर्गीय रूद्रनारायण झा की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कही। तेघड़ा प्रखण्ड के निपानिया गांव स्थित उनके आवास पर उनकी जयंती का आयोजन किया गया। स्वर्गीय श्री झा 1968 से 1971 तक राज्यसभा सांसद व संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो सिंह ने कहा कि रुद्र नारायण झा ने कभी अपनी जाति या अपने परिवार के लिए कुछ नहीं किया। बल्कि दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों की लड़ाई लड़ी। कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ पत्रकार पुष्पराज ने कहा कि मंझौल इनके जीवन का प्रारब्ध था। मंझौल में टीक- जनेऊ आंदोलन में शामिल होने की वजह से मुंगेर जिला के प्रथम विधवा विवाह में उन्होंने सूत्रधार की भूमिका निभाई थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शिक्षक संघ के नेता सुधाकर राय ने कहा कि जब रुद्र नारायण झा हिंद मजदूर सभा, रेलवे यूनियन जैसे मजदूर संगठनों की बड़ी जिम्मेवारी संभालते हुए श्रमिकों के आंदोलनों में कई बार जेल गए। सोशलिस्ट पार्टी और किसान मजदूर प्रजा पार्टी के विलय के बाद इनकी सांगठनिक क्षमता को देखते हुए इन्हें संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी संसोपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत करते हुए रुद्र नारायण झा के पुत्र चंद्रप्रकाश झा ने कहा कि मेरे लिए पिता को याद करना इतना सहज नहीं था। कार्यक्रम का संचालन जलेस के राज्य सचिव विनिताभ और सांसतिक कार्यक्रम का संयोजन ड कुन्दन कुमार ने किया। स्मृति पर्व समारोह को पूर्व डीएसपी राम नरेश प्रसाद सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता रामबालक सिंह, रानी 3 के मुखिया अमरजीत राय, प्रो राम विलास सिंह, डा. अशोक कुमार गुप्ता, शिवजी आर्य ने भी संबोधित किया। वहीं इस अवसर पर पत्रकार प्रवीण प्रियदर्शी, संजीव फिरोज, कृष्णनंदन सिंह, ब्रजेश कुमार, डा. कंचन कुमारी, प्रमोद सिंह, श्यामनन्दन निशाकर, प्रबोध कुमार, निर्भय कुमार शांडिल्य, राजीव कुमार मिश्र, बाबु साहेब मिश्र सहित अन्य उपस्थित थे। इसके पूर्व आकाश गंगा रंग चौपाल एसोसिएशन बरौनी के कलाकार आनन्द कुमार और नीतीश कुमार के द्वारा जनगीतों की प्रस्तुति की गयी।

# चौथी पुण्यतिथि पर याद किये रामाधार ईश्वर

**मंसूरचक (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखण्ड के फाटक चौक स्थित रामचंद्र स्मृति भवन में कामरेड रामाधार ईश्वर पूर्व भाकपा अंचल मंत्री की चौथी पुण्य तिथि मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता शिवचंद्र महतो ने किया।सभा को संबोधित करते हुए राज्य परिषद् सदस्य सत्य नारायण महतो ने पार्टी संगठन में रामाधार ईश्वर कि भूमिका पर प्रकाश डाला और आज कि राजनीति परस्थिति में भाकपा कि भूमिका पर विस्तार से अपनी बात रखी ।सभा को अंचल मंत्री विंदेश्वरी महतो, मो परवेज अलम, सेवानिवृत्त शिक्षक राम सेवक महतो, श्याम नारायण रजक, शंभू कुमार, कपिलदेव महतो, राजेंद्र कुमार सहित कई लोगों ने संबोधित किया। सभा में दर्जनों लोग शिवम,शशिकांत,रामचंद्र, रमन,रणजीत,सोनेलाल सहित दर्जनों लोगों ने भाग लिया।

# सख्ती : नए साल में हुड़दंगियों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर

## हथौड़ी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** हथौड़ी थाना परिसर में आगामी नव वर्ष को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाए जाने को लेकर थाना अध्यक्ष मौसम की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने, आपसी भाईचारा कायम रखने तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचाव को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। थानाध्यक्ष मौसम ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों से अपील की कि नव वर्ष के अवसर पर सभी लोग कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि अफवाहों से बचें, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें तथा शांति भंग करने वाले तत्वों पर नजर रखें। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि शांति भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी बैठक में जनप्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं एवं सुझावों को रखा और नव वर्ष के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने का भरोसा दिलाया। इस दौरान विशेष रूप से असामाजिक तत्वों, शराब एवं हुड़दंग पर नियंत्रण, रात्रि गश्ती बढ़ाने तथा संवेदनशील स्थानों पर निगरानी रखने पर बल दिया गया बैठक में हथौड़ी थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। अंत में थानाध्यक्ष ने सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद करते हुए शांतिपूर्ण नव वर्ष मनाने की अपील की।

# विद्यार्थी परिषद की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बरौनी इकाई की बैठक रविवार को बरौनी कॉलेज में आयोजित की गई। जिसमें प्रांत अधिवेशन, शैक्षणिक समस्या, संगठन विस्तार, स्वामी विवेकानंद जयंती सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष चंदन कुमार एवं बैठक का संचालन नगर मंत्री प्रियांशु कुमार ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए एबीवीपी बेगूसराय के विभाग संयोजक सह एलएनएमयू छात्र संघ अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि विद्यार्थी परिषद एकमात्र छात्र संगठन है। जो दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्र नीति से प्रेरित होकर लोकशिक्षा लोकसेवा लोकसंघर्ष के कार्य करना सिखाती है। परिषद के कार्यकर्ता युवाओं के बीच में जाकर विद्यार्थी परिषद के विचारधारा को तेजी के साथ बताने की आवश्यकता है। युवा विद्यार्थी परिषद में जुड़कर राष्ट्रवादी सोच से राष्ट्र को आगे ले जाने का काम करेंगे। परिषद मानती है कि युवा कल का नहीं आज के नागरिक हैं। साथ ही आलोक कुमार ने कहा कि जिले नवनिर्वाचित विधायकों और सांसद से विद्यार्थी परिषद बरौनी इकाई यह मांग करती है कि जिला में शिक्षा क्षेत्र में व्यापक सुधार की आवश्यकता है। स्कूलों और कलेज में इन्फ्रास्ट्रक्चर की घोर कमी है। इसे दूर करने के लिए स्थानीय विधायक सांसद काम करें अन्यथा विद्यार्थी परिषद जिले के जनप्रतिनिधियों के खिलाफ भी आंदोलन का बिगुल फुकेगी।मौके पर विद्यार्थी परिषद के वरिष्ठ कार्यकर्ता, सत्यदेव सिंह नगर अध्यक्ष चंदन कुमार ने कहा संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को भी प्रांत अधिवेशन अभ्यास वर्ग जैसे आयोजन में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित हो ताकि कार्यकर्ता संगठन की भावनाओं को समझकर राष्ट्र के लिए और अधिक ऊर्जा के साथ काम कर सकें। मौके पर नगर मंत्री प्रियांशु कुमार, कलेज अध्यक्ष अंकित कुमार एवं कलेज मंत्री अनुभव कुमार ने कहा कि एपीएसएम कॉलेज में छात्रों के विभिन्न समस्याओं को संग्रह किया जा रहा है। महाविद्यालय में वर्ग संचालन, महाविद्यालय की साफ सफाई स्वच्छ पेयजल एवं शौचालय की कमी है। छात्र कमन रूम की व्यवस्था दुरूस्त करने जैसे अन्य विषय विषयों को लेकर विद्यार्थी परिषद जल्दी महाविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपेगी। अगर समस्या का जल्द से जल्द समाधान नहीं होता है तो महाविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जोरदार आंदोलन परिषद के द्वारा किया जाएगा। मौके पर जिला सोशल मीडिया संयोजक विकास कुमार झा एवं नगर कोषाध्यक्ष स्वराज कुमार ने कहा कि डेयरी रोड स्थित छात्रावास की जमीन को लेकर महाविद्यालय प्रशासन सुस्त पड़ी हुई है। जो की दुर्भाग्यपूर्ण है। भूमाफियाओं की नजर उसे जमीन पर है। उस जमीन पर जल्द से जल्द चार दीवारों का निर्माण करना चाहिए। मौके पर नगर उपाध्यक्ष विवेक कुमार मीडिया संयोजक सिंटू कुमार नगर सह मंत्री मुस्कान कुमारी सोशल मीडिया संयोजक रोशन कुमार छात्रा प्रमुख खुशी कुमारी कलेज शाह मंत्री मुस्कान कुमारी गौतम कुमार कोषाध्यक्ष साहिल कुमार कार्यालय मंत्री सचिन कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# चित्रगुप्त महापरिवार को संगठित करने में युगल किशोर प्रसाद का था सक्रिय योगदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** लोहिया नगर के चित्रगुप्त मंदिर सभागार में चित्रगुप्त महापरिवार के संस्थापक सदस्य युगल किशोर प्रसाद के असामयिक निधन हो जाने पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए महापरिवार के अध्यक्ष विकास मोहन सिन्हा ने कहा की युगल किशोर प्रसाद चित्रगुप्त महापरिवार लोहिया नगर के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व महासचिव थे। युगल किशोर प्रसाद सरल, मृदुभाषी व्यक्तित्व के धनी थे। श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए महापरिवार के संस्थापक सदस्य अशोक कुमार सिन्हा वैध ने कहा कि युगल किशोर प्रसाद जी सामाजिक व्यक्ति थे। चित्रगुप्त महापरिवार को संगठित करने में एवं चित्रगुप्त मंदिर के निर्माण में उनके सक्रिय योगदान को भुलाया नही जा सकता है। श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बेगूसराय के अध्यक्ष राजेश कुमार सिन्हा अधिवक्ता ने कहा कि युगल किशोर प्रसाद का व्यक्तित्व सरल, मृदु भाषी, अपनतत्व के भाव से भरा हुआ था। वे उर्दू, फारसी, अंग्रेजी एवं कैथी लिपि के जानकार थे। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला सहाय सचिव सह चित्रगुप्त महापरिवार लोहिया नगर के सहाय सचिव अखिलेश कुमार अधिवक्ता ने श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि युगल किशोर प्रसाद से मेरा पारिवारिक सम्बन्ध था उनके निधन से मुझे व्यक्तिगत क्षति हुई है। महासचिव संदीप कुमार ने श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए युगल किशोर प्रसाद जी के व्यक्तित्व एवं तित्व की विस्तार पूर्वक चर्चा की। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व सरकारी वकील विनोद कुमार सिन्हा ने श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि युगल किशोर प्रसाद से मेरा व्यक्तिगत संबंध था। वे सामाजिक सरोकार के धनी थे। माले नेता महापरिवार के सक्रिय सदस्य राजेश श्रीवास्तव ने श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि युगल किशोर प्रसाद के बताए हुए मार्ग पर चल कर समाज को संगठित करना है। श्रद्धांजलि सभा को अधिवक्ता विजय कुमार सिन्हा, मनोज कुमार सिन्हा अधिवक्ता इनकम टैक्स, महापरिवार के कोषाध्यक्ष जयंत कुमार सिन्हा, सुजीत कुमार, मनोज कुमार अधिवक्ता, प्रभात रंजन सिन्हा, सेंटू कुमार, मनीष कुमार सिन्हा, विनय कुमार अम्बस्था एवं सुभाष कुमार सिन्हा सहित दर्जनों चित्रगुप्त महापरिवार लोहिया नगर के सदस्य उपस्थित थे। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता चित्रगुप्त महापरिवार लोहिया नगर के अध्यक्ष विकास मोहन सिन्हा ने किया जबकि संचालन महासचिव संदीप कुमार ने की।

## कुंए में गिरने से युवक की मौत

**जहानाबाद (नबिटा संवाददाता)।** जहानाबाद जिले के हुलासगंज प्रखंड स्थित सुहानी बिगहा गांव में एक घर में बने कुंए में फिसलकर गिरने से सत्रह वर्षीय युवक की मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया। घटना शनिवार की रात लगभग नौ बजे की है। बताया जाता है कि युवक इन्द्रजीत कुमार घर में खाना खाकर दालान पर सोने जा रहा था इस दौरान घर के अंदर बने कुंए में फिसलकर जा गिरा। हालांकि बताया जाता है कि घटना के वक्त घर में और भी परिजन मौजूद थे जो अपने-अपने कमरे में बंद थे। युवक के कुएं में गिरने की आवाज सुनकर युवक के पिता संतोष प्रसाद भागकर आंगन में आए।

# क्रिकेट टूर्नामेंट फाइनल में बीरू इलेवन विजेता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** बरौनी विनोद भवन के मैदान में आयोजित 'विनोद भवन क्रिकेट टूर्नामेंट' का रोमांचक समापन रविवार को हो हुआ। इस खिताबी मुकाबले में बीरू इलेवन ने अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत जीत दर्ज कर चौंपियन ट्रफी पर कब्जा जमा लिया। खेल और उत्साह के माहौल के बीच बरौनी के विनोद भवन मैदान में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन हुआ। फाइनल का मुकाबला बीरूइलेवन और विवेक इलेवन के बीच खेला गया, जिसमें बीरूइलेवन ने खेल के हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। मैदान दर्शकों की भीड़ से खचाखच भरी थी और हर चौके-छक्के पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया जा रहा था। बीरू इलेवन के खिलाड़ियों ने संयमित बल्लेबाजी और सधी हुई गेंदबाजी के दम पर विवेक इलेवन को बैकफुट पर धकेल दिया और अंततः चौंपियनशिप की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। मैच के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड पार्षद अजीत कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता और उप-विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्त करते हुए कहा की खेल हमें अनुशासन और टीम भावना सिखाते हैं। बरौनी की धरती पर इस तरह के आयोजन युवाओं की प्रतिभा को निखारने का बेहतरीन माध्यम हैं। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में कनवीनर अमित कुमार की मुख्य भूमिका रही। उन्होंने कार्यक्रम में आए अतिथियों का विधिवत सम्मान किया और खेल के प्रति स्थानीय युवाओं के समर्पण की सराहना की। इस अवसर पर खेल प्रेमी और स्थानीय गणमान्य व्यक्ति जैसे पप्पू कुमार, निरंजन कुमार सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर किया गया सामाजिक अंकेक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** समाज कल्याण विभाग के निर्देशानुसार प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम किया गया। इसकी अध्यक्षता संबंधित वार्ड सदस्य ने किया। सीडीपीओ रश्मि कुमारी ने बताया कि सभी केंद्रों पर सोशल अडिट हेतु महिला पर्यवेक्षिका ष्णा कुमारी, शालिनी कुमारी, सुनीता कुमारी तथा हेमलता कुमारी को विभिन्न सेक्टरों में इस कार्यक्रम को संपन्न कराने के लिए विशेष रूप से तैनात किया गया था। समाज कल्याण विभाग के द्वारा साल में यह कार्यक्रम दो बार दिसम्बर और जुलाई माह में केन्द्रों पर सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम कराये जाते हैं। इस सिलसिले में प्रखंड के सभी पंचायतों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन, नियमितता आदि के लिए वार्ड सदस्य के नेतृत्व में सामाजिक अंकेक्षण समिति का गठन किया गया। इस अवसर पर स्कूल पूर्व शिक्षा की गतिशीलता, टीएचआर वितरण, पूरक पोषाहार, पोषण आहार कार्यक्रम, ग्रोथ चार्ट, गृह भ्रमण, केन्द्र पर स्थापित मानक के अनुरूप उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की गयी। केन्द्र के साफ सफाई, स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, भवन की स्थिति, सेविका सहायिका की ससमय केन्द्र पर उपस्थिति आदि पर चर्चा की गयी। सामाजिक अंकेक्षण के दौरान सदस्यों ने टीएचआर वितरण को एफ आर एस की बाध्यता खत्म कर वितरण को सरल और आसान बनाने के सुझाव दिए। इस अवसर पर वार्ड सदस्य समीरा खातुन सहित मीना कुमारी, पूनम कुमारी, मधुरानी, कुमारी सरोज, कमरून निशा बेग, शकीला बेगम, पूनम कुमारी, निर्मला कुमारी सहित पोषक क्षेत्र के विकास मित्र, स्वंयसहायता समूह के सदस्य, जीविका सदस्य, लाभुक के माता पिता, आशा कर्मी सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# 2 अप्रैल को मंत्री अशोक चौधरी आयेंगे बखोरापुर

## जय मां काली बखोरापुरवाली मंदिर ट्रस्ट के स्थापना दिवस में शामिल होंगे मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** ग्रामीण विकास विभाग, पटना बिहार के मंत्री अशोक चौधरी के आवास पर जय मां काली बखोरापुरवाली मंदिर ट्रस्ट, भोजपुर के 2 अप्रैल 2026 को आयोजित वार्षिक स्थापना दिवस समारोह पर आने का आमंत्रण दिया। मंत्री ने आमंत्रण को स्वीकार किया और वार्षिक स्थापना समारोह सह अनावरण-समारोह-सह-राष्ट्रीय मां काली सांस्कृतिक महोत्सव 2026 पर उपस्थित होने का वचन भी दिया। इस मौके पर मंदिर ट्रस्ट के मुख्य-सलाहकार डा लक्ष्मण तिवारी, उपाध्यक्ष मंगल सिंह, सह-मुख्य-संरक्षक रविशंकर सिंह, मुख्य-संरक्षक सुनील सिंह गोपाल, वरिष्ठ-मेंबर सिद्धार्थ कुमार उर्फ दीपू जी ने उन्हें मां का चुनरी, गुलदस्ता, शिल्क शॉल, मां का प्रसाद व पुस्तक देकर सम्मानित किया। मंत्री ने कहा कि हमारे विभाग का कोई कार्य मंदिर के लिए आप लोग कहेंगे मैं उसे 1 माह के अंदर पूरा करूंगा एवं मैं प्रयास करूंगा कि बिहार के ईमानदार, यशस्वी, कर्मठ सुशासन सरकार के सर्वेसर्वा माननीय नीतीश कुमार जी, मुख्यमंत्री, बिहार से निवेदन करूंगा कि वे स्थापना समारोह में उपस्थित होकर समस्त भोजपुरवासियों को अपना आशीर्वाद और उपस्थित होकर मंदिर ट्रस्ट के विशाल महोत्सव को गौरवान्वित कर प्रतिष्ठित करें।

# ई शिक्षाकोष पोर्टल पर अपलोड होगा डाटा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** प्रखण्ड के सभी विद्यालयो में छात्र छात्राओं की उपस्थिति में हुई त्रुटी को दूर करने के लिए एक पोर्टल अपलोड किया गया है। जिसमे लाभुक आधारित योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु शत प्रतिशत उपस्थित छात्र-छात्राओं के त्रुटिपूर्ण डाटा के त्रुटियों का निराकरण किया जा सके। विभाग ने ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश जारी किया है। यह निर्देश जिला कार्यक्रम पदाधिकारी योजना व लेखा बेगुसराय ने जारी किया है। वित्तीय वर्ष-2025-2026 के अंतर्गत लाभुक आधारित योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु 75प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्र-छात्राओं का त्रुटिपूर्ण डाटा एनआईसी के द्वारा वापस किया गया है। त्रुटियों के निराकरण हेतु छात्र-छात्राओं का डाटा ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।ऐसे छात्र-छात्राओं के डाटा की त्रुटियों का निराकरण कर 30 दिसम्बर 2025 तक ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर अपलोड कराने का निदेश दिया गया है, ताकि छात्र-छात्राओं को योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा सके।

# सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र के नावकोठी निवासी रंजन पोद्दार के 18 वर्षीय पुत्र राम कृष्ण की सड़क दुर्घटना में इलाज के दौरान शनिवार की रात मौत हो गई। मृतक छात्र राम ष्ण अलौली में अपने संबंधी के यहां रहकर पढ़ाई करता था और पढ़ाई में काफी मेधावी था। जानकारी के अनुसार राम कृष्ण कुशेश्वर प्रखंड के तैगच्छा से ग्यारहवीं की परीक्षा देकर बाइक से अलौली लौट रहा था। उसके साथ अलौली थाना क्षेत्र के संझौती गांव निवासी पंकज यादव का पुत्र आयुष कुमार भी सवार था। इसी दौरान अलौली थाना क्षेत्र के मेघौना स्थित लक्ष्मिनिया पोखर के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को इलाज के लिए बेगूसराय स्थित एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान राम ष्ण ने दम तोड़ दिया। वहीं आयुष कुमार की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज जारी है।राम ष्ण की मौत की खबर मिलते ही नावकोठी में मातम पसर गया। वहीं स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने तथा दुर्घटना में शामिल ट्रक चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## शोक सभा का आयोजन

**बिक्रम (नबिटा संवाददाता)।** अनुमंडलीय त्रिभुवन पुस्तकालय सभागार में गांधी आश्रम विकास समिति के तत्वावधान में तीन सामाजिक कार्यकर्ताओं के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता जेपी सेनानी लवकुश शर्मा ने की। मसौढ़ा तेलपा नगरवासी 101 वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी रामजीवन सिंह, चौठिया निवासी जेपी सेनानी सजनधारी सिंह एवं खोरैठा नगर निवासी सियामनी देवी के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उपस्थित गनमान्य ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। वहीं दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट मौन रहकर ईश्वर से प्रार्थना की गई। उक्त मौके पर संपूर्ण क्रांति मंच के अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह, सुरेंद्र लाल सिन्हा, ब्रज किशोर तिवारी,नरेंद्र सिंह, अर्जुन राम आदि थे।

# किसान औने-पौने दाम पर धान बेचने को हैं मजबूर

## महिला लोक समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा (भोजपुर)।** रविवार को भोजपुर जिला महिला लोक समिति के तत्वावधान में आरा शहर स्थित राजेन्द्र नगर के गीता महिला उत्थान समिति के सभागार में समिति की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता गीता महिला उत्थान समिति की सचिव गीता पाण्डेय ने की। मौके पर उपस्थित बिहार प्रदेश लोक समिति के प्रांतीय महासचिव श्री शिवजी सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार पिछले करीब एक महीना से काम कर रही है। एनडीए सरकार को बहुमत दिलाने में जीविका दीदी, विधवा एवं बेसहारा गरीब महिलाओं का बहुत बड़ा योगदान है। बिहार सरकार ने महिला रोजगार योजना के तहत स्वरोजगार के लिए 10 हजार रूपया दें रही है। श्री सिंह ने कहा कि जिन विधवा, बेसहारा गरीब महिलाओं को पैसा नहीं मिला है, उसका जांच कर शीघ्र 10 हजार रूपये उनके खाता में भेजा जायें। बिहार सरकार ने घोषणा की है कि आगे भी रोजगार के लिए दो लाख रुपया सहायता राशि दी जायेंगी। जिसकी प्रतीक्षा बिहार की महिलाएं कर रही हैं। श्री सिंह ने कहा कि इस कड़ाके की शीत लहरी और ठंढ में अतिक्रमण साफ कराने के नाम पर बिहार सरकार बुलडोजर से गरीबों का घर ध्वस्त कर रही है। लोक समिति सरकार से मांग करती है कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था दियें, जबरन गरीबों को उजाड़ना कतई न्यायसंगत नहीं है। मानवीय एवं कानूनी दृष्टिकोण से भी गलत है। इस पर तत्काल रोक लगाने की जरूरत है। लोक समिति शाहाबाद प्रक्षेत्र के महासचिव एवं किसान नेता भानु प्रकाश राय ने महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि छुआछुत, अंधविश्वास एवं पाखंड को छोड़ना होगा। विकास नहीं होंगा। महिलाएं पढ- लिखकर अपना विकास कर सकती है, अंधविश्वास से नहीं। श्री राय ने कहा कि इन दिनों खेती- किसानी का संकट एक बड़ी समस्या है। बिहार के किसानों को सरकार द्वारा घोषित धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2389 किसानों को नहीं मिल रहा है। किसान मजबूर होकर औने-पौने दाम पर अपना धान बेचने को मजबूर हैं। बैठक में उपस्थित बक्सर जिला लोक समिति के संयोजक कवि हीरालाल राय ने कि लोक समिति लोक नायक जयप्रकाश नारायण द्वारा स्थापित गैर दलीय राष्ट्रीय जन संगठन हैं। शोषित, पीड़ित, वंचित, बेसहारा , गरीब किसान-मज़दूर, शिक्षित बेरोजगार युवा एवं महिलाओं की अधिकार के लिए सरकार से मांग करती रही है। गीता पाण्डेय ने अपने अध्यक्षीय भाषण में लोक समिति के माध्यम से मैं बिहार सरकार से मांग करती हूं कि बिहार सरकार महिलाओं को निःशुल्क सिलाई-कटाई का हुनर तथा मशीन की व्यवस्था करे तभी बिहार आगे बढेगा। उन्होंन के बताया कि मैं जे.पी. आन्दोलन के दौरान सक्रिय होकर काम किया हूं। मुझे पेंशन नहीं मिलता है। मैं एक बूढ़ी महिला हूं। बुढ़ापे में जीवन - यापन के मुझे पेंशन की बहुत जरूरी है। इनके अलावे बैठक में मुख्य रूप से लोक समिति की महिला कार्यकर्ता सजला सिन्हा, सौम्या श्रीवास्तव, चिन्ता देवी, सोनी कुमारी,अभिन्ता कुमारी कलावती देवी, शोभा देवी, किरन देवी, इन्दू देवी ,कुसुम देवी, सीमा देवी, माया देवी, पम्मी देवी, रवि सिन्हा, बन्टी शर्मा, वगैरह गणमान्य लोंगो ने भी अपना विचार व्यक्त कियें।

# पुनपुन पुलिस ने 19 पुड़िया स्मैक के साथ सप्लायर को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददता

**मसौढ़ी।** पुनपुन थाना क्षेत्र के अंतर्गत लगातार स्मैकियर गैंग के द्वारा स्मैक सप्लाई करने की लगातार मिल रही शिकायतों को देखते हुए कई जगहों पर छापेमारी की जा रही थी, इसी दौरान रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर मिली जानकारी को सत्यापन करते हुए पुनपुन पुलिस ने स्मैक बेच रहे एक स्पलायर को 19 पुड़िया स्मैक के साथ रंगे हाथ दबोच है। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान टीम गठित करते हुए कई जगहों पर छापेमारी की गई है। इस दौरान 19 पुड़िया स्मैक के साथ एक निरूद्ध बालक को गिरफ्तार किया गया है यह स्मैक कहां से ला रहा था, कहां सप्लाई चल रही थी इस पूरे नेटवर्क के बारे में छानबीन की जा रही हैं। जब्त की गई 19 पुडिया की कीमत बाजार में 2140 है। पूरे मामले की तह से छानबीन की जा रही है। हालांकि इस अभियान के दौरान स्मैकियर गैंग में हड़कंप मची हुई है।

## नदौल में नहीं मान रहे सप्लायर, बेखौफ होकर गैलन में रखकर सजती है शराब की दुकान

नवबिहार टाइम्स संवाददता

**मसौढ़ी।** शराब को लेकर बने सख्त कानून के बावजूद शराब कारोबारी शराब बेचने से बाज नहीं आ रहे हैं। यह तस्वीर मसौढ़ी थाना क्षेत्र के नदौल की है। जहां नदौल रेलवे ओवरब्रिज पुल के नीचे दिन के उजाले में बेखौफ होकर देसी शराब बेचने की मंडी सज रही है और पीने और पिलाने का खेल देर शाम तक चलते रहता है। हालांकि शराब अभियान के खिलाफ लगातार पुलिस की छापेमारी भी चल रही है। बावजूद शराब बेचने वाले शराब बेचने से बाज नहीं आ रहे हैं और बेखौफ होकर शाम तो छोड़िए दिन के



उजाले में गैलन में शराब लेकर बैठते हैं और दिन भर शराब बेचते नजर रहे हैं। बावजूद इन शराब कारोबारी पर कार्रवाई नहीं होना प्रशासन पर भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं। यह रेलवे ओवरब्रिज के ठीक नीचे बैठकर गैलन में देसी शराब को रखकर शराब बिक्री कर रहे हैं। दरअसल नदौल मुसहरी जो सड़क के किनारे झोपड़पट्टी में बसी हैं। जहाँ शराब के कारोबार में जुड़े हुए हैं। कई बार एक्साईज पुलिस और स्थानीय पुलिस की कार्रवाई की गई है बावजूद शराब बनाने पीने और पिलाने के धंधे में आज भी वह संलिप्त है और दिन के उजाले से लेकर शाम ढलते ही बेखौफ होकर शराब पीने पिलाने का कार्य किया जाता रहा है। इस मामलें में रेल थानाध्यक्ष राजू कुमार दुबे ने बताया कि सूचना मिलते ही इन शराब धंधेबाजों पर कार्रवाई करते हैं कई बार भठ्ठीयां भी तोड़ी गई है कार्रवाई भी की गई है ऐसे में चिन्हित कर लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

## कोसडिहरा के वार्ड चार में नल-जल योजना बदहाल

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मदनपुर प्रखंड के पिरवां पंचायत के कोसडिहरा में बीते चार वर्षों से अधिक समय से नल-जल योजना बदहाल है। चार वर्ष पहले वार्ड में 10 लाख रुपये के तहत नल-जल योजना का कार्य किया गया था। नल-जल योजना के तहत पानी टंकी लगाया गया। पाइप बिछाई गई थी परंतु घरों में नल का टोटी नहीं लगाया गया है। बता दें कि राज्य सरकार ने वर्षो पहले गांवों में ग्रामीणों को स्वच्छ जल पहुंचाने को ले विभिन्न वार्डो में नल-जल योजना की शुरुआत की थी। सरकार का निर्णय था कि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिले। गांवों में नल-जल योजना की शुरुआत तो हुई परंतु देखरेख के अभाव में स्थिति काफी बदहाल हो गई है। यहां सरकार के सभी दावे फ़ेल नजर आ रहा है। ग्रामीणों को नल-जल योजना से पानी नहीं मिल रहा है। गांव में कई जगहों पर पाइप क्षतिग्रस्त हो गए हैं। लगभग सभी घरों में कनेक्शन है। ग्रामीण राजू सिह, सुदीप कुमार सहित बताते हैं कि जब गांव में नल-जल योजना रहते हमलोग शुद्ध जल से वंचित हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### विकसित भारत-जी राम जी...

लाभ पहुंचे। सरकार का दावा है कि यह कानून महिलाओं, कमजोर वर्गों और जरूरतमंद परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थायी मजबूती मिलेगी। सरकार चाहती है कि ग्रामीण इलाकों में चल रही योजनाएं एक-दूसरे से जुड़कर ज्यादा प्रभावी परिणाम दें। सड़कों, जल संरक्षण, सिंचाई, आवास और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कामों को रोजगार से जोड़कर गांवों की तस्वीर बदलने की योजना है। इससे विकास कार्यों में पारदर्शिता और गति दोनों बढ़ेंगी। वीबी-जी राम जी कानून में संतृप्ति आधारित डिलीवरी को खास महत्व दिया गया है। इसका मतलब यह है कि कोई भी पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित न रहे। सरकार का कहना है कि अंतिम व्यक्ति तक रोजगार और आजीविका का लाभ पहुंचाना इस कानून का मूल उद्देश्य है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में असमानता कम होगी और विकास का लाभ सभी तक पहुंचेगा। सरकार का मानना है कि यह कानून समृद्ध, मजबूत और आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत की नींव को और पुख्ता करेगा। रोजगार बढ़ने से गांवों में आय के साधन मजबूत होंगे और शहरों की ओर पलायन पर भी रोक लगेगी। वीबी-जी राम जी को ग्रामीण भारत के भविष्य के लिए निर्णायक कदम माना जा रहा है, जो लंबे समय तक देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा।

### समृद्धि हासिल करने के...

ने कहा कि भारतीय संस्कृति में धर्म ही अर्थ का मार्गदर्शन करता है और लाभ के साथ उत्तरदायित्व का होना अनिवार्य है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि आर्थिक प्रगति केवल मुनाफ़े तक सीमित नहीं होनी चाहिए बल्कि सामाजिक दायित्वों से भी जुड़ी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें मैकाले आधारित शिक्षा प्रणाली से बाहर निकलकर अपने प्राचीन मूल्यों में पुनः निवेश करना होगा। सदियों तक विश्व अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी लगभग 30 प्रतिशत रही लेकिन यूरोपीय शक्तियों के आगमन के साथ अनेक नकारात्मक घटनाएं घटीं और देश का बड़े पैमाने पर शोषण हुआ। उन्होंने कहा कि एक हिंदू इकोनॉमिक फोरम की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जिसका अब गठन हो चुका है और यह प्रभावी ढंग से कार्य कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि इस फोरम को सफल होने में एक वर्ष लगे या दस वर्ष, अंततः यह अवश्य सफल होगा। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम को सहयोग और संवाद का एक महत्वपूर्ण मंच बताया। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम संपर्क और सहयोग स्थापित करने का एक प्रभावी माध्यम है। हमारी आर्थिक प्रणाली के मूल में एक अंतर्निहित हिंदू दर्शन है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भारत की बढ़ती वैश्विक भूमिका और आर्थिक विकास में राज्यों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

# 1000 मीट्रिक टन क्षमता वाले पैक्स गोदाम का सहकारिता मंत्री ने किया उद्घाटन



नवबिहार टाइम्स संवाददता

**दनियावां (पटना)।** दनियावां प्रखंड अंतर्गत सिंगरियावां गांव में 1000 मीट्रिक टन क्षमता वाले पैक्स गोदाम का उद्घाटन बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री वन एवं पर्यावरण प्रमोद कुमार चंद्रवंशी द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय बख्तियारपुर विधायक अरुण कुमार साह उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता पैक्स अध्यक्ष प्रेमजीत कुमार उर्फ अजीत मुखिया ने किया। जबकि मंच संचालन सामाजिक कार्यकर्ता सह स्वतंत्रता सेनानी के पुत्र विपिन बिहारी निर्मल द्वारा किया गया। समारोह में इस पैक्स के प्रबंधक प्रसिद्ध कुमार, भाजपा के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार, प्रखंड भाजपा मंडल अध्यक्ष रवि प्रकाश, प्रखंड अध्यक्ष जदयू सह मुखिया नवनीत कुमार, प्रखंड अध्यक्ष (लोजपाआर) रंजीत कुमार, पूर्व उप प्रमुख लालाबाबू बिंद, सिंगरियावां पंचायत की मुखिया रूबी कुमारी, समाजसेवी सह शिक्षाप्रेमी दिलीप कुमार, पैक्स के कार्यकारिणी के सदस्यगण सहित पंचायत के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। अपने संबोधन में मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि सिंगरियावां पैक्स गोदाम के निर्माण से किसानों को भंडारण की बेहतर सुविधा मिलेगी, बिचौलियों पर निर्भरता कम होगी और सहकारिता व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने किसानों से सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। समारोह के दौरान पैक्स अध्यक्ष प्रेमजीत कुमार ने माननीय मंत्री को शॉल, बुके और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।अन्य अतिथियों का भी पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ, जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# बजाज फाइनेंस ने रहमतगंज को 21 रनों से हराया

नवबिहार टाइम्स संवाददता

**मसौढ़ी।** गांधी मैदान में चल रहे शहीद संजय सिन्हा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत रविवार को बजाज फाइनेंस क्रिकेट टीम और वाइएमसी रहमतगंज के बीच मुकाबला खेला गया। रोमांचक मैच में बजाज फाइनेंस की टीम ने सधी हुई गेंदबाजी और अनुशासित खेल के दम पर 21 रन से जीत दर्ज की। टॉस जीतकर रहमतगंज की टीम ने पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। इसके बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी बजाज फाइनेंस की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 83 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी



रहमतगंज की टीम बजाज फाइनेंस के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और पूरी टीम 62 रन पर ऑलआउट हो गई। बजाज फाइनेंस की जीत में गेंदबाजों की भूमिका अहम रही। शानदार गेंदबाजी के लिए टीम के खिलाड़ी शशि कुमार भूलन को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। उन्होंने महत्वपूर्ण मौकों पर हैट्रिक विकेट लेकर मैच का रुख अपनी टीम के पक्ष में मोड़ दिया। मैच के दौरान बजाज फाइनेंस बिहार के रीजनल मैनेजर लोकेश चंद्रा, आयोजक शशि भारत, विकास पटेल, आलोक कुमार, राजन कुमार, रजनीश कुमार, आशीष कुमार, आदित्य कुमार, राकेश कुमार, चितरंजन कुमार, अविनाश कुमार, उज्जवल शर्मा, आनंद कुमार और सौरभ कुमार सुमन समेत बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। टूर्नामेंट में लगातार हो रहे मुकाबलों से गांधी मैदान का माहौल पूरी तरह क्रिकेटमय बना हुआ है और दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

# ठंड को देखते हुए 10 जगहों पर जलाये जा रहे अलाव

नवबिहार टाइम्स संवाददता

**मसौढ़ी।** लगातार बढ़ रही ठंड को देखते हुए नगर परिषद की ओर से आम लोगों के बचाव के लिए मसौढ़ी शहर के चयनित 10 जगहो पर अलाव की व्यवस्था की गई है। शाम ढलते ही चौक-चौराहों पर अलाव जलाया गया, ताकि देर रात सड़कों पर काम करने वाले मजदूर, रिक्शा एवं ठेला चालक, फुटकर व्यवसायी, राहगीर और अन्य जरूरतमंद नागरिकों को ठंड से राहत मिल सके। नगर परिषद के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि शंभू कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने शहर के प्रमुख चौराहों, बाजार क्षेत्रों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन मार्ग, भीड़भाड़ वाले इलाकों तथा उन स्थानों की पहचान की है, जहां देर रात अधिक लोग मौजूद रहते हैं। इन स्थानों पर प्राथमिकता के आधार पर अलाव की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था पूरे शीतकालीन मौसम भर जारी



रहेगी एवं शहर में कोई भी नागरिक ठंड से परेशान न हो, इस दिशा में हर संभव कदम उठाया जाएगा। नगर परिषद के अधिकारियों ने बताया कि टीम को नियमित रूप से शहर का निरीक्षण करने, अलाव की स्थिति की मॉनिटरिंग करने और जरूरत पड़ने पर नए स्थानों पर अलाव की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है।

# 1500 किलो जावा गुड़ महुआ को किया गया नष्ट

## ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे हैं अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददता

**मसौढ़ी।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान रविवार को लहसुना पुलिस ने कई क्षेत्रों में छापेमारी कर 1500 किलो गुड जावा महुआ शराब का घोल को नष्ट किया गया है। लहसुना थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि चपौर और गुरपतिचक समेत कई.इलाकों में लगातार शराब बनाने की शिकायतें मिल रही थी, सूचना को सत्यापन करते हुए रविवार को टीम गठित करते हुए सघन छापेमारी की गई है जहां पर 1500 किलो गुड़ जावा महुआ का घोल को जप्त किया गया है और उसे नष्ट करने की कार्रवाई की गई है। हालांकि इस सघन छापेमारी के दौरान शराब माफिया भागने में सफल रहे हैं, लेकिन जिन-जिन घरों में शराब महुआ का घोल जप्त की गई है उसे चिन्हित कर कार्रवाई की जा रही है। और यह अभियान लगातार चलते रहेगा इस छापेमारी के दौरान शराब माफिया के बीच हड़कंप मची रही।

### 450 लीटर देसी शराब के साथ सप्लायर गिरफ्तार

**मसौढ़ी।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे हैं। अभियान के दौरान रविवार को पीपरा पुलिस ने एक ऑटो पर लदे हुए बोरे में छुपा कर 450 लीटर देसी शराब के साथ सप्लायर को गिरफ्तार किया है। दरअसल लगातार सूचना मिल रही थी की पिपरा थाना क्षेत्र के कई जगहों से शराब की सप्लाई हो रही है जहां छापेमारी के दौरा 450 लीटर अवैध देशी शराब के साथ 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया एवं शराब परिवहन में प्रयुक्त 01 टेम्पू भी जब्त किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पैमार के पास से शराब को जप्त किया गया है। यह मीठापुर पटना सप्लाई करने के लिए ले जा रहा था, जिसे गुप्त सूचना के आधार पर जप्त किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार और अपील लगातार ऑटो के जरिए बोरे में शराब भरकर अन्य जगहों पर लगातार सप्लाई कर रहा था ऐसे में आज उसे गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया है।

# मसौढ़ी में पीली चुनरिया सी दिख रही खेत, किसानों के चेहरे पर खुशी की लहर

शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** कहा जाता है कि धरती जब धानी चुनर ओढ़ ले और मौसम सुहावना लगने लगे तभी यह वसंत ऋतु का आगमन का संदेश होता है. इन दिनों कुछ ऐसा ही नजारा मसौढ़ी के ग्रामीण इलाकों में देखने को मिल रही है। जहां पर पीले पीले सरसों के फूल खेतों में देखकर ऐसा लग रहा है जैसे खेतों में सोने की छटा बिखरी है। इसी के तहत मसौढ़ी प्रखंड के खेत खलिहानों में सरसों की उपज के बाद किसानों में काफी खुशी दिख रही है। सारे किसानों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिल रहा है।



सरकार ने तिलहन खेती में पैदावार को बढ़ाने के लिए सरकार ने मस्टर्ड मिशन योजना की शुरुआत की थी। इसके तहत किसानों को मुफ्त में सरसों कीट का वितरण किया था। इस योजना के तहत महिला किसानों को 33% आरक्षण भी दिया जाता है। बताया जाता है कि पूरे मसौढी प्रखंड में 250 किसानों के बीच सरसों के कीट का मुफ्त में वितरण करने के साथ जिले के 210 हेक्टेयर जमीन में इन बीजों को लगाने के लिए लक्ष्य निर्धारित की गई थी। जिसके बाद पटना के ग्रामीण इलाकों में सरसों के बीज लगाए गए और आज इस बीज से सरसों के फूल खेतों में सजने लगे हैं। ऐसे में किसान पीली सरसों की खेती करने के बाद अच्छी पैदावार होने की उम्मीद लगाए हुए हैं।किसानों के अनुसार खेतों में छाई हरियाली और पीले फूलों के मनमोहक खुशबू का यह मनोरम दृश्य देखकर किसानों के चेहरे पर मुस्कान आ गई है। सरसों की फसल से धानी चुनर पहने हरितमा सुशोभित दिख रहा है। पूरे मसौढ़ी प्रखंड में 210 हेक्टेयर में सरसों की खेती करने के बाद पीला सरसों से किसान आत्मनिर्भर और समृद्ध बन रहे हैं।

# जिले में 48 प्रतिशत लाभुकों का बना है आयुष्मान कार्ड

नवबिहार टाइम्स संवाददता

**औरंगाबाद।** पीड़ित मानवता की सेवा के प्रति समर्पित औरंगाबाद की स्वयं सेवी संस्था पथ प्रदर्शक के संस्थापक सह सचिव बमेंद्र कुमार सिंह ने शनिवार को महिलाओं को आयुष्मान भारत योजना के प्रति जागरूक कर लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। सदर प्रखण्ड के कोयरी बीघा खड़ीहा के महिलाओं से मिलकर बमेंद्र ने आयुष्मान भारत योजना के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी। बमेंद्र ने बताया कि गरीबों के लिए स्वास्थ्य संबंधित यह एक अत्यंत लाभकारी योजना है जिसका लाभ उन्हें लेना चाहिए। इस योजना के तहत प्रति परिवार



प्रति वर्ष पांच लाख रुपए तक बीमारी में खर्च का प्रावधान है।कुंती देवी, सीता देवी, रुनकी देवी, देवमतिया देवी ने बताया कि आयुष्मान भारत कार्ड उनका बना है और कुछ लोगों ने लाभ भी लिया है, परंतु पूरी जानकारी उन्हें नहीं है। बता दें कि संस्था पथ प्रदर्शक द्वारा लगातार 2021 से ही ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष्मान भारत के प्रति लाभुकों को जागरूक किया जा रहा है। संस्था द्वारा कार्ड बनवाने के लिए समय समय पर निःशुल्क शिविर का भी आयोजन किया जाता रहा है। संस्था द्वारा वय वंदना कार्ड के लिए भी बुजुर्गों को जागरूक किया जाता है। पथ प्रदर्शक के प्रयास से सैकड़ों लाभुकों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ भी दिलाया जा चुका है। आयुष्मान भारत औरंगाबाद इकाई के डीपीसी रणजीत कुमार ने बताया की सरकार द्वारा भी लगातार शिविर आयोजित कर लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनवाया गया है। औरंगाबाद जिला में आयुष्मान भारत योजना के लाभुकों की कुल संख्या 2020464 है।अब तक 48 प्रतिशत यानी कुल 908964 लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बन चुका है।

# पत्रकार कल्याण कोष के गठन का लिया गया निर्णय

## अनुमंडल पत्रकार यूनियन की बैठक आयोजित, कई अन्य मुद्दों पर हुई चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददता

**मसौढ़ी।** अनुमंडल पत्रकार यूनियन की वर्ष 2025 की अंतिम बैठक रविवार को आहूत की गई, जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने की। संचालन सचिव शशि तुलस्यान ने की। मौके पर यूनियन के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित रहे। इस विशेष बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। आने वाले नए साल वर्ष 2026 में विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के क्रियाकलाप पर चर्चा की गई, इसके अलावा वर्ष 2025 के सारे गतिविधियों पर संपुष्टि करते हुए आय व्यय कि संपुष्टि की गई। इसके अलावा नए साल में कई



प्रमुख योजनाओं पर चर्चा की गई, जिसमें यूनियन के बैनर तले गरीब असहयों के बीच कंबल वितरण करना के साथ-साथ मसौढ़ी अनुमंडल में अनुमंडल स्तरीय प्रेस क्लब बनाने, पत्रकार कल्याण कोष का गठन करते हुए का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा पत्रकारों की मान सम्मान सुरक्षा के साथ सभी प्रशासन के पदाधिकारी के साथ सामंजस बनाने पर भी चर्चा की गई खासकर सामाजिक मुद्दों पर विशेष तौर पर न्यूज कवरेज करने का भी निर्णय लिया गया है। मौके पर अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, उपाध्यक्ष नागेंद्र कुमार सिन्हा, प्रभंजन कुमार सिंह, राजेश कुमार ऊर्फ सोनू, महासचिव अरुण कुमार, सचिव शशि तुलस्यान, संयुक्त सचिव अजय कुमार एवं अरविंद कुमार, संगठन सचिव ललित नारायण सिंह, कोषाध्यक्ष अजय कुमार बबलू सह कोषाध्यक्ष मो. शाहनवाज अहमद शामिल रहे।

# भगवानगंज के समस्तीचक एवं खरौना में विधायक अरुण मांझी का

नवबिहार टाइम्स संवाददता

**मसौढी।** मसौढी के भगवानगंज इलाके में नवनिर्वाचित विधायक अरुण मांझी का नागरिक अभिनंदन किया गया। जहां पर समस्तीचख में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सुधीर कुमार ने की एवं खरौना गांव में हुए नागरिक अभिनंदन में अध्यक्षता दिनेश कुमार ने की। मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण जनता का जुटान हुआ। कार्यक्रम मे जनसंबोधन करते हुए नवनिर्वाचित विधायक अरुण मांझी ने कहा कि समस्तीचक में ग्रामीणों के द्वारा जो भी मांग रखी गई है उसे पूर्ण रूप से विचार होगा और मेरे तरफ से आश्वासन दिया गया है कि जल्द ही आपके गांव में सड़क एवं मोरहर नदी पर पुल बनेगा। वही खरौना गांव



वासी को छठ घाट बनाने का भी आश्वासन दिया एवं जो भी काम अब तक अधूरे रह गए हैं वह पूरा होगा। हम मसौढ़ी विधानसभा में विधायक बनकर राज करने नहीं आए हैं बल्कि बेटा और भाई बनकर आप सबों के बीच सेवा करने आए हैं। हम खुद पूरे मसौढ़ी विधानसभा क्षेत्र में घूम-घूम कर सभी समस्याओं पर बारीकी से आकलन कर खुद इसकी मॉनीटरिंग कर रहे हैं और हर गांव में हमने सभी जदयू के पंचायत अध्यक्षों से और प्रखंड अध्यक्षों से हमने गुजारिश की है कि हर गांव में जो भी समस्या है उसे मिल बैठकर हमें बताएं और उसे पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर सुनील कुमार वर्मा प्रखंड अध्यक्ष जदयू, देवेन्द्र कुमार सिंह तकनीकी प्रकोष्ठ, रविन्द्र प्रसाद सिंह विधानसभा प्रभारी, लाल मोहन सिंह चन्द मोहन पटेल, रंजित पटेल, रामकुमार सिंह, भारत प्रसाद सिंह, सुदामा शर्मा जिला उपाध्यक्ष जदयू पटना आदि थे।

# अंतर्राज्यीय गिरोह के छह अपराधी गिरफ्तार

## महिला की हत्या कर डकैती की घटना को दिया था अंजाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले की गोह पुलिस ने अंतर्राज्यीय आपराधिक गिरोह का पर्दाफाश किया है। साथ ही गिरोह के छह बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। इनके विरूद्ध मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात एवं बिहार में कई आपराधिक कांड दर्ज है। पकड़े गए बदमाशों में मध्य प्रदेश के गुना जिला अंतर्गत केंट थाना क्षेत्र के पटेल नगर निवासी नरसिम्हा पारदी उर्फ नरसिंगा उर्फ नरसिन्हा पारदी (32), धरम पारदी (50), भोपाल जिले के भोपाल थाना थाना क्षेत्र निवासी काशी (30), उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद जिले के दारागंज थाना अंतर्गत इलाहाबाद निवासी सौरभ माली (38), अभय माली (20) एवं झांसी जिले के झांसी निवासी अनुज आदिवासी (35) के रूप में की गई। इनके पास से चोरी का दो पीस सोने जैसा झुमका, दो पीस अन्य सोने की वस्तु, चांदी जैसा पुराना पायल एक जोड़ा, दो पीस चांदी का पान पत्ता, एक पीस चांदी जैसा अन्नत एवं एक पीस सोने जैसा धातु का मंगलसूत्र बरामद किया गया है। दरअसल घटना 1 अक्टूबर 2025 की है। गोह थाना क्षेत्र के मीरपुर टोला प्रयाग बिगहा में देर रात चोर घर में घुसे और चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे थे। इसी क्रम में गृह स्वामिनी अंजनी देवी की नींद खुल गई। जब उसने विरोध किया तो चोरों ने अंजनी देवी के सिर पर लोहे की रॉड और डंडे से मारपीट कर हत्या कर मौके से फरार हो गए थे। कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के निर्देश पर दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक दास के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। गठित एसआईटी द्वारा तकनीकी विश्लेषण, आसूचना संकलन एवं लगातार प्रयास के उपरांत उस कांड में संलिप्त छह अभियुक्तों को गया जिले के कोछ तालाब के पास से गिरफ्तार किया गया। इनकी निशानदेही पर चोरी की गई सोने चांदी के बने आभूषण को बरामद किया गया। प्रेसवार्ता के दौरान दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक दास ने बताया कि बदमाशों ने पूछताछ में अपना-अपना अपराध स्वीकार किया। नरसिम्हा पारदी ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि चोरी करने से पहले दिन में ही सुनसान एवं बंद घरों की रेकी कर चोरी तथा गृहभेदन की घटनाओं को अंजाम दिया करते हैं। अंजनी देवी के घर में चोरी के उद्देश्य से प्रवेश किया परन्तु महिला के नींद से जगे और विरोध करने पर हमलोगों के द्वारा लोहे की रॉड से हमला कर उसकी हत्या कर दी गयी थी। इसके पश्चात उसके घर से सोने एवं चांदी के बने आभूषण तथा 15 हज़ार रूपये की चोरी कर ली। बदमाशों ने बताया कि गोह थाना क्षेत्र के अलावे जम्होर एवं नगर थाना, औरंगाबाद के क्षेत्रों में भी कई घटनाओं को भी अंजाम दिया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों के विरूद्ध मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात एवं बिहार में कई आपराधिक कांड पूर्व में दर्ज पाये गये हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के द्वारा सहयोगियों के साथ मिलकर एक अंतर्राज्यीय आपराधिक गिरोह के रूप में कार्य करते थे। उन्होंने बताया कि सभी बदमाशों का अस्थायी पता गया जिले के कोच थाना क्षेत्र के कोच पोखरा है। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### सटीक, निष्पक्ष व तेज रिपोर्टिंग पर नवबिहार टाइम्स का जोर

# जन सरोकार से जुड़ी खबरों को मिलेगी प्राथमिकता : कमल किशोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** बिहार एवं झारखंड के प्रमुख दैनिक नवबिहार टाइम्स ने सटीक, सही, निष्पक्ष एवं तेज रिपोर्टिंग को और अधिक मजबूत करने तथा जन सरोकार से जुड़ी खबरों को प्रमुखता देने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया है। यह निर्णय औरंगाबाद के बियाडा सेंटर स्थित नवबिहार टाइम्स परिसर में आयोजित नबिटा के बिहार एवं झारखंड के संपादकीय टीम तथा संवाददाताओं की बैठक में लिया गया। बैठक में बिहार एवं झारखंड के सभी ब्यूरो चीफ, वरिष्ठ संवाददाता एवं जिला प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य संगठनात्मक मजबूती, पत्रकारिता की गुणवत्ता में सुधार तथा पाठकों के विश्वास को और सुदृढ़ करना था। बैठक को संबोधित करते हुए नवबिहार टाइम्स के संपादक कमल किशोर ने कहा कि निष्पक्ष, तथ्यपरक और जिम्मेदार पत्रकारिता ही किसी भी समाचार पत्र की पहचान होती है। उन्होंने कहा कि संवाददाता जमीनी हकीकत पर आधारित खबरें लिखें और आम जनता की समस्याओं, सामाजिक सरोकार, विकास कार्यों तथा सकारात्मक पहलों को प्रमुखता दें। संपादक ने यह भी कहा कि खबरों में सत्यता, संतुलन और भाषा की शुद्धता के साथ-साथ समयबद्धता अत्यंत आवश्यक है। बदलते डिजिटल दौर में पाठकों की अपेक्षाएं बढ़ी हैं, ऐसे में तेज और विश्वसनीय समाचार प्रस्तुत करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। बैठक में वर्षभर की कार्ययोजना, संवाददाताओं की भूमिका, खबरों की प्रस्तुति एवं विस्तार पर भी विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही बेहतर कार्य करने वाले प्रतिनिधियों को संपादक द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं सभी पत्रकारों से टीम भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया। अंत में सभी उपस्थित पत्रकारों को नववर्ष के अवसर पर उपहार, डायरी एवं कैलेंडर भेंट कर शुभकामनाओं के साथ विदा किया गया। मौके पर संपादकीय सलाहकार प्रेमेंद्र कुमार मिश्र, मुख्य उप संपादक मुकेश कुमार सिंह, उप संपादक अजय कुमार श्रीवास्तव, बोकारो के संपादक मनोज विशाल, प्रबंधन टीम के दीनदयाल शर्मा, अमित अमन, संयुक्त प्रबंध निदेशक कौस्तुभ किशोर, पत्रकार सूरज कुमार, पूर्णानन्द उपाध्याय, अनिल कुमार, रंजन कुमार, पटना कार्यालय के मदन कुमार, सुबोध शंकर, नवादा के पंकज कुमार सिन्हा, बिहारशरीफ के राजीव कुमार, रोहतास के मदन कुमार, हजारीबाग के नवीन सिन्हा, विज्ञापन के मुख्य प्रबंधक अटल कुमार सिंह, मदन मोहन श्रीवास्तव, प्रभंजन मिश्रा के अलावा विभिन्न जिलों के संवाददाताओं ने भाग लिया।

# विद्युत चोरी मामले में कई लोगों पर प्राथमिकी

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बिजली विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। मुख्यालय के निर्देशानुसार विद्युत आपूर्ति प्रशाखा शहरी-2 के कनीय विद्युत अभियंता राजू प्रसाद गुप्ता एवं बिजली विभाग की टीम ने शहर के नावाडीह मोहल्ले में सैयद मुमताज़ अहमद के व्यावसायिक परिसर पर 122062 एवं उनके ही आवासीय परिसर पर 168782 रुपये, सत्येंद्रनगर निवासी चिंता देवी पर 223786, पटेल कॉलोनी निवासी संतोष कुमार सिंह पर 77584 एवं मुकेश कुमार सिंह पर 20546 रूपया, ब्लॉक के पास की निवासी मनोरमा देवी पर 31913 एवं राजीव कुमार पर 83668 रुपये का जुर्माना लगाते हुए नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। साथ ही सभी उपभोक्ताओं से अपील की कि अपना बकाया बिजली बिल जमा करें अन्यथा उनका बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा एवं बिना भुगतान किये बिजली जलाने पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

# आइएमए, औरंगाबाद ने किया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों मरीजों की जांच कर किया गया उपचार, दी गई दवाइयां

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**






**औरंगाबाद।** गरीबों तथा जरूरतमंदों को बीमारी में इलाज के माध्यम से सेवा करने के लिए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन औरंगाबाद की शाखा आगे आई है। इस कड़ी में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) औरंगाबाद की तरफ से रविवार को आईएमए हॉल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विभागों के स्पेशलिस्ट चिकित्सकों ने जिले भर के सैकड़ो मरीजों का जांच कर इलाज किया और उन्हें निशुल्क रूप से दवा भी दी। स्वास्थ्य शिविर में सिविल सर्जन डॉ लालसा सिन्हा के अलावा आईएमए के अध्यक्ष डॉ आर एस गुप्ता, सचिव डॉ राजीव कुमार, कोषाध्यक्ष डॉ विनय कुमार सिंह, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ शीला वर्मा, डॉ विकास कुमार सिन्हा, डॉ वीरेंद्र कुमार सिंह समेत विभिन्न डॉक्टर मौजूद रहे। सिविल सर्जन डॉ लालसा सिन्हा ने कहा कि आईएमए के द्वारा शुरू की गई यह पहल काफी सराहनीय है। इसके माध्यम से सैकड़ो जरूरतमंदों को लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि किसी भी बीमारी का सही जांच और इलाज जरूरी है। समय पर इलाज होने से बड़ी बीमारी भी खत्म हो जाती है। सचिव डॉ राजीव कुमार ने कहा कि इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सभी विभागों के चिकित्सक मौजूद थे जिन्होंने मरीजों के हर तरह की बीमारी का जांच कर इलाज किया। साथ ही उन्हें दवा भी दी गई। शिविर में जेनरल फिजिसियन, शिशु रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, यूरोलॉजिस्ट, दांत रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ के अलावा कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शामिल थे। उन्होंने बताया कि आईएमए जरूरतमंदों की सेवा में सदैव तत्पर रहता है और आगे भी सामाजिक कार्यों के माध्यम से लोगों की सेवा की जाएगी।

# हत्या सहित अन्य मामलों में 20 आरोपितों को भेजा जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई किया है। अलग-अलग मामलों में 42 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 20 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या के शीर्ष 6, हत्या के प्रयास में 3, शराब कांड में 8 एवं अन्य शीर्ष कांड में 25 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 124.90 लीटर देसी शराब, 0.375 लीटर विदेशी शराब, 3 मोबाइल, 1 बाइक, 599 किलोग्राम महुआ, 43 किलोग्राम गुड़ बरामद किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1034 वाहनों की जांच की गई जिसमें 89000 रूपये बरामद किया गया है। इसके अलावा 58 वारंट एवं 8 कुर्की का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार जिले में अपराध नियंत्रण एवं मादक प्रदार्थों पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार की देर शाम कार्रवाई के फलस्वरूप अलग-अलग थाना क्षेत्र से 56 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 24 लोगों को जेल भेजा गया है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा ताकि जिले में शांति व्यवस्था कायम रहे। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लंबित मामलों की जांच में तेजी लाएं और समय रहते गंभीर अपराधों का खुलासा करें, एसपी ने आम जनता से भी अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके और समाज में शांति व सुरक्षा का माहौल बना रहे। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी के पास भी नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी सूचना हो तो पुलिस से साझा करें सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# हड्डी एवं नस रोग से पीड़ित मरीजों की उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में रविवार की सुबह आठ बजे से लेकर दोपहर दो बजे तक हड्डी एवं नस के रोग से पीड़ित मरीजों की भीड़ उमड़ी रही। मरीजों ने बताया कि सदर अस्पताल में इस रोग से संबंधित एकमात्र चिकित्सक डॉक्टर विकास कुमार सिंह है और उनकी ड्यूटी सप्ताह में एक ही दिन सदर अस्पताल में है। ऐसी स्थिति में इनसे इलाज कराने के लिए एक सप्ताह का इंतजार करना पड़ता है। आज उनसे दिखाने के लिए सदर अस्पताल में भीड़ उमड़ पड़ी। सदर अस्पताल में इलाज के लिए सदर प्रखंड के अलावे मदनपुर, कुटुंबा, अंबा, रफीगंज, बारून, ओबरा एवं दाउदनगर से म रीज पहुंचे और अपना इलाज कराया। लेकिन जिन मरीजों को जांच लिखे गए फिर उन्हें एक सप्ताह तक इंतजार करना पड़ेगा जिसको लेकर मरीजों ने इनकी सेवा सदर अ स्पताल में एक दिन और कराने की मांग उठाई है। राजद के वरीय नेता सह प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ई. सुबोध कुमार सिंह ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार की बात लगातार करती है। औरंगाबाद सदर अस्पताल में हड्डी एवं नस रोग के विशेषज्ञ के रूप में एकमात्र चिकित्सक डॉ विकास प्रतिनियुक्त है। हालांकि अल्प संसाधन में भी वे बेहतर सेवा दे रहे है। लेकिन सरकार द्वारा सदर अस्पताल में हड्डी एवं नस रोग से संबंधित कई आवश्यक सामग्रियां और मशीन नहीं लगाई गई है जिससे कि इस रोग से संबंधित मरीजों को और भी बेहतर सेवा प्रदान किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में बिल्कुल ही फ़ेल है। सरकार को व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए सदर अस्पताल में हड्डी के अलावे और चिकित्सकों की प्रतिनियुक्त करने की आवश्यकत ताकि हड्डी हो या अन्य प्रकार के रोगों का समुचित इलाज़ संभव हो सकते है।

# हत्या का प्रयास के मामले में दो गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जमीनी विवाद में हत्या प्रयास व मारपीट मामले में दो अभियुक्तों को माली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान थाना क्षेत्र सोरी गांव निवासी छोटू ठाकुर एवं सुरेंद्र ठाकुर के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष दीपक राय ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई थी जिसमें पीड़ित पक्ष ने अभियुक्तों के खिलाफ बीते 14 नवंबर को प्राथमिकी दर्ज करवाई थी जिसमें मामले की पुष्टि की गई। इसी क्रम में रविवार को दोनों पकड़े गए। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत दोनों को जेल भेज दिया गया।

# नितिन नवीन के पटना आगमन से औरंगाबादवासियों में हर्ष का माहौल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का कार्यभार संभालने के बाद नितिन नवीन का 23 दिसंबर को नई दिल्ली से पटना आगमन को लेकर औरंगाबाद वासियों में अपार हर्ष का माहौल है। उनके पटना आगमन पर स्वागत करने एवं बधाई देने के लिए औरंगाबाद से भारी संख्या में लोग राजधानी पहुंचेंगे। भारतीय जनता पार्टी के औरंगाबाद सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि नितिन नवीन का औरंगाबाद से काफी पुराना रिश्ता है। औरंगाबाद शहर में ही उनका ननिहाल है इससे औरंगाबाद के लोगों की खुशी दोगुनी हो गई है। नितिन नवीन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद औरंगाबाद के लोगों को डबल इंजन की सरकार से काफी उम्मीदें हैं तथा लोग इस बात की चर्चा कर रहे हैं कि नितिन नवीन औरंगाबाद के लिए निश्चित रूप से केंद्र सरकार से विशेष योजना धरातल पर उतारने में सफल होंगे। श्री सिंह ने उनके राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष चुने जाने को लेकर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जब वह बिहार में मंत्री थे उस समय भी हम लोगों के लिए काफी मददगार रहे हैं तथा कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद हमलोग काफी प्रसन्न है एवं सहायता की उम्मीदें बढ़ीं हैं।

# चोरी हुआ पिकअप बरामद

**दाउदनगर(नबिटा संवाददाता)।** दाउदनगर पुलिस ने पुराना शहर, चर्च रोड से वार्ड पार्षद जय गोविंद प्रसाद के चोरी गये पिकअप को बरामद कर लिया है। अज्ञात चोरों ने इसे चोरी कर अरवल जिले के बैदराबाद क्षेत्र में खड़ा कर दिया था। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली, जिसके आधार पर टीम तुरंत मौके पर पहुंची और वाहन की पहचान कर सुरक्षित बरामद किया। बरामद वाहन को दाउदनगर थाना लाकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। विकास कुमार ने कहा कि मामले में जांच जारी है और चोरी में शामिल आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस लगातार क्षेत्र में गश्त और निगरानी बढ़ा रही है ताकि वाहन चोरी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। वाहन मालिक और स्थानीय लोग पुलिस की त्वरित कार्रवाई से संतुष्ट हैं।

# बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का फूंका पुतला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर कथित रूप से बढ़ रहे अत्याचार, हिंसा और हत्याओं की घटनाओं को लेकर देशभर में रोष व्याप्त है। इसी क्रम में रविवार को जिले के ओबरा में विश्व हिन्दू परिषद, हिन्दू युवा वाहिनी एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से आक्रोश मार्च निकाला। इस दौरान बांग्लादेश मुर्दाबाद आदि नारे लगाए। इस विरोध मार्च का नेतृत्व हिन्दू चन्दन ने किया, जिसमें बड़ी संख्या में संगठन से जुड़े लोग और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। आक्रोश मार्च प्रखंड मुख्यालय स्थित बेल मोड़ से प्रारंभ होकर मुख्य सड़क एनएच-139 होते हुए सब्जी मंडी तक पहुंचा। मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचारों के विरोध में जमकर नारेबाजी की। सब्जी मंडी पहुंचने पर बांग्लादेश के सत्ता प्रमुख मोहम्मद यूनुस का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया गया। इस विरोध प्रदर्शन में सहजानंद कुमार डिक्कू, नवलेश मिश्रा, आनंद विश्वकर्मा, शेखर कुमार, गौरव कुमार, अमित कुमार, बाबुनंद, लव कुमार, अजीत कुमार, सुमित कुमार, दीपक कुमार, पिंटू कुमार, कल्लू आदि उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# पार्टी के प्रति समर्पण को देख भाजपा ने संजय सरावगी को बनाया प्रदेश अध्यक्ष : ओमप्रकाश

## संजय सरावगी के प्रदेश अध्यक्ष बनने से औरंगाबाद के वैश्य परिवार में खुशी की लहर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद भाजपा के वरिष्ठ वैश्य नेता सह अधिवक्ता ओमप्रकाश गुप्ता ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने संजय सरावगी की महान छवि को देखकर ही उन्हें बिहार का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है। इनके प्रदेश अध्यक्ष बनने से औरंगाबाद के वैश्य परिवार में खुशी की लहर है। श्री गुप्ता ने कहा कि संजय सरावगी का बिहार के दरभंगा जिले में 1969 में जन्म हुआ। उन्होंने शिक्षा में एमबीए की डिग्री हासिल की, फिर उनके राजनीतिक करियर की शुरुआत एबीवीपी छात्र संगठन से शुरू हुआ। पहले अपने वार्ड का वार्ड आयुक्त बने, फिर वर्ष 2005 में दरभंगा जिले के विधायक निर्वाचित हुए। 2005 से लेकर 2025 तक विधायक बने। 2025 में उन्हें भूमि एवं सुधार राजस्व मंत्री बनाया गया। अपने जिले में जनता के विश्वास को हमेशा कायम रखें। जनता के सुख-दुख में हमेशा साथ रहे। इनका जीवन हमेशा सादगी से भरा रहता है। आज भी अपने क्षेत्र में वे पुरानी स्कूटर से चलते हैं। इनकी सोच एवं व्यवहार हमेशा जनता के प्रति समर्पित रहता है। प्रदेश अध्यक्ष बनने पर संजय सरावगी ने पूरे बिहार प्रदेश के सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी और कहा कि यह आप लोगों का आशीर्वाद है जो मैं यहां तक पहुंचा हूं। मैं सभी कार्यकर्ताओं की कमी को अवश्य पूरा करूंगा। प्रदेश अध्यक्ष को बधाई देने वालों में औरंगाबाद नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता, पूर्व नगर अध्यक्ष अनिल गुप्ता, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी गौरव अकेला, गिव एंड टेक के सुनील गुप्ता, फुटपाथ संघ के दिलीप गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि अमित गुप्ता, हलवाई संघ के राजेश गुप्ता, आर्यन महाजन के राहुल राज, व्यवसायी अजीत चंद्रा, राकेश गुप्ता, संतोष गुप्ता, अरुण गुप्ता, लूटन गुप्ता, लखन गुप्ता, रितेश गुप्ता, मंतोष गुप्ता, टीपू गुप्ता, पंकज स्वर्णकार, राजकुमार लहरी आदि शामिल हैं।

